# पक्ष-विपक्ष में तकरार, पुलिया और बांध-आहर पर घमासान

## विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन होती रही पक्ष-विपक्ष के बीच नोंक-झोंक

**उदय चौहान**

**रांची।** शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरूवार को पक्ष-विपक्ष के बीच तकरार चलता रहा। हालांकि, शुरूआती हंगामें के बाद प्रश्न काल चलाने में स्पीकर रवींद्र नाथ महतो सफल रहे। लेकिन, मंत्री व भाजपा विधायकों के बीच भिडंत को स्पीकर भी रोक नहीं सके। सबसे दिलचस्प रहा मंत्री मिथिलेश ठाकुर व भाजपा विधायक अमर बाउरी के बीच के तकरार का। दरअसल, बांध-आहर पर दोनों नेता भिड़ गये। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अमर बाउरी एक सवाल के जवाब में कहा कि पूर्व मंत्री श्री बाउरी को बांध व आहर में फर्क समझ में नहीं आ रहा है। श्री बाउरी ने चंदनक्यारी के डाबर बांध को लेकर सवाल पूछा था। इस पर मंत्री ने कहा कि डाबर बांध नहीं बल्कि आहर है। उन्होंने यह भी कहा कि आहर उनके विभाग के अंतर्गत नहीं आता है। इसलिये, इस प्रश्न का जवाब देना जरूरी नहीं है। मंत्री के इस जवाब से श्री बाउरी भड़क गये




और कहा कि मंत्री जी काम-धाम करते नहीं है। मंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप भी चस्पा कर दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री के इस तरह के आचरण के लिये स्पीकर को डांट पिलानी चाहिये। उधर, पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक नीलकंठ मुंडा भी मंत्री मिथिलेश ठाकुर से उलझ गये। दोनों के बीच गरमा-गरम बहस हुई। दरअसल, नीलकंठ सिंह मुंडा ने अपने क्षेत्र के एक पुलिया के निर्माण का सवाल किया था। जिसका जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि इन्होंने मंत्री रहते क्षेत्र में कुछ किया ही नहीं। अब उनके मुंह में हाथ डलकर जबरन पुल निर्माण का जवाब चाहते हैं। इनके क्षेत्र में न तो ढंग की सड़क है न ही पुल-पुलिया। मंत्री के जवाब के बाद नीलकंठ सिंह मुंडा कहां चुप रहने वाले थे। उन्होंने कहा कि ने बिना क्षेत्र में काम किए ही वे पांच बार विधायक नहीं चुने गये हैं। आप तो पहली बार में ही मलाई काट रहे हैं। बाद में स्पीकर के हस्तक्षेप से दोनों के बीच बहस समाप्त हुआ। वहीं, पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने स्पीकर को अपने चुटीले तरीके से हंसने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेजरी बेंच की ओर से सात से अधिक मार्शल ऑन ड्यूटी है। जबकि, प्रतिपक्ष के टेबल की तरफ एक भी मार्शल खड़ा नहीं है। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने तो अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ा प्रतिकार किया। कागज में गोल-गोल कर दिया गया है। अधिकारियों के तैयार किये गये जवाब को मंत्रीगण भी ठीक से पढ़ कर नहीं आते है। जो भी हो, गुरूवार को सदन में रह-रह कर हंसी ठिठोली और बहस-मुशाहिरा का दौर चलता रहा।

## विस में मामला जोरदार ढंग से उठाना सराहनीय : राजू महतो



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की एक टीम राजू महतो एवं कयूम खान के नेतृत्व में गुरुवार को पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, झामुमो विधायक दीपक बिरूआ, विधायक निरल पूर्ति, विधायक सोना राम सिंकू को माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने कहा कि विधानसभा में झारखंड आंदोलनकारियों के मामले को जोरदार ढंग से उठाया गया, जो सराहनीय है। इसके लिए उपरोक्त सभी विधायकों का आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा आभार प्रकट करती है। विधायकों द्वारा विधानसभा में जोरदार तरीके से आंदोलनकारियों के हितों के पक्ष में कहा कि झारखंड सरकार अविलम्ब तय सीमा के अंदर शहीद, विख्यात, सामान्य आंदोलनकारियों की चयन की प्रक्रिया को सरलीकरण करें। टीम में महिला संयोजिका विनीता खलखो, एरेन कच्छप, आसमान सूंडी, कृष्णा सिंकू, सोहेल अहमद, गोपाल महतो, महादेव मुंडा, दाऊद होरो, सोमा सिंह आदि शामिल थे।

## राज्य के सात जिला आपूर्ति पदाधिकारियों की हुई पोस्टिंग

**रांची।** झारखंड सरकार ने कई जिलों में जिला आपूर्ति पदाधिकारी की पोस्टिंग कर दी है। इसकी अधिसूचना खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने 22 दिसंबर को जारी कर दिया। विभाग के अवर सचिव संजय कुमार ने जारी आदेश में कहा है कि जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को जनवरी महीने का वेतन नव पदस्थापित कार्यालय से मिलेगा। **इनकी हुई है पोस्टिंग:** दुमका : बंका राम, साहिबगंज : अमर प्रसाद, पश्चिम सिंहभूम : शब्बीर अहमद, पाकुड़ : संजय कुमार दास, पलामू : श्रीमती प्रीति किस्कू, चतरा : सलमान जफर खिजरी, सरायकेला-खरसावां : प्रदीप भगत

## पीडीएस डीलरों को तीन माह में राशि का होगा भुगतान : बादल पत्रलेख

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शीतकालीन सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान आजसू विधायक लंबोदर महतो ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को विगत 16 महीने से कमीशन की राशि का भुगतान नहीं किये जाने का सवाल उठाया। इसके कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने सरकार से शीघ्र कमीशन भुगतान करने की मांग की। जवाब में प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों को एक रुपये प्रति किलो की दर से जन वितरण प्रणाली की दुकानों से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। डीलरों को यह एक रुपया कमीशन के रूप में जाता है। इस योजना में डीलर का कोई कमीशन बकाया नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना चलाई गई थी। इस योजना के तहत राज्य सरकार को केंद्र से चार महीने की राशि प्राप्त हुई है जो 90 करोड़ 87 लाख है। बाकी 60 करोड़ रुपया केंद्र सरकार के पास बकाया है। उन्होंने कहा कि 3 महीने के अंदर बची हुई राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

**जनवरी में आंगनबाड़ी केंद्रों को दिया जायेगा आबंटन : जोबा मांझी**

विधायक दीपक बिरुआ ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में पोषाहार राशि नहीं मिलने से 2330 आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े 50 हजार से अधिक बच्चे, गर्भवती व धात्री माताओं को पोषाहार बंद होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पोषाहार के आवंटन नहीं होने से उधार लेकर पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा था। उसे भी बंद कर दिया गया। जवाब में मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि जनवरी के प्रथम सप्ताह में राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

**सदन में आश्वासन के बावजूद नहीं होता काम : अंबा**

सत्ता पक्ष की विधायक अंबा प्रसाद ने सदन में अपनी ही सरकार पर आरोप लगाया है। तारांकित प्रश्न के माध्यम से पूछे गए सवाल पर मिले सरकार के जवाब से वह नाराज थीं। उन्होंने स्पीकर से कहा कि सदन में आश्वासन मिलने के बाद भी काम नहीं होता है। दरअसल, अंबा प्रसाद ने यह पूछा था कि क्या सरकार बड़कागांव और केरेडारी में हो रही बिजली समस्या से निजात के लिए फीडर निर्माण का विचार रखती है।


झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या:- 193/2022-23/RWD/HAZARIBAGH दिनांक :- 21.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रौंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ HAZARIBAGH/ 14/2022-23 | पंचायत+ग्राम–लुपुंग में शिव मंदिर चौक से श्मशान घाट होते हुए पी0डब्लू0डी0 पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.200 कि0मी0) | 3,18,66,200.00 | तीन करोड़ अठारह लाख छियासठ हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ HAZARIBAGH/ 15/2022-23 | पंचायत बेस अन्तर्गत हारम ग्राम के हारम चौक से रजहर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.700 कि0मी0) | 2,83,73,400.00 | दो करोड़ तेरासी लाख तिहत्तर हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रौंची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **हजारीबाग** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 17.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रौंची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **हजारीबाग** के पक्ष में एवं **हजारीबाग** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 285677 (Rural Work Department) 22-23 (D)



झारखण्ड सरकार
उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(खनन शाखा)

**चतरा जिलान्तर्गत अवैध रूप से भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत निम्नांकित स्थलों पर जप्त भण्डारित बालू खनिज "जो जहाँ जिस अवस्था में भण्डारित है", का समेकित आम निलामी दिनांक 03.01.2023 को समय 04:00 PM बजे में उपायुक्त, चतरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा में सम्पन्न की जाएगी।

| क्र0 | अंचल का नाम | अवैध भण्डारण स्थल की विवरणी | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हंटरगंज | मौजा– गढकेदली | 398799.21 cft | 1591209.00 | 159120.00 |
| 2 | हंटरगंज | मौजा– बॉकी | 736647.98 cft | 2939225.00 | 293922.00 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में निलामी में भाग लेने के लिए निलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, चतरा के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता की प्रतिभूति रकम को छोड़कर शेष अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का प्रतिभूति राशि 10%(दस प्रतिशत) को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर निलामी वाले तिथि को ही अथवा निर्धारित तिथि को उच्चत्तम डाकवक्ता द्वारा ऑन–लाईन जमा करना होगा, अन्यथा उच्चत्तम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चत्तम डाक की पूर्ण राशि के भुगतान में उच्चत्तम डाकवक्ता द्वारा असफल रहने की स्थिति में दूसरे उच्चतम डाकवक्ता को उच्चत्तम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चत्तम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त बालू खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेश परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. उच्चत्तम डाकवक्ता द्वारा यथासंभव चतरा जिलान्तर्गत ही उक्त खनिज का बिक्री करना होगा।
9. नीलामी के पश्चात् बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुँच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश निलामीधारी निलामी किये गये बालू स्टॉकयार्ड से प्रेषण नहीं कर पाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेवारी निलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गई राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
10. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान निलामीधारी द्वारा किया जायेगा।
11. निलामी में उच्चत्तम डाकवक्ताओं में अगर TIE (गुलोबन्द) होता है, तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
12. अन्य शर्त्त एवं बन्धेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
13. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था/संवेदक/एजेन्सी जो खनन संबंधी व्यवसाय हेतु चतरा जिला में निबंधित है, दिनांक 31.12.2022 को 05:00बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, चतरा में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नलिखित वांछित कागजात स्वअभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   - (क) न्यूनतम डाक राशि का 10 प्रतिशत राशि प्रतिभूति रकम के रूप में।
   - (ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की छाया प्रति।
   - (ग) आधार कार्ड की छाया प्रति।
   - (घ) आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
   - (च) पासपोर्ट साईज का फोटो की एक प्रति।
   - (छ) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टाधारक हैं अथवा नहीं, यदि हैं तो खनन बकाया से संबंधित स्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा।
   - (ज) पुलिस विभाग से प्राप्त चरित्र प्रमाण पत्र की प्रति।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 285659 (Mines and Geology) 22-23 (D)



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,रामगढ़
(आपूर्ति शाखा)

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रजरप्पा थाना काण्ड संख्या –124/2021 में जब्त मालवाहक टेम्पू संख्या–JH24F-6990 एवं 04 किं0 गेंहू की नीलामी **दिनांक 30/12/2022** को 11: 30 बजे पूर्वा0 में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगढ के अध्यक्षता में रजरप्पा थाना परिसर में की जायेगी। टेम्पू रजरप्पा थाना में खडी है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति को टेम्पू एवं गेंहू हस्तगत कराया जायेगा।

आदेशानुसार
ह0/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगढ़

PR 285714 Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23)#D



हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित गाँधी मैदान, मटवारी में डिजनी लैण्ड –सह– हैण्डिक्राफ्ट मेला 2023 में अवधि दिनांक 03.02.2023 से 04.03.2023 तक के लिए बन्दोवस्ती किया जाना है। निबंधित फर्म/इच्छुक व्यक्ति/स्वयं सेवी संस्था अपना आवेदन दिनांक 05.01.2023 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं तथा बन्दोवस्ती खुली डाक के माध्यम से दिनांक 06.01.2023 के अपराह्न 3:00 बजे नगर निगम सभाकक्ष में किया जायेगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | डिजनी लैण्ड –सह– हैण्डिक्राफ्ट मेला 2023 के आयोजन | 6,75,000/- | 1,50,000/- |

नोट – डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 285718 (Urban Development and Housing) 22-23 (D)



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 201/2022-23/RWD/RANCHI दिनांक :- 22.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रौंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ RANCHI/41/ 2022-23 | सदमा पंचायत भवन से बघमरवा सदमजारा होते हुए चुनघटीया आर0डब्लू0डी0 रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं– 6.100 कि0मी0) | 5,41,46,300.00 | पाँच करोड़ इकतालीस लाख छियालीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 03.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रौंची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 17.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रौंची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **रौंची** के पक्ष में एवं **रौंची** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR285751 (Rural Work Department)22-23*D



कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 37/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 02.01.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.01.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.01.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ईचाक | ग्राम करमाटांड में डारी मांझी के घर से सिरकी नाला तक गार्डवाल निर्माण। | 1750000.00 | 5000.00 | 35000.00 | छः माह |
| | ईचाक | ग्राम करमटांड के प्राथमिक विद्यालय का चाहरदिवारी निर्माण। | | | | |
| | ईचाक | ग्राम करमटांड में सिकरी नाला पर पुलिया निर्माण। | | | | |
| | ईचाक | ग्राम करमटांड में सिकरी नाला से मध्य विद्यालय करमटांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | | | | |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 285747 District(22-23)D


## खबर एक नजर में

### महाधिवक्ता को तुरंत पद से हटायें : बाबूलाल

**रांची।** विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी गुरूवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि अपराधियों को बचाने के लिए सरकार किसी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार की मंशा साफ है तो एडवोकेट जेनरल राजीव रंजन और प्रेस सलाहकार अभिषेक सिन्हा पिंटू को तुरंत हटाये। अपराध किये लोगों को इडी से बचाने की कोशिश के बाद सबकुछ सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की बनाई नियोजन नीति पहले से गलत थी। हम डे वन से बोल रहे थे कि यह अदालत में नहीं टिकेगी।

### मुंडा सभा ने की रुबिका पहाड़िन हत्याकांड की कड़ी निंदा

**रांची।** मुण्डा सभा राँची कार्यालय में बृहस्पतिवार को सभा के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक डॉ रॉयल डांग के अध्यक्षता में हुई। बैठक में साहेबगंज के सुंदरपहाड़ी की रुबिका पहाड़िन हत्याकांड पर दुःख व्यक्त करते हुये कड़ी निंदा की गई। कहा गया कि अक्सर देखा जाता है कि आदिवासी महिलाओं के ऊपर इस तरह के आपराधिक घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जो आदिवासी समाज के लिए चिन्ता का विषय है। इसके लिए मुण्डा सभा राँची, सरकार से मांग करती है की दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाय ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो। बैठक में उपस्थित लोगो में मुण्डा सभा अध्यक्ष नवीन मुण्डु, महासचिव बिलकन डांग,कोषाध्यक्ष डॉ रॉयल डांग, प्रशासनिक सचिव प्रभुसहय सांगा, प्रवक्ता सह यूथअध्यक्ष फिलिप सोय, सोसन समद, तुरन लुगुन,मनीष मुण्डा, असियन सुरीन, जगरनाथ मुण्डू, अब्राहम सुरीन आदि शामिल थे।

### सीसीएल में पोस्ट रिटायरमेंट से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** सेवानिवृत कर्मियों के लिए सीसीएल मुख्यालय में गुरुवार को सीसीएल के कार्मिक निदेशक हर्ष नाथ मिश्र के मार्गनिर्देशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोस्ट रिटायरमेंट के बाद बेहतर से बेहतर जीवनपद्धति पर चर्चा किया गया। आर्थिक कड़ी को मजबूत रखते हुये जीवन की दूसरी पारी को अच्छे से बिताने की सलाह दी गयी। इस मौके पर बैंक टीम द्वारा पोस्ट रिटायरमेंट के बाद पैसा का निवेश, बैंक द्वारा जारी विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, दिसंबर महिनें में सेवानिवृत होने वाले कर्मी उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से भी अधिकारीगण वचुअॅल मोड से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### राज्य की शिक्षा व्यवस्था चिंताजनक, पक्ष विपक्ष को चिंता नहीं : प्रकाश विप्लव

**रांची।** राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर सीपीआइएम ने बयान जारी कर चिंता व्यक्त की है। सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि राज्य के सरकारी विधालयों मे शिक्षा व्यवस्था खराब होती जा रही है। राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर निजी संस्थानों की ओर से रिसर्च रिपोर्ट जारी किया गया है। सर्वे 16 जिलों के 138 स्कूलों में किया गया। जिसके अनुसार इन स्कूलों में मात्र एक पारा शिक्षक ही कार्यरत है। इतना ही नहीं शिक्षक और विधार्थी के अनुपात मे भारी कमी है। सर्वे में स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं न होना और मध्या? भोजन मे अनियमितता भी पायी गयी। राज्य के सरकारी स्कूलों मे शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन भी नहीं किया जा रहा है। जिसका असर आदिवासी, दलित और दूसरे गरीब परिवारों के बच्चों पर पड़ रहा है। कोरोना काल मे सरकारी स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई ठप्प थी। छात्र पढ़ना लिखना भूल गये, वहीं जब स्कूल खुलने लगे तो सरकारी स्कूलों मे छात्रो की संख्या कम हो गयी है।

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल आज आयेंगे

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर रांची पधार रहे हैं। श्री बसंत ट्रेन के रास्ते रांची पहुंचेंगे। यहां विभिन्न बैठकों एवं कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। वह 24 दिसंबर को उलिहातु जाकर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने दी है। श्री वर्मा ने बताया कि पटना हटिया एक्सप्रेस द्वारा श्री बंसल रांची पहुंच रहे हैं। 9बजे प्रातः प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। तत्पश्त एक बजे वे खूंटी केलिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि खूंटी में वे पार्टी के जिला बैठक में शामिल होंगे। बैठक के बाद वे पार्टी के वरिष्ठ नेता पद्मश्री कड़िया मुंडा से मुलाकात करेंगे। श्री बंसल रात्रि विश्राम खूंटी में ही करेंगे। उन्होने बताया कि 24दिसंबर को राष्ट्रीय महामंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

### पोषाहार बंद होने का मामला उठा

**रांची।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को विधायक दीपक बिरुआ ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में पोषाहार राशि नहीं मिलने से 2330 आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े 50 हजार से अधिक बच्चे, गर्भवती और धात्री माताओं को पोषाहार बंद होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पोषाहार के आवंटन नहीं होने से उधार लेकर पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा था उसे भी बंद कर दिया गया। जवाब में मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि जनवरी के प्रथम सप्ताह में राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

स्पीड न्यूज



## एसएसपी ने पोटका थाने का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के कोवाली थाना ६ पोटका थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों की जांच की गई लंबित कांडों का निष्पादन एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए वहां उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## वरिष्ठ नागरिकों का मामला उठाने पर एमपी को दी बधाई

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सहित अन्य राज्यों के वरिष्ठ नागरिकों ने रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को पूर्ववत रेलवे में मिलने वाली सुविधा के लिए ज्ञापन दिये थे। सिंहभूम केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति केंद्रीय अध्यक्ष शिव पुजन सिंह के नेतृत्व में को उपायुक्त कार्यालय पर शांतिपूर्ण ढंग से सत्याग्रह धरना एक घंटा के लिए दिया था जिसकी लिखित सूचना समिति ने स्थानीय सांसद विद्युत वरण महतो को दिया था जिससे प्रभावित होकर उन्होंने इस आवाज को जोरदार तरीके से उठाया है। शिवपूजन सिंह ने यहां जारी बयान में कहा है, इसके लिए मैं अपने तथा अपने समिति और तमाम वरिष्ठ नागरिकों के तरफ से इनको बधाई देते हैं और उनका आश्वासन देता हूं कि अगर सरकार इनके बातों पर अमल नहीं करती हैं तो जनवरी महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर घंटा का भूख हड़ताल किया जायेगा। और जरूरत हुआ तो रेल परिचालन भी प्रभावित किया जायेगा। नवयुवकों से आग्रह है कि तुम मेरा साथ दो क्योंकि कल के वरिष्ठ नागरिक तुम्हीं हो अगर आज ये सुविधा बंद हो जायेगी तो कल तुमको भी नहीं मिलेगा।

## जरूरतमंदों को राकेश तिवारी ने दिये कंबल



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश इंटक के प्रवक्ता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राकेश तिवारी ने गुरुवार को सोनारी अपने आवासीय परिसर में कड़ाके की ठंड को देखते हुए सैकड़ों जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया श्री तिवारी करोना काल में भी जरूरतमंदो के बीच निरंतर अपनी सेवा देते रहे हैं आज दिल्ली प्रस्थान करने से पहले उन्होंने कहा झारखंड कांग्रेस मे सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है आलाकमान से मिलकर संगठनात्मक विसंगतीयो की जानकारी देंगे।

## प्रभुनाथ ने 18वीं और अरुण ने छठी बार दान किया एसडीपी



**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत रक्त जरूरतमंद को समय पर रक्त मिले इसके लिए रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम लगातार सक्रिय है। इस कड़ी में एसडीपी डोनेशन एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में जीवनदान का पर्याय बन चुका है। आज इस अभियान के तहत 3 एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) डोनर ने अपना एसडीपी दान कर प्लेटलेट की कमी से प्रभावित जरूरतमंद का जीवन बचाया। अरुण कुमार सिंह, प्रभुनाथ सिंह तथा राजु कुमार ने जमशेदपुर ब्लड बैंक में अपना एसडीपी दान किया। टाटा स्टील के कर्मी अरुण कुमार सिंह ने जहां छठी बार अपना एसडीपी दान किया, वहीं टाटा रेड क्रस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने 18 बार एसडीपी के साथ 36 बार नियमित रक्तदान कर 54 रक्तदान को पूरा किया, वहीं राजु कुमार ने 8वीं बार एसडीपी दान किया तथा 12 नियमित रक्तदान के साथ उन्होंने अपना 20 रक्तदान पूरा किया।

# अन्य भारतीय भाषाओं और संस्कृति तक पहुंचने की एक सेतु है हिंदी : डॉ चंद्रकला

➲ श्रीनाथ विवि में छठा अंतरराष्ट्रीय श्रीनाथ हिंदी महोत्सव का भव्य समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ यूनिवर्सिटी, आदित्यपुर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी महोत्सव का गुरुवार को भव्य तरीके से समापन हुआ। समापन समारोह का आरंभ चिंतन मनन के साथ किया गया, जिसका विषय था हिंदी भाषा : नई चुनौतियां। जिसमें वक्ता के रूप में बनारस हिंदू विवि वाराणसी से कृतकार्य आचार्य डॉ चंद्रकला त्रिपाठी व एनआइएफटी भुवनेश्वर के निदेशक डॉ राजेश कुमार झा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विवि की वरिष्ठ सलाहकार कौशिक मिश्रा व कुल सचिव डॉ भाव्या भूषण ने किया।

पहला प्रश्न कौशिक मिश्रा ने राजेश कुमार झा से पूछा कि आप जब लोगों से मिलते हैं तो आप हिंदी को किस रूप में पाते हैं? इसका उत्तर देते हुए श्री राजेश कुमार झा ने कहा कि एनआईएफटी फैशन के क्षेत्र में हिंदी थोड़ी कम बोली जाती है। मैं स्वयं मिथिला क्षेत्र से हूं। मैंने विद्यार्थी जीवन में पाया है कि एक बार जब अंग्रेजी आपके अंदर प्रवेश कर जाती है तो जल्दी निकल नहीं पाती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण में हिंदी की स्थिति विशेषकर केरल में हिंदी बोलने में लोगों की रुचि दिखती है। दक्षिण में लोग हिंदी जानना चाहते हैं लेकिन उनमें एक झिझक है। लेकिन उन्हें भी यदि हिंदी बताया जाए तो वे भी हिंदी समझते हैं।

श्री कौशिक मिश्रा ने अपना अगला प्रश्न डा चंद्रकला त्रिपाठी से किया कि आज हिंदी को थोपा जा रहा है या लोग हिंदी के प्रति रुचि दिखा रहे हैं? इसका जवाब देते हैं वह डा चंद्रकला त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी की चुनौतियों से अधिक आज हिंदी के प्रति अधिक चिंता है आज हम एक विश्वग्राम में रहते हैं आज हम एक उदारीकृत विश्व में भी रहते हैं लेकिन दिक्कत यह है कि उदारता कहीं गुम हो रही है।









एनआइएफटी-भुवनेश्वर के निदेशक राजेश झा परिचर्चा में अपनी बात रखते हुए। साथ में डॉ चंद्रकला त्रिपाठी व अन्य और समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते छात्र-छात्राएं।

**गैर हिंदी भाषियों को उनकी लिपि में हिंदी सिखायें, तब झुकाव बढ़ेगा : डॉ वरिष्ठ-** चिंतन मनन में भाग लेते हुए डॉ वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत देववाणी है इसलिए इसके लिपि को हम देवनागरी कहते हैं आज संकट इस बात का है कि अन्य भाषाओं वालों की एक सोच है कि हमारी भाषाएं समाप्त हो जाएंगी इसका निदान यह है कि आप उन्हें हिंदी उनकी भाषा में सिखाएं, आप उनकी लिपि में हिंदी सिखाएं उस दिन के देवनागरी के प्रति झुकाव उनका बढ़ जाएगा अगर हिंदी से थोपे जाने से बचना है तो आपको अन्य भाषाओं को संरक्षित करना होगा।

**क्या बोले जैक अध्यक्ष :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष अनिल महतो ने कहा कि झारखंड प्रदेश धारियों का प्रदेश है। स्थानीय भाषा हमारे जीवन का आधार है तथापि हिंदी हमारी अपनी भाषा है जिसे बोलने पर उसके विकास के लिए सदा प्रयासरत रहना चाहिए।

**क्या बोले वरिष्ठ पत्रकार :** वरिष्ठ पत्रकार डॉ संजय पांडे ने कहा कि हिंदी की महानता पर जितना कहा जाए कम है हिंदी को अधिक रोजगार परक बनाने की जरूरत है। बच्चे सरकारी स्कूलों में ही पढते हैं अतः शिक्षा का स्तर सुधारा जाना चाहिए।

**हमें अपनी भाषा पर करना चाहिए गर्व :** अंत में राजेश कुमार झा ने कहा कि हमें अपने निज भाषा पर गर्व करना चाहिए हमें अपने अपमान से ही अपने आगे बढ़ने का रास्ता बनाना सीखना चाहिए हम तभी एक खुली हवा में सांस लेंगे और मुझे लगता है कि वह समय अब आ गया है।

### छठे अंतरराष्ट्रीय श्रीनाथ हिंदी महोत्सव की प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची

**1.हास्य कवि सम्मेलन**
प्रथम - विवेक कपूर (श्रीनाथ विश्वविद्यालय)
द्वितीय - प्राची अरुणिमा (कलिंगा इंस्टिट्यूट अफ टेक्नोलॉजी, उड़ीसा)
तृतीय- अनीमा अतिथि (वसंता कलेज फर वूमेन वाराणसी)

**2. प्रश्नोत्तरी**
प्रथम - नजमीन कौशर, सुषमा (करीम सिटी कलेज)
द्वितीय -हेम कांति, प्रीतेश (उत्कल विवि उड़ीसा)
तृतीय -संदीप शर्मा,रुसी रानी महतो (श्रीनाथ विवि)

**3. दीवार सज्जा**
प्रथम -रिया दास, सरिता, सूरज (श्रीनाथ विवि)
द्वितीय- नैना शर्मा, कंचन कुमारी (कुट्टी कालेज)
तृतीय-पूजा, प्रभात, (मधुसूदन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज)

**4. सामूहिक चर्चा**
प्रथम - विराट सिंह (साई नाथ यूनिवर्सिटी
द्वितीय -हेमंत पाठक (जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज)
तृतीय- शशांक शेखर( उदय मेमोरियल कॉलेज)

**5. साहित्यिक सफर**
प्रथम - प्रीति रानी महतो, इशिता राय (श्रीनाथ विवि)
द्वितीय - ज्योति रानी, सुनीता हेंब्रम (डीबीएमएस कॉलेज कदमा)
तृतीय- जया गुप्ता, नाहिद परवीन (कुल्टी कलेज बंगाल)

**6. समाचार वाचन**
प्रथम - आदर्श सिंह, आरती, रीमा महतो (श्रीनाथ विवि)
द्वितीय- नीतू कुमारी,शशांक कुमार, निक्की कुमारी। (उदय मेमोरियल कॉलेज)
तृतीय - स्वाति कुमारी, रूबी यादव, रजनी पूर्ति (महिला कॉलेज चाईबासा)

**7. मुखड़े पर मुखड़ा**
प्रथम- आयुष डे, सौम्या ज्योति मिश्रा (श्रीनाथ विवि)
द्वितीय- श्रेया डे, प्रिया मुर्मू (मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कलेज)
तृतीय- शिवांगी गुप्ता, शिवांगी सिंह (वसंता कॉलेज फर वूमंस वाराणसी)

**8. लिखो कहानी**
प्रथम - गणेश साहू (रब्भा कॉलेज अफ एजुकेशन)
द्वितीय -रतनी महतो (महिला कॉलेज चाईबासा)
तृतीय- बसंती महतो (श्रीनाथ विवि)

**9. रिपोर्ताज लेखन**
प्रथम- शालिनी तिवारी। स्वामी विवेकानंद कॉलेज।
द्वितीय- विशेश्वर महतो (आशू किस्कू, रवि किस्कु रवि मेमोरियल कॉलेज)
तृतीय- सौम्या शाह (डीबीएमएस कॉलेज कदमा)

**10. व्यक्तित्व झांकी**
प्रथम- अमित कश्यप, कनक अलीजा टोप्पो (साई नाथ विवि)
द्वितीय- जीवेश मार्गी, मंजरी सोय ( श्रीनाथ विश्वविद्यालय)
तृतीय- वेदिका लाधा, अंचल यादव (वसंता कॉलेज फोर वूमेन)

**11. उल्टा पुल्टा**
प्रथम - विवेक कपूर (श्रीनाथ विवि)
द्वितीय - जगजीत सिंह (जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज)
तृतीय - सत्यम सोनी (एनआईटी राउरकेला)

**12. शब्द सरिता**
प्रथम - अनुजा, सुष्मिता (डीबीएम स कॉलेज कदमा)
द्वितीय -शालिनी गोप, तपसी महतो। महिला (कॉलेज चाईबासा)
तृतीय -पूर्णेंदु पुष्कर, विवेक कपूर श्रीनाथ विश्वविद्यालय।

**13. कोलाज कला**
प्रथम - अभिषेक पूर्ति, प्रिया कुमारी, सौरभ महतो (येमबीएनएस इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन)
द्वितीय- सत्यभामा कुमारी, स्मृति अधिकारी, सारून अभिलाषा गोप (जमशेदपुर महिला विवि)
तृतीय- बोनिता फ्रांसिस, नेहा क्षत्रिय, प्रियंका समंता (श्रीनाथ विवि)
तृतीय- रंजना दुबराज, प्रीति कौर, एकता रानी महतो सरिता बिरूवा (महिला कॉलेज चाईबासा)

**14. कहानी से कविता तक**
प्रथम- अभिषेक शर्मा आईआईटी खड़कपुर।
द्वितीय- जयेश तोमर (देव संस्कृति विवि उत्तराखंड)
तृतीय- अनवेषा रथ (साई नाथ विश्वविद्यालय)

**15 .भाषा रूपांतरण**
प्रथम - सत्यम सोनी (एनआईटी राउरकेला)
द्वितीय - प्राची अरुणिमा (आईआईटी भुवनेश्वर)
तृतीय - अभीनीत कात्यायन (वसंता कॉलेज फर वूमेन)

**16.विज्ञापन रचना**
प्रथम - मनीषा कलुनडिया, स्वाति सुधा दास, अंजलि साव (महिला कॉलेज चाईबासा)
द्वितीय - अंजू महतो, अभिषेक कुमार, रीतिका
तृतीय- सलोनी चौधरी, हर्षा

# विद्यार्थी की नींव मजबूत करने में स्कूल शिक्षक की भूमिका अतुल्य : रघुवर दास

■ राइजिंग सन इंग्लिश स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राइजिंग सन इंग्लिश स्कूल केबुल बस्ती के वार्षिक पुरुस्कार वितरण समारोह गुरुवार को विद्यालय सभागार में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शिरकत किया। श्री दास ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद बच्चों ने तुलसी पूजन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ही स्कूली बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावक एवं उपस्थित शिक्षकों का मन मोह लिया। वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि छोटे बच्चों को हम अगर शुरुवाती दिनों में सही राह दिखा दें तो आने वाला भविष्य उज्वल होगा। नींव को मजबूत बनाने में स्कूल और शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, इसलिए बच्चे जब छोटे होते है वो समय मां पिताजी और शिक्षक के लिए भी कठिन समय होता है। नई शिक्षा नीति भी बच्चो को खेल खेल में पढ़ाने तथा उनका मानसिक विकास कैसे हो इसकी भी चिंता कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि विद्यालय को मंदिर की तरह ही पूजना चाहिए और विद्यालय संचालित करने वाले लोगों को भी बच्चे, अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय के आधारभूत संरचना मजबूत हो इसका ध्यान रखना चाहिए।

कार्यक्रम को विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार, सम्मानित अतिथि के रूप संरक्षक खेमलाल चौधरी और सुत दास मानिकपुरी ने संबोधित किया।



विजेता छात्र-छात्राओं के साथ पूर्व सीएम रघुवर दास।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम :** नाट्य प्रस्तुति, संस्कार, संति और सभ्यता पर, रंगीला मारो ढोलना, गलती से मिस्टेक और मिक्स गानों की प्रस्तुति बच्चों ने की।

**शैक्षणिक पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थी :** नर्सरी - गगनदीप सिंह, अदिति कुमारी, पुरवंशी पात्रा, एलकेजी - आयु शर्मा, यूकेजी - धैर्या, दर्शिका निर्मलकर, आदर्श, क्लास 1 - ज्ञानवी गुप्ता, परिधि कुमारी, कानुशी लालवानी. क्लास 2 - हंसिका, रोशन, यश, क्लास 3 - मोनिशा, तिका, विवेक प्रसाद, क्लास 4 - तनय कुमार, घनश्याम कुमार, शिवम कुमार यादव, क्लास 5 - अंजली श्रीवास्तव, सुजय भूईमाली, अभिषेक कुमार साहू।

## स्ट्रक्चरल वेदर रेसिस्टेंट स्टील के उत्पादन का बीआइएस लाइसेंस मिला

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर/नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइ ए स) ने टाटा स्टील के जमशेदपुर संयंत्र को आइएस 11587 के अनुरूप स्ट्रक्चरल वेदर रेसिस्टेंट स्टील (कोर्टेन स्टील) का उत्पादन करने के लिए पहला लाइसेंस प्रदान किया है। कर्टेन स्टील के उपयोग से निर्मित शिपिंग कंटेनरों के आयात पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए भारत के बड़े प्रयास के हिस्से के रूप में टाटा स्टील को यह लाइसेंस दिया गया है। उक्त विशेष ग्रेड स्टील मुख्य रूप से शिपिंग कंटेनरों और रेल वैगन साइड पैनल, राइस मिल कंटेनर, भवन निर्माण, स्ट्रीट फर्नीचर और आर्ट, संकेतों, चिमनी और फायर बाउल के अपमार्केट कार्यों सहित अन्य हैवी ड्यूटी वेदर प्रूफ एप्लीकेशन के निर्माण में उपयोग किया जाता है।

टाटा स्टील को औपचारिक रूप से लाइसेंस प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में बीआईएस द्वारा आज एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों - डॉ देवाशीष भट्टाचार्जी वाईस प्रेसिडेंट (टेक्नेलजी एंड नई मटेरियल बिजनेस) और चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट (कार्पोरेट सर्विसेज) को श्री प्रमोद कुमार तिवारी, महानिदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो ने अभिजीत नरेंद्र, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय और अन्य वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में लाइसेंस प्रदान किया।



बीआइएस लाइसेंस ग्रहण करते टाटा स्टील के वीपी डॉ देबाशीष भट्टाचार्यी और (वीपी सीएस) चाणक्य चौधरी।

## भाटिया बस्ती जोगमाया काली में मनी पौष अमावस्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा भाटिया बस्ती जोगमाया काली मंदिर के तत्वावधान में पौष अमावस्या (काली पूजा) का आयोजन मंदिर में किया गया। पूजा में माँ काली की बिशेष पूजा की गई। मंदिर के प्रधान पुरोहित कामाख्या व तारापिठ तंत्रसाधना सिद्ध ज्योतिष आचार्य प्रजेश भट्टाचार्जी (बुड़ो दा) व कामाख्या, तारापीठ रजरप्पा सिद्ध तंत्रसाधक निठा बाबा ने बताया की पौष महीने की अमावस्या को पौष अमावस्या कहा जाता है। प्रजेश भट्टाचार्य ने बताया की ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भी पौष माह में सूर्य की पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। इस अमावस्या पर व्रत रखने और पूजा करने से कई गुना पुण्यफल की प्राप्ति होती है साथ ही घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। पौष अमावस्या पर पितरों की शांति के लिए व्रत रखना भी मंगलकारी माना गया है। अजेश भट्टाचार्जी (निठा बाबा) ने बताया की पूजा में 108 दीप, फूल, 108 बेल पत्ते से यज्ञ व महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया।

## पति-पत्नी जब एकांत में हों तो क्रोध और अहंकार से बचें : पं. विजय शंकर मेहता

■ जुगसलाई राजस्थान शिव मंदिर में भागवत कथा का समापन आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जीवन में आप पर झूठे आरोप लगे तो अपने आपको सही साबित करें, भगवांन श्रीष्ण ने भी यही किया था। भगवान श्रीष्ण ने सोलह हजार एक सौ आठ (16,108) विवाह किये थे, फिर भी उनके वैवाहिक जीवन में कोई परेशानी नहीं हुई। ये बातें जुगसलाई स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर परिसर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन गुरूवार को व्यास पीठ से जीवन प्रबंधन गुरू एवं प्रसिद्ध हनुमान भक्त पंडित विजयशंकर मेहता ने कही। उन्होंने कथा के दौरान भगवान श्रीष्ण के अन्य विवाह, राजसूय यज्ञ एवं सुदामा चरित्र सहित अन्य प्रसंगों की व्याख्या करते हुए आगे कहा कि तन, मन और धन तीनों से मनुष्य को सक्षम होना चाहिए। भगवान कभी नहीं कहते कि धन मत कमाइये। सक्षम होने के लिए धन कमाएं, लेकिन ईमानदारी से।

उन्होंने कहा कि पति-पत्नी एकांत में हो तो क्रोध, कर्कश वाणी ओर अहंकार इन तीन बातों को कक्ष से बाहर कर दें। उन्होंने सालों बाद सुदामा और श्री ष्ण की मिलन की कथा को विस्तार से सुनाते हुए कहा कि भक्त बनिए, एक न एक दिन भगवान जरूर आपकी सेवा करने आ जायेंगे।



एक नजर में

## बहरागोड़ा से गुजरी कांग्रेस की भारत जोड़ा यात्रा



**जमशेदपुर।** गुरुवार को बहरागोड़ा के झांजीआ सांद्र, बरसूति, अरंग, लौंडाङ्क ,गोहलमद भूटिया, एवम मानसमुरिया में पूर्व सांसद एवम आईपीएस डा अजय कुमार द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा किया गया। यह यात्रा सांद्र बहरागोड़ा से शुरू होकर जमशेदपुर लोकसभा के हर प्रखंड से गुजर रही है और डा अजय कुमार ने नुक्कड़ सभा कर लोगो से सीधे बेरोजगारी और महंगाई , नफरत और विभाजन की राजनीति के विरोध में ''ड अजय कुमार आपके द्वार'' संवाद किए। डा अजय कुमार बहरागोड़ा की 26 पंचायत और 54 गांव का दौरा कर जन संवाद कर रहे हैं। पांच दिनों के दौरान लगभग 110 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे ।पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के नव नियुक्त कार्यकरणी जिला अध्यछ (नगर) श्री धर्मेंद्र सोनकर , कार्यकरणी जिला अध्यछ ग्रमीण अमित राय, नट्टू झा, बबलू झा, अजितेश् उज्जैन, राजा सिंह राजपुत् , पूजा सिंह,रिजवी, अफसर चिंटू,सुलतान अहमद समीर दास, जोसाइये मर्डी राहुल गोस्वामी अभिजित सिंह राहुल गोस्वामी दिबेश राज, राज किशोर एवम अन्य साथी उपस्थित रहे। कल यह यात्रा मुटुरखाम् बहरागोड़ा से प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगा।

## वार्षिक खेल समारोह रणभूमि का आगाज

### अरका जैन यूनिवर्सिटी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी का वार्षिक खेल समारोह रनभूमि-का आज आगाज हुआ जिसमें जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स के प्रबंधक व विश्वस्तरीय हैंडबल कोच ड हसन इमाम मल्लिक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे जिनके साथ समारोह का उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो (डा) एसएस रजी, निदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव, कुलसचिव जसबीर सिंह धंजल, स्पोर्ट्स कउन्सिल के अध्यक्ष डा अरविन्द कुमार पांडेय ने खेल मशाल जलाकर उद्घाटन घोषित किये। मुख्य अतिथि डॉ हसन इमाम मल्लिक ने कहा कि कोई भी खेल अनुशासन और टीम स्पिरिट के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल में कोई हारता नहीं है बल्कि सीखता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के वार्षिक खेल उत्सव में छात्राओं की अच्छी संख्या में भागीदारी देखकर प्रसन्नता जाहिर की। कुलपति ने कहा कि खेल से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना आती है जिससे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पाई जा सकती है।



## रघुवर की पहल पर बिना अंगूठा वाले कुष्ठरोगियों को मिलेगा राशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में निवास करने वाले कुष्ट रोगियों के चेहर खुशी से खील उठे। पिछले दिनों राज्य सरकार की गलत निर्देश के कारण हजारो कुष्ट आश्रम में रहने वाले गरीब,लाचार, कुष्ट रोगियों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन हो गई थी, हुवा यूं कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने आदेश जारी कर दिया कि बिना फिंगर के अब किसी को भी राशन नही दिया जायेगा। इस अविवेकपूर्ण निर्देश के आलोक में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व विधायक प्रतिनिधि पवन अग्रवाल के नेतृत्व में समाज के गरीबो की आवाज को पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास और जिला की डीसी के सामने रखते हुए कहा की जिनका फिंगर ही नही है वो अंगूठा कैसे लगाएंगे,आखिर इन लोगो का क्या दोष है? सरकार को निर्देश के पहले इस गरीबों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। इनलोगो का परिवार सरकारी सहायता के आधार पर ही चलता है। पूर्व के भाजपा सरकार में ऐसे लोगो को ऑफलाइन सरकारी राशन का वितरण मार्केटिंग अफिसर के उपस्थिति में किया जाता रहा है।

## गोवा के आइकेर गुआरोक्टजेना ने जमशेदपुर के जबड़े से जीत छीनी, 3-3 की बराबरी पर छूटा मैच



**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्टस कंपलेक्स में जमशेदपुर एफसी और एफसी गोवा के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में गोवा के मिडफील्डर आइकेर गुआरोक्टजेना का मैच में तीसरा गोल दागा। उन्होंने मैच के 89वे मिनट में गोल दागकर गोवा को बराबरी पर लाकर जमशेदपुर के मैच जीतने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। यह मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ। इस तरह गोवा ने जमशेदपुर की जीत को उसके जबड़े से छीन कर मुकाबले को बराबरी लाकर मैच खत्म किया। फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के खत्म हुए अभी कुछ ही दिन गुजरे है। अर्जेंटीना व फ्रांस के बीच खेले गए हाई वोल्टेज मुकाबले के बाद समूची दुनिया में फुटबॉल को लेकर दीवानगी शिखर पर था। जेआरडी में जमशेदपुर एफसी एवम गोवा के बीच खेले जा रहे मुकाबले में भी स्थानीय दर्शको का उत्साह कुछ ऐसा ही देखे जाने की उम्मीद थी। लेकिन मैच के शुरुआत में दर्शक दीर्घा दर्शकों का इंतजार करती रही। मैच में रोमांच तब आया जब खेल के 31वे मिनट में गोवा के मिडफील्डर आइकेर गुआरोक्टजेना ने आत्मघाती गोल दागकर अपने दर्शको के बीच खेल रही जमशेदपुर एफ सी को शुरुआती बढ़त दिला दी। गोवा की टीम आईएसएल में 6 मैच जीतकर तालिका में 6वे स्थान पर है, वही जमशेदपुर केवल 2 मैच जीत सकी थी। मैच में शुरुआती बढ़त मिलने पर दर्शकों को जमशेदपुर की जीत की सुगंध मिल रही थी। लेकिन मैच के 38वे मिनट में आईकेर ने अपनी गलती सुधारते हुए हेडर को गोल में डाल गोवा को बराबरी पर ला दिया। पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। अब दर्शको को बेहतर मुकाबला देखने को मिल रहा था। दूसरे हाफ तक दर्शक दीर्घा में दर्शको की संख्या भी बढ़ चुकी थी, वही जमशेदपुर ने भी दूसरे हाफ की शानदार शुरुआत की, 50वे मिनट में जमशेदपुर के फरवर्ड खिलाड़ी ईशान ने गोल दागकर जमशेदपुर को बढ़त दिला दी थी।

## प्रभु यीशु लोगों में प्रेम, क्षमा और शांति देखना चाहते हैं : बिशप

■ सुंदरनगर पटेल बगान स्थित समेकित जन विकास केंद्र में क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सुंदरनगर पटेल बगान स्थित समेकित जन विकास केंद्र प्रेक्षागृह में क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बिशप फादर तेलोस्फोर बिलुंग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, फादर सीआर प्रभु, निदेशक फादर बीरेंद्र टेटे, फादर फेबियन, फादर सज्जी, माझी बाबा चंपई मुर्मू, राजीव सिन्हा व सिस्टर पुष्पा मिंज मौजूद थे। मुख्य अतिथि बिशप फादर तेलोस्फोर बिलुंग ने क्रिसमस संदेश देते हुए कहा कि परमपिता परमेश्वर का एकमात्र पुत्र प्रभु यीशु मसीह लोगों को हर तरह से परिपूर्ण देखना चाहते है। वह लोगों में प्रेम, क्षमा और शांति देखना चाहते हैं। लेकिन यह तभी संभव हो सकेगा। जब हम उनको प्रेम करेंगे। इस धरती रहने वाले लोगों में कोई फर्क नही करेंगे। उन्होंने कहा कि ईश्वर हर जगह मौजूद है जरूरत है उनको महसूस करने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में साइमन, किरण, रामकृष्ण भगत, रोथिन, आशीष, सुदीप एवं समेकित जन विकास केंद्र के स्टाफ आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत और केक कटिंग से हुआ। उसके बाद प्रभु यीशु के अवतरण के उद्देश्यों को नाटक का मंचन व गीत संगीत प्रस्तुति कर दिया। जन विकास केंद्र के विभिन्न शाखाओं से आए प्रतिभागियों ने यीशु के जन्म एवं उनके संदेश पर आधारित बातों को गीतों के माध्यम से पेश किया। प्रतिभागियों ने मनमोहक नृत्य से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिसमस हमें आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ रहने का संदेश देता हैं। हमसबों को जाति व समुदाय से परे एक दूसरे के जरुरत में काम आना चाहिए।



केक काटते मुख्य अतिथि बिशप फादर तेलेस्फोर विलुंग।

**प्रभु यीशु के संदेश एवं मार्गदर्शन का अनुसरण करें : सीआर प्रभु**
फादर सीआर प्रभु ने कहा कि प्रभु यीशु के संदेश एवं मार्गदर्शन का अनुसरण करें। इस धरती पर रहने वाले सभी ईश्वर के संतान हैं। उनका आदर एवं सम्मान करें। प्रभु यीशु ने आत्मा से प्यार और पड़ोसी से प्रेम को सर्वोपरि बताया है। यीशु ने अपनी मृत्यु के समय सबों को उनकी गलतियों के लिए क्षमा किया। सबाको क्षमा करना ही प्रभु यीशु की सबसे बड़ी शिक्षा है।

## स्पीड न्यूज

### ओम प्रकाश बने सेमरा के पैक्स अध्यक्ष



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के सेमरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय को चुना गया है। पर्यवेक्षक बसंत राय के नेतृत्व में पैक्स अध्यक्ष हेतु चुनाव कराया गया। जिसमें ओम प्रकाश पांडेय और अजय पांडेय दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। मतदान के बाद ओमप्रकाश को 95 मत मिले। उन्होंने अजय को 20 वोटों से हराया। चुनाव के बाद पैक्स कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव हुआ। जिसमें प्रमोद राम, देवेंद्र पांडे, रमन भुइयां, दीपक पांडे, आलोक पांडे, विनोद राम, सुरेश भुइयां, चंद्रशेखर पांडे और प्रमोद राम चुने गये। मौके पर मुखिया बसंत राम भी थे।

### थाना प्रभारी पवन का जन्मदिन मना



**मनातू पलामू।** थाना परिसर में थाना प्रभारी पवन कुमार का 29वां जन्मदिन केक काटकर मना। मौके पर मनातू ब्लॉक के पदाधिकारी एवं कर्मचारी, सीआरपीएफ पिकेट प्रभारी, वन विभाग के पदाधिकारी सहित सैकड़ों गणमान्यों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगा है। क्षेत्र में शांति का माहौल है। थाना प्रभारी ने कहा कि जन्मदिन पर सभी लोगों ने जो मुझे सम्मान दिया है उसे भूल नहीं पायेंगे। जहां भी रहेंगे आपके दिल में रहेंगे। उन्होंने जनता का आभार व्यक्त किया।

### नि:शुल्क चल रही समृद्धि की पाठशाला



**मेदिनीनगर।** अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित मिशन समृद्धि संस्था का प्रयोग समृद्धि की पाठशाला वास्तव में बेमिसाल है। सात वर्षों से चल रही यह पाठशाला संसाधन के अभाव में भी फल-फूल रहा है। अपने कार्यों से निरंतर आगे बढ़ रहा है। इन्हें बैठने के लिए न तो बेंच-डेस्क है और न तो धूप-छांव और बरसात से बचने के लिए कोई शेड लगा है। फिर भी पांच साल से लेकर चौदह-पंद्रह साल के बच्चे इस पाठशाला में नैतिकता का पाठ पढ़ने आ रहे हैं। बच्चों की संख्या बढ़ते देख समृद्धि टीम का मनोबल और भी बढ़ जाता है। पूरी टीम की नि: स्वार्थ सेवा सराहनीय और प्रेरणादायी है। अहिल्या गिरी, बैजंती गुप्ता, प्रो वंदना श्रीवास्तव, रंजीता कुमारी, वीणा गुप्ता, ऋषि कुमार की निष्ठा पूर्वक सेवा समाज के लिए मिसाल है।

### हेमंत सरकार छात्र-युवा विरोधी : आइसा



**मेदिनीनगर।** जिले के छह मुहान चौक पर आइसा ने राज्य व्यापी प्रतिरोध के तहत हेमंत सरकार की नियोजन नीति पर प्रतिवाद किया। अध्यक्षता राज्य उपाध्यक्ष दानिश खान तथा संचालन जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरकार के विरुद्ध नारेबाजी के साथ हुई। आइसा पलामू प्रमंडलीय प्रभारी रंजीत सिंह चेरो ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार छात्र युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। नियोजन नीति सिर्फ धोखा देने वाला नीति साबित हुई। आइसा के जिला सचिव गौतम दांगी ने कहा कि हेमंत सरकार 15 दिनों के अंदर सुधार करे और तमाम नियुक्तियों पर आवेदन का परीक्षा कराये। हेमंत सोरेन नियोजन नीति हेतु बिना कोर्ट के केंद्र सरकार पर दबाव बनाये। नहीं तो आइसा उग्र आंदोलन को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

### नियोजन नीति लागू कराने को ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने राज्य के मुख्यमंत्री को नियोजन नीति को रद्द होने के बाद झारखंड के युवाओं के दर्द को बताया। कहा कि आज राज्य के युवा सड़क पर हैं। सरकार की बनायी नियोजन नीति असंवैधानिक थी, इसी कारण उसे हाई कोर्ट ने निरस्त कर दिया। राज्य के युवा जो कई सालों से कड़ी मेहनत से परीक्षा की तैयारी किये और परीक्षा दिये मगर नियोजन नीति रद्द होने से उनकी सारी मेहनत बेकार हो गयी। आजसू छात्र संघ ने सभी युवाओं के साथ मिलकर उनके आक्रोश मार्च में शामिल होकर उनकी आवाज बुलंद करते हुए राज्य सरकार से मांग करती है कि 1932 आधारित स्पष्ट नियोजन नीति बनायें, न कि सुप्रीम कोर्ट जाकर छात्रों के भविष्य के साथ खेलें। मौके पर जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा, छात्र नेता अभिषेक राज, विवि प्रभारी विनीत शुक्ला ने अपने विचार दिये। मौके पर जिला सचिव नीतिश मिश्रा, बिपिन शुक्ला, मुकेश पासवान, रवि कुमार, राहुल मेहता आदि उपस्थित थे।

### पथ निर्माण में अनियमितता, कराया बंद



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के रबदा पंचायत में डीएमएफटी की राशि से बन रहे पीसीसी पथ निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए काम को बंद करवाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीसीसी पथ का निर्माण कार्य में प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। वहीं पीसीसी पथ निर्माण में काम करने के लिए बाहर से मजदूरों को लाया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के अधिकतर लोग मजदूरी कर ही जीवन यापन करते हैं फिर भी बाहर के मजदूरों से कार्य करवाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित चतरा सांसद सुनील सिंह के जिला स्वास्थ्य एवं खेलकूद के सांसद प्रतिनिधि धीरज कुमार ने बताया कि संवेदक के द्वारा पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में मनमानी करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि संवेदक पीसीसी पथ निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य करें ताकि सरकार की राशि का सदुपयोग हो सके।

# जिले के अधिकारियों संग सुदूरवर्ती करकट्टा पंचायत के पाल्हे ग्राम पहुंचे उपायुक्त

- तीन किमी पैदल चल पहाड़ पर बसे आदिम जनजाति समुदाय के लोगों संग किया सीधा संवाद, परिसंपत्तियों का किया वितरण
- ग्रामीणों की मांग के अनुरूप होगा तालाब निर्माण, बंद पड़े स्कूल का पुनः होगा संचालन : उपायुक्त





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार पलामू।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे गुरुवार को जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड नौडीहा बाजार के करकट्टा पंचायत अंतर्गत हजारों फिट उपर करमा पाल्हे पहाड़ पर बसे पाल्हे, तुरकुन व करमा गांव पहुंचे। यहाँ वे कई सालों से पहाड़ पर निवास कर रहे आदिम जनजाति के लोगों संग संवाद कर उनकी जरूरतों व समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान स्थनीय ग्रामीणों ने उपायुक्त श्री दोड्डे के समक्ष पीएम आवास, अंबेडकर आवास, पानी, बिजली, पेंशन, शिक्षा, राशन, आंगनबाड़ी, सड़क, रोजगार आदि से संबंधित समस्याओं को रखा। इस दौरान उन्होंने कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही बच्चों के बीच खिलौने व टॉफी का भी वितरण किया। जिले के वरीय अधिकारियों संग पल्हे गांव पहुंचे उपायुक्त से ग्रामीणों ने गांव में बंद पड़े स्कूल को फिर से खोलवाने की मांग की साथ ही तालाब निर्माण हेतु भी अनुरोध किया। ग्रामीणों से संवाद के पश्चात उपायुक्त ने गीता कुमारी, रंजू देवी व कइल बैगा का ऑन स्पॉट पेंशन स्वीकृत किया साथ ही लोगों के बीच बढ़ती ठंड के मद्देनजर कंबल भी बांटा। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कई मांग किये गये हैं जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के मांग के अनुरूप शीघ्र ही तालाब निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी साथ ही शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर स्कूल का संचालन पुनः शुरू करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां पहुंचने का रास्ता कठिन है, रास्ते को सुगम बनाने हेतु वन विभाग से समन्वय स्थापित कर सड़क निर्माण की दिशा में जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा साथ ही बच्चे कुपोषण का शिकार ना हो इसके लिए नया आंगनबाड़ी केंद्र का भी संचालन किया जायेगा।

### पदाधिकारियों को दिया समस्या समाधान का निर्देश

उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि अगर गांव के लोगों व्यवसाय करना चाहते है वैसे लोगों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुक को लाभ दिलाया जायेगा। साथ ही उपायुक्त ने उस गांव तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण करने के लिए वन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया। पीएम आवास, पेयजल, वृद्धा व विधवा और विकलांग पेंशन शत प्रतिशत पूरा करने का आदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी को आदेश दिया। वहीं पर उपायुक्त ने कहा कि राशन सीधे इस गावं तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ट्रैक्टर देने की बात कहा वहीं पर ग्रामीण लोगों की समस्या सुनने के बाद बैठकर भोजन भी ग्रहण किया।

**रोजगार के लिए तीन युवाओं का चयन :** आदिम जनजाति बहुल पाल्हे गांव पहुंचे उपायुक्त ने रोजगार हेतु तीन युवाओं का चयन किया जिन्हें मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही यहां के स्थानीय ग्रामीणों के कोविड वैक्सीनेशन हेतु मोटर एंबुलेंस की व्यवस्था भी करवाई जायेगी। ज्ञातव्य है कि सड़क नहीं रहने के कारण इस इलाके के कई गांवों में एएनएम नहीं पहुंच पायी थी जिसके कारण इस क्षेत्र में वैक्सीनेशन का कार्य नहीं हो पाया था।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, जिला शिक्षा सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला वन पदाधिकारी, छतरपुर एसडीओ एनपी गुप्ता, नौडीहा बाजार बीडीओ जितेंद्र मंडल, स्थानीय मुखिया मंजू देवी, बीपीओ चंद्रशेखर कुमार, जिप सदस्य सुदामा पासवान, सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव, थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव, सरईडीह पिकेट प्रभारी महादेव उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।

# राइफल शूटिंग व आर्चरी कला में निपुण होंगे विद्यार्थी : डीएसपी

- बच्चों को बेहतर बनाकर खेल में आगे बढ़ायेंगे : अविनाश देव
- संत मरियम स्कूल में रायफल शूटिंग और आर्चरी का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएसपी।

**मेदिनीनगर।** संत मरियम छात्रावास प्रांगण में राइफल शूटिंग और आर्चरी का उद्घाटन डीएसपी सुरजीत कुमार, सार्जेंट मेजर मोमित अनीश कुजुर, सार्जेंट आकाश कुमार एवं स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि स्कूल में राइफल शूटिंग और आर्चरी को शामिल करने के बाद बच्चें इन दोनों कलाओं में भी निपुण हो सकते हैं। बदलते समय और परिवेश के अनुसार छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ ऐसे क्षेत्रों में सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा पलामू में पहली बार राइफल शूटिंग और आर्चरी को खेल के अनिवार्य हिस्से में जोड़ा गया है।

भारत विश्व स्तर पर इन दोनों खेलों में ख्याति प्राप्त कर चुका है अब वक्त है पलामू को इसमें सह भागिता सुनिश्चित करने की। छात्र अब केवल पढ़ाई में ही नहीं बल्कि खेल के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक ऊंचाइयों प्राप्त करें। विद्यालय प्रबंधन का यह प्रयास है कि हम अपने छात्रों को भिन्न-भिन्न खेलों में पारंगत करके उसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाए ताकि वह देश का नाम रोशन कर सकें। मौके पर आर्चरी और राइफल शूटिंग के शिक्षक सुमित कुमार, सुधांशु समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# ग्राहक सेवा केंद्र से करीब दो लाख रुपये लूट ले भागे अज्ञात अपराधी

- मोबाइल समेत दो लाख नकद राशि लूटकर भागने में सफल रहे, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



इसी ग्राहक सेवा केंद्र से हुई है लूट।

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के एनएच 98 पर स्थित ग्राम कंडा में संचालित ग्राहक सेवा केंद्र में दिनदहाड़े अज्ञात अपराधकर्मियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधी सेवा केंद्र के संचालक का मोबाईल एवं नकद लगभग दो लाख रुपये लूटकर भाग गये। ग्राहक सेवा केंद्र झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से सबद्धता प्राप्त था जिसका संचालन अमित कुमार करता था।

लूट के बाद संचालक के पिता अशोक कुमार साहू ने बताया कि जब लुटेरे ग्राहक सेवा केंद्र में आये थे उस वक्त भीड़ नहीं थी। मेरा पुत्र अकेला बैठा हुआ था। जिसे लुटेरों ने हथियार का भय दिखाकर उसके साथ हल्का मारपीट कर काउंटर में रखे पैसे लेकर भाग गये। इस संबंध में नावा बाजार थाना के सब इंस्पेक्टर कुणाल राजा ने बताया कि छतरपुर की ओर से दो मोटरसाइकिल पर चार अपराधी सवार होकर ग्राहक सेवा केंद्र कंडा में आकर रूके। अपराधी केंद्र के अंदर घुसकर संचालक को हथियार दिखाकर पैसा लेकर पंडवा थाना क्षेत्र की ओर भागने में सफल रहे। जिसका ट्रेस पुलिस कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज भी देखा जा रहा है।

# मुसहर टोला के मुसहर परिवारों के बीच बीडीओ ने बांटा कंबल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड में बढ़ते ठंड को देखते ठंड से बचाव के लिए गरीब एवं असहाय परिवारों को हर तरह की मदद के लिए बीडीओ अनिल कुमार ने प्रखंड के गरीब असहाय परिवार के बीच कंबल वितरण शुरू किया। उन्होंने नौडीहा पंचायत में जाकर चट्टानपुर मूसहर टोला में मूसहर परिवारों के बीच कंबल बांटा है। बीडीओ ने कहा कि इन दिनों ठंडा का प्रकोप काफी बढ़ा है। बिल्कुल ही गरीब एवं जरूरतमंद जिन्हें कंबल की सख्त जरूरत है उन तक कंबल पहुंचाया जायेगा। यहां स्थानीय मुखिया मंदीप मेहता ने मूसहर परिवार के लोगों की जानकारी दी। परिवार के लोग को कंबल की बेहद आवश्यकता थी। इसे देखते हुए प्रखंड प्रशासन कंबल मुहैया कराया है। इस तरह और भी जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए आगे भी कंबल की व्यवस्था की जायेगी। मौके पर बीडीओ ने कहा कि ऐसे परिवार को जिनके पास राशन कार्ड नहीं है उन्हें राशन कार्ड तथा आवास निर्माण के लिए अंबेडकर आवास योजना से लाभान्वित किया जायेगा।

# प्राचार्य, अध्यक्ष और संयोजिका पर कम पैसे बांटने का आरोप

- मामला उजागर होने पर बाद किया गया शेष पैसा वितरण
- दोषियों पर कार्रवाई करें डीसी और डीइओ : संग्राम सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के सधपुर उमवि में बच्चों के बीच कोरोना के समय का पैसा बांटने में घोर धांधली हुई है। यह आरोप जिप सदस्य संग्राम सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर लगाया है। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल के एमडीएम का पैसा बच्चों के बीच बांटने के लिए 1,87,710 रुपये आया था। जबकि प्राचार्य, अध्यक्ष और संयोजिका ने मात्र 87,710 रुपये ही बांटे। जांच में गबन का मामला सामने आया।

### ...और क्या बोले जिप सदस्य संग्राम सिंह

प्रेस वार्ता में संग्राम सिंह ने कहा कि इसके बाद बचने के लिए अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक ने फिर से एक लाख रुपये बच्चों के बीच बांटा, जो यह दर्शाता है कि अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक ने पैसे का घपला किया था। उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच पैसा वितरण के समय कोई भी स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। जो लोग इस कार्य में लिप्त थे उन्हीं लोगों ने पैसे का वितरण छात्रों के बीच किया। श्री सिंह ने पलामू के डीइओ और उपायुक्त से ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानाध्यापक स्कूल की पढ़ाई और विकास कार्य पर ध्यान दें। शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें ताकि बच्चे आगे चलकर बेहतर कर सकें।

### बीस सूत्री अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया डीडीसी का स्वागत



**मनातू पलामू।** प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू और 20 सूत्री उपाध्यक्ष सीना यादव ने नवनियुक्त आइएएस डीडीसी विसपुते श्रीकांत से औपचारिक मुलाकात की। साथ ही प्रखंड कार्यालय ऑफिस में नये डीडीसी का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। बीस सूत्री पदाधिकारियों ने क्षेत्र के विकास करने और जनहित में योजनाएं धरातल पर उतारने समेत कई समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष सीना यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बसंत सिंह और महेंद्र यादव भी शामिल थे।

### 24 जनवरी को कर्पूरी जयंती मनायेगा नाई समाज



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के कंकारी में राष्ट्रीय नाई महासभा पलामू की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार 24 जनवरी को चैनपुर में पूरे धूमधाम से कर्पूरी जयंती मनायी जायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश ठाकुर ने की। बैठक में नाई समाज की मजबूती पर चर्चा हुई। मौके पर चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर ठाकुर, शंकर ठाकुर, मनोज ठाकुर, सुरेश ठाकुर, अनुज ठाकुर, सुनील ठाकुर, रवि ठाकुर, संतोष ठाकुर, सतीश ठाकुर, श्रवण ठाकुर, पवन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, अरविंद ठाकुर, शंभु ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, वेद प्रकाश ठाकुर समेत काफी संख्या में राष्ट्रीय नाई महासभा के सदस्य उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर से दबकर पति की मौत पत्नी ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी पंचायत के सरईडीह गांव निवासी देवंती देवी ने अपने पति सुरेंद्र सिंह (31) के ट्रैक्टर से दब जाने के बाद मौत का मामला सतबरवा थाना में गुरुवार को दर्ज कराया है। लिखित आवेदन में देवंती देवी ने कहा है कि बरवाडीह प्रखंड के सरईडीह गांव निवासी महफूज अंसारी पिता इस्लाम मियां के ट्रैक्टर में मेरे पति सुरेंद्र सिंह मजदूरी का काम किया करते थे। प्रतिदिन की तरह 19 दिसंबर 2022 के करीब 7:00 बजे शाम में अन्य मजदूर चंदन भुईया, मंटू भुईया के साथ नदी से बालू लेने सतबरवा थाना के कोयल नदी के किनारे पत्थर चट्टी घाट गए थे। इसी दौरान रास्ता ने ढलान होने के कारण ट्रैक्टर की तकनीकी खराबी आ गई और ट्रैक्टर ट्राली समेत पलट गई। जिसमें मेरे पति ट्रॉली के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

### तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**मेदिनीनगर।** पीओपी टू थाना क्षेत्र के टीवी शोरूम के पीछे स्थित बड़ा तालाब में पैर फिसल जाने के कारण 60 वर्षीय पारस शुक्ला की मौत हो गई। सूचना पाते ही टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस सदल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और अंत्य परीक्षण कराने के लिए मेडिकल कॉलेज ले गये। इस संबंध में उन्होंने बताया कि पारस शुक्ला पीता ननकू शुक्ला लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अखोरी दिदरी के रहने वाले हैं। जो रेडमा के विभिन्न होटलों में भार से पानी दिया करते थे। वे रात्रि में ठाकुरबाड़ी मंदिर में सोते थे।

# धान अधिप्राप्ति की अनुमति मांगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**मेदिनीनगर।** बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय उर्फ मुन्ना पांडेय ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से यह मांग किया है किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति करने का स्वीकृति प्रदान किया जाये। उन्होंने कहा कि 780 शेयर धारक किसान एफपीओ से जुड़ चुके हैं। जबकि हमारे पास 4.50 हजार शेयर राशि जमा है। जबकि नाबार्ड से दो लाख रुपये पीएफओ को मिल चुका है। मेरे पास करीब पांच लाख पूंजी जमा है। जिससे मैं किसानों के धान अधिप्राप्ति के बाद सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य की राशि निर्गत करने में सक्षम हूं।

**बकरी पालन के प्रशिक्षण को 10 लोग भेजे गये मथुरा :** बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी ने बकरी पालन के लिए 10 लोगों को मथुरा भेजा है। कंपनी के सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय उर्फ मुन्ना ने बताया कि गांव के बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए नाबार्ड के सहयोग से पशुपालन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके तहत 10 लोगों को मथुरा में बकरी पालन प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षणार्थियों को नाबार्ड से उन्हें पांच बकरियां दी जायेंगी।

### सुदूरवर्ती इलाकों तक होगी खाद्य आपूर्ति : रूद्र शुक्ला



**मनातू पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के मनातू प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय ब्लॉक परिसर के सभागार में खाद्य आपूर्ति विभाग की बैठक हुई। जिसके मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि सह पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी विधानसभा रूद्र शुक्ला थे। कार्यक्रम में मनातू सीओ सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी शेखर वर्मा, एजीएम देवप्रिय, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार शामिल थे। मौके पर मंत्री प्रतिनिधि श्री शुक्ला ने कहा कि मनातू प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों तक खाद्य आपूर्ति हर हाल में कराया जायेगा। खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित समस्याओं को मंत्री रामेश्वर उरांव ने दूर करने का निर्णय लिया है, जो व्यक्ति या पदाधिकारी इस कार्य मे दोषी पाए जायेंगे तो उनपर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर मनोज यादव, चंदन गुप्ता, मो अलिम अंसारी, तरहसी प्रखंड के प्रोफेशनल कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर मेहता, प्रखंड युवा अध्यक्ष प्रकाश रंजन शुक्ला, इंद्रदेव तिवारी, बैजनाथ सिंह, अरविंद कुमार, छोटू कुमार आदि थे।

# सरकारी स्कूल के बच्चों को अब साफ सफाई के साथ मिलेगा स्वादिष्ट भोजन

- प्रखंड स्तरीय रसोइया सह सहायिका प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रतियोगिता के दौरान प्रमाण पत्र के साथ रसोइया-सहायिका।

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड स्तरीय रसोइया सह सहायिका प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को प्रखंड संसाधन केंद्र सतबरवा में किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी सीआरसी स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाली रसोईया सह सहायिकाओं ने भाग लिया।

**इन्होंने की स्वाद की जांच**

प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र कुमार तिवारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, मध्याह्न भोजन प्रभारी विवेक कुमार सिन्हा, सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा, राम अमृतम, मोहम्मद आसिफ, शैलेश कुमार, लेखापाल शैलेश कुमार के अलावे प्रणव पाठक, संजीत कुमार व गुलाम सरवर के द्वारा खाना बना रही रसोइया सह सहायिका का अवलोकन किया तथा खाना की स्वादिष्टता की जांच की।

**क्या बोले बीइइओ**

मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा विद्यालय में खाना बनाने वाली रसोईया सह सहायिका के बीच खाना बनाने का प्रतियोगिता का आयोजन सीआरसी, बीआरसी, जिला तथा राज्य स्तर पर करवा रही है ताकि रसोइया में स्वादिष्ट भोजन बनाने व साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने की प्रेरणा जागृत हो और विद्यालय में बच्चों को साफ सफाई के साथ स्वादिष्ट भोजन मिल सके। वहीं उन्होंने कहा कि सभी स्तर के प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले रसोईया सह सहायिकाओं को पुरस्कार दिया जायेगा।

# जल्द नयी नियोजन नीति बनाकर नियुक्तियां शुरू करे राज्य सरकार

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक जिला संयोजक अभय वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन परिषद के नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से वर्तमान झारखंड सरकार द्वारा बनाई गई नई नियोजन नीति को उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त किए जाने पर चर्चा की गयी। बैठक में निमावली को बताते हुए विनीत पांडे ने कहा कि झारखंड सरकार की वर्ष 2021 की नियुक्ति नियमावली को झारखंड हाईकोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है।

**खास बातें :** अदालत ने झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को इस नीति के तहत निकाली गयी नियुक्ति के सभी विज्ञापन रद्द करते हुए नया विज्ञापन निकालने को कहा है। अदालत ने कहा है कि सरकार की नीति में झारखंड के संस्थान से ही 10वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी करने की बाध्यता सिर्फ सामान्य श्रेणी के लोगों के लिए लगाई गई है जबकि आरक्षित श्रेणी इससे बाहर है। सरकार का यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब वैसे अभ्यर्थी भी जेएसएससी और जेपीएससी की नियुक्ति प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं जिन्होंने झारखंड के बाहर 10वीं और 12वीं की पढ़ाई की है। जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार छात्र हित का ख्याल रखते हुए जल्द नई नियोजन नीति बनाये और राज्य की सभी रिक्तियां जल्द भरे। बैठक में जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, एसएफएस प्रमुख रजनीकांत मिश्रा, एसएमडी प्रमुख गोविंद मेहता, मेदिनीनगर नगर सह मंत्री नितीश दुबे अभिषेक कुमार रवि, प्रकाश पांडे, धीरज कुमार पांडे निलेश यादव, मिथिलेश यादव, सौरभ पांडेय आदि थे।

# ज्ञान विज्ञान समिति ने जिले में मनाया 33वां स्थापना दिवस

## अंधविश्वास मिटाने व वैज्ञानिक चेतना पर दिया गया जोर



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्ञान विज्ञान समिति पलामू ने 33 वां स्थापना दिवस पूरे जिले में अंधविश्वास और वैज्ञानिक चेतना के रूप में मनाया। इस अवसर पर सदर मेदनीनगर में स्थापना दिवस कार्यक्रम विनीता देवी की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें उपस्थित ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि 22 दिसंबर 1989 को संगठन की नींव रखी जिसे आगे चलकर आजादी के बाद की सबसे बड़ी लामबंदी की। धर्म जाति लिंग क्षेत्र आर्थिक असमानताओं से ऊपर उठकर कर लोग बिना किसी आर्थिक प्रलोभन के सिर्फ एक मकसद के लिए आगे आये कि देश को साक्षर करना है। निरक्षरों को केवल अंक और अक्षर ज्ञान नहीं उन्हें दुनिया को समझने का कौशल देना है। उन्हें अपनी बदहाली के कारणों को जानने में सक्षम बनाना है था उन्हें अपने हालात बदलने के लिए संगठित करना था । इसके अलावे लेस्लीगंज, पांकी, छतरपुर, मोहम्मदगंज, तरहसी व मनातू प्रखंड में भी स्थापना दिवस मनाया गया। लेस्लीगंज में अनीता देवी प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें जिला सचिव अजय साहू ने अपने विचार व्यक्त किये। पांकी प्रखंड में रामराज सिंह की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के उपाध्यक्ष रामानुग्रह सिंह ने कहा कि जन विज्ञान आंदोलन और भारत ज्ञान विज्ञान समिति के सामने देश को बचाने के लिए एक वैकल्पिक आंदोलन खड़ा करने की जिम्मेदारी थी और ऐसे समाज के निर्माण के लिए वातावरण तैयार करना था जो जनभागीदारी पर आधारित लोकतांत्रिक और वैज्ञानिकों तथा किसी प्रकार के लिंग जाति वर्ग क्षेत्र के भेदभाव से मुक्त हो। मौके पर छतरपुर में सुहैल हक, जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष कंचन विश्वकर्मा , तरहसी व मनातू में कपिल देव सिंह , पाटन में शशिभूषण गिरी और पिपरा हरिहरगंज प्रखंड का स्थापना दिवस कार्यक्रम रूमीनाज नूरी का अध्यक्षता में संपन्न हुआ। रामगढ़ और चैनपुर प्रखंड का स्थापना दिवस कार्यक्रम अनीता मिश्रा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# बीस सूत्री की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीस सुत्री के अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय तथा संचालन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी ने किया। बैठक में पुर्व में उठाए गए समस्या के निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। बैठक में बीज वितरण, छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री आवास, जनवितरण कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में अनुपस्थित विभाग के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई।

बैठक में सहकारिता विभाग, बैंक विभाग, चिकित्सा विभाग, पीएचडी विभाग, बिजली विभाग के द्वारा कोई भी अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित नहीं थे। जिस पर बीस सुत्री सदस्य के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया। इस पर पाटन बीडीओ ने कहा कि जो भी विभाग से संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हैं उनसे स्पष्टीकरण के लिए लिखा जायेगा तथा संतोष जनक जवाब नहीं देने पर संबंधित विभाग को कार्रवाई हेतु लिखा जायेगा। बैठक में सीडीपीओ सुनीता कुमारी, एजीएम सुनील कुमार, जेपीएस कामेश्वर मेहता, मनरेगा के बीपीओ अंचल बड़ा बाबु अमीत कुमार, पंचायत राज कोर्डिनेटर अमित कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमा सिंह, बीस सुत्री सदस्य कमेश पाण्डेय, कमलेश कुमार मेहता, सतीष उपाध्याय, कुसुम देवी, ईश्तेखार अंसारी, शमशेर आलम आदि लोग उपस्थित थे।

# बच्चों के बीच आकर मेरे भीतर का बच्चा जाग गया : नानक चंद

## डीएवी स्कूल में नवनिर्मित भवन आनंद स्वामी ब्लॉक का उद्घाटन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल में नवनिर्मित भवन आनंद स्वामी ब्लॉक का उदघाटन डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के कोषाध्यक्ष नानक चंद किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि के परिसर में पहुंचते ही नागपुरी नृत्य से स्वागत करते हुए एनसीसी कैडेट्स के साथ अन्य छात्र पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें उनके आसन तक ले गये। अतिथियों का स्वागत वेद मंत्रों के बीच तिलक लगाकर किया गया। मुख्य कार्यक्रम विद्यालय के मंच पर प्रसिद्ध गणितज्ञ श्री एस रामानुजन के जन्मदिन पर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि आज जब मैं आपके बीच आया तो आपको देखकर मेरे भीतर का बच्चा जाग गया। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आपका बच्चा जो पाठ्यक्रम पढ़ रहा है वही पाठ्यक्रम बांग्लादेश की सीमा पर बैठा बच्चा या चेन्नई का बच्चा भी पढ़ रहा है। जब प्रतियोगी या बोर्ड परीक्षा का परिणाम आता है और आप उस पर गर्व करते हैं तो हम भी आपके बच्चों के परिणाम पर उतना ही गर्व करते हैं। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्था एवं बेहतर प्रबंधन हेतु स्थानीय प्रबंध समिति एवं प्राचार्य को धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने कहा कि हम अपने मुख्य अतिथि के विद्वत्ता का लाभ समय-समय पर प्राप्त करते रहते हैं । पाठ्य सामग्री एवं अन्य संसाधनों की वृद्धि की चिंता करते रहते हैं। बच्चों की सुरक्षा हेतु विद्यालय भवन की मरम्मत का कार्य भी चल रहा है। डीएवी स्कूल का छात्र अनिमेष रंजन आई.ए.एस बनकर झारखंड के देवघर में अपनी सेवा दे रहे हैं । कहा कि विद्यालय आपके मार्गदर्शन में नित नई ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम में संथाली नृत्य ओका चाली एवं अन्य आदिवासी नृत्य के साथ विद्यालय के छात्रों ने बैंड वादन का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की स्थानीय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजा ने भी नानक चंद जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर स्थानीय प्रबंध समिति के सदस्य एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ जयकुमार एवं गुरबीर सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका मीनाक्षी करण ने किया।

# युवाओं ने छह मुहान से निकाली रैली




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के छात्र युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, नई नियोजन नीति को नौवीं अनुसूची में शामिल करो, सभी रिक्त स्थानों पर अविलंब बहाली शुरू करो, परीक्षा कैलेंडर को लागू करो की मांग के साथ आरवाईए केंद्रीय परिषद सदस्य दिव्या भगत के नेतृत्व में छह मुहान से लेकर समाहरणालय तक छात्र युवाओं की रैली निकाली गई।

कुछ दिनों पहले नियोजन नियमावली 2021 को कोर्ट ने रद्द कर दिया है और परीक्षा कैलेंडर को वापस लेने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। इस वजह से लाखों झारखंडी युवा जो नौकरी की तैयारी में लगे थें, परीक्षाएं दे रहे थें, उनका भविष्य अधर में लटक गया है। दिव्या भगत ने मौके पर कहा कि झारखंड में लगातार इस तरीके से झारखंड युवाओं को छला जा रहा है। पहले नियोजन नियम और नीति नही बनते हैं, और बनने के बाद उसे कोर्ट द्वारा खारिज, निलंबित किया जाता है। इस वजह से लाखो युवाओं की उम्र सीमा खत्म हो गई और हो रही है। झारखंड में 3.5 लाख से अधिक पद रिक्त हैं पर बहाली नही हो रही है। राज्यपाल, केंद्र सरकार इस पर पहल नहीं कर रहे हैं। झारखंड के युवा इन वजहों से बेरोजगार होने को मजबूर हैं।

मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष इजहार अली हैदर ने कहा की झारखंड के नौजवान अब इस इन स्थितियों को और नही झेलेंगे। मौके पर साथ में अंबेडकर छात्रावास से घनश्याम कुमार, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव पवन विश्वकर्मा, अखिलेश यादव, उमेश कुमार साथ सैकड़ों छात्रों युवाओं ने छः मुहान से समाहरणालय तक जोरदार नारो के साथ मार्च किया और समाहरणालय का गेट जाम किया।

# अजहर ने टाटा स्टील टूर चौंपियनशिप 2022 में आधी बढ़त हासिल की

## शिव कपूर और कपिल कुमार नजदीकी अंतर से दूसरे नंबर पर हैं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विकाराबाद, तेलंगाना के मोहम्मद अजहर ने फाइव-अंडर 67 के दूसरे राउंड में हाफवे लीड हासिल की। 3 करोड़ रुपये की ईनामी राशि वाली टाटा स्टील टूर चौंपियनशिप 2022, टाटा स्टील पीजीटीआई का सीजन-एंडिंग इवेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेला जा रहा है। 23 वर्षीय अजहर, जो वूटी गोल्फ काउंटी से ताल्लुक रखते हैं और एक पेशेवर के रूप में केवल अपना दूसरा सीजन खेल रहे हैं, ने दो दिनों में कुल 12-अंडर 132 का स्कोर किया और रातोंरात अपने तीसरे स्थान से दो स्थानों की छलांग लगाई और रेस्ट अफ द फील्ड पर एक शट का फायदा भी उठाया।

चार बार के एशियाई टूर विजेता शिव कपूर (69), 69 के कार्ड के साथ, 11-अंडर 133 के साथ दिल्ली के कपिल कुमार (70) के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। पीजीटीआई पर सबसे समृद्ध आयोजन के पहले दो राउंड में गोलमुरी गोल्फ कोर्स में पहले नौ होल और बेल्डीह गोल्फ कोर्स में दूसरे नौ होल खेले गए जबकि मैदान के दूसरे आधे हिस्से ने पहले बेल्डीह और उसके बाद गोलमुरी में खेला। जमशेदपुर में टूर्नामेंट के अगले दो राउंड के लिए भी इस प्रारूप का पालन किया जाएगा, जिसमें राउंड 72 के बराबर होगा। लीडिंग ग्रुप्स गोलमुरी से स्टार्ट करेंगे और बेल्डीह में फिनिश करेंगे। मोहम्मद अजहर (65-67), जो वर्तमान में टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में 53वें स्थान पर हैं, इस सीजन में एक टप-10 के साथ, अपने तूफानी फ्रंट-नाइन के दौरान पिन के करीब से फायरिंग करते रहे जिसमें एक ईगल, पांच बर्डी और दो बोगी शामिल थे। 2020 में पेशेवर बने अजहर ने इसे फ्रंट-नाइन पर पांच मौकों पर पांच फीट के भीतर लैंड कराने में सफलता पाई। अजहर के पास अपेक्षात एक शांत बैक-नाइन था जहां उन्होंने 17वें पर डबल बोगी के बदले में दो बर्डी हासिल की। अजहर ने कहा कि, ''मैंने आज कुछ बेहतरीन टी शट्स मारे, दूसरे शट भी बेहतर और पटिंग में भी कंसिस्टेंट रहा। मैं इस कोर्स में खेलने को लेकर काफी आश्वस्त हूं क्योंकि मैंने पिछले साल भी यहां अच्छा खेला था। मैंने अपने खेल पर ध्यान दिया और एक बार में एक शट लिया।

''मुझे खुशी है कि मैंने अपने प्रो करियर के पहले दो वर्षों में खुद को शीर्ष -60 में बनाए रखा। मेरा ध्यान अगले दो दिनों में अच्छा स्कोर करने के लिए अपनी पटिंग पर रहेगा। शिव कपूर (64-69), दूसरे दिन भी दूसरे स्थान पर बने रहे, एक राउंड के बाद लीड के नजदीक रहे जिसमें छह बर्डी और तीन बोगी शामिल थे। फर्स्ट राउंड लीडर, कपिल कुमार (63-70), एक स्थान लुढ़क कर कपूर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कपिल ने गुरुवार को चार बर्डी और एक डबल बोगी लगाई। टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में अग्रणी मनु गंडास 68 के स्कोर के साथ 10-अंडर 134 के साथ करणदीप कोचर (67) और कार्तिक शर्मा (67) के साथ चौथे स्थान पर रहे।

मनु गंडास टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग ताज के लिए पसंदीदा बने हुए हैं क्योंकि वह इस समय खिताब के लिए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों - अजितेश संधू (छह-अंडर 138 के साथ 15वें स्थान पर) और युवराज सिंह संधू (टू अंडर 142 के साथ 32वें स्थान पर हैं) से आगे हैं। विराज मडप्पा ने अपने 69 के राउंड के दौरान पहले होल पर होल-इन-वन किया और वन-अंडर 143 के साथ 36वें स्थान पर रहे।

प्रमुख नामों में, ज्योति रंधावा और गत चौंपियन उदयन माने आठ-अंडर 136 के साथ संयुक्त नौवें, एसएसपी चौरसिया छह-अंडर 138 के साथ संयुक्त 15वें, गगनजीत भुल्लर 65 के दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ तीन-अंडर 141 के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर रहे और जीव मिल्खा सिंह सात-ओवर 151 के साथ 70वें स्थान पर थे। जमशेदपुर के दो पेशेवर, करण टौंक (वन-ओवर 145) और कुरुश हीरजी (थ्री-ओवर 147) क्रमशः 48वें और 57वें स्थान पर हैं।

# पोस्टमार्टम करते वक्त सिहरे डॉक्टर

## कुछ अंग गायब, तो कुछ को दूसरे संग जोड़ना हुआ मुश्किल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** साहिबगंज के आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय की युवती रुबिका के शरीर के 28 टुकड़ों का पोस्टमार्टम दुमका में चिकित्सकों ने किया था। इन टुकड़ों को इंसानी आकार देने में ही तीन घंटे से अधिक समय लगा था। टुकड़ों को देखकर चिकित्सक भी सिहर गए थे।

माना जा रहा है कि रुबिका के शरीर को इतनी बेरहमी से काटकर टुकड़े-टुकड़े किया गया कि इसमें कम से कम पांच से छह घंटे तक लगे होंगे। पोस्टमार्टम विभाग के सूत्रों ने बताया कि तेज धार वाले हथियार का इसमें इस्तेमाल किया गया है। शरीर के कई भाग की खाल भी छील दी गई है। कई हिस्सों खासकर पिछले हिस्से की चमड़ी उतार दिए जाने से सिर्फ मांस दिख रहा था।

पोस्टमार्टम के लिए पांच प्लास्टिक बैग में शव के टुकड़ों को लाया गया था। जब इनको आकार दिया गया तो सिर, फेफड़े, सात अंगुलियां, बाएं हिस्से की पसली, पेट का हिस्सा समेत कई अंग गायब मिले।

दोनों किडनियां आधी मिलीं, प्लीहा भी दो टुकड़े में था। शरीर के दस में से मात्र तीन अंगुलियां मिलीं। बच्चेदानी भी मिली है। हड्डी, नाखून, बच्चादानी को जांच के लिए रांची भेजा जाएगा। दुमका के पोस्टमार्टम हाउस में काम करने वाले सफाईकर्मी व करीब एक शव पर 100 रुपये पाने वाले सहयोगी ने बताया कि वह साल 2009 से पोस्टमार्टम हाउस में है।

अब तक 4000 से अधिक शवों के पोस्टमार्टम के साक्षी हैं, अपने जीवन में ऐसा वीभत्स वाकया नहीं देखा। शरीर के इतने टुकड़े देखकर रोंगटे खड़े हो गए थे। चिकित्सकों के चेहरों पर भी सिहरन दिख रही थी। एक-एक अंग को दूसरे अंग से जोड़कर इंसानी आकार देने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# चकला के पावर प्लांट परिसर में जांच एजेंसी ने मारा छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चकला पंचायत के बाना गांव स्थित बंद पड़े पावर प्लांट में गुरुवार की दोपहर जांच एजेंसी की एक टीम ने छापेमारी की। छापामारी टीम दोपहर करीब डेढ़ बजे प्लांट पहुँची और कॉर्पोरेट पावर लिमिटेड एवं लिक्विडेशन कर रही कंपनी के कर्मियों से पूछताछ की। टीम ने सारे दस्तावेज की मांग करते हुए आवश्यक जानकारी मांगी। कर्मियों से लिये गए कागजातों को एक रूम में रखकर सील कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक करीब 7 घण्टो तक जांच एजेंसी ने छापामारी की थी। जांच एजेंसी एसीबी की टीम थी या फिर सीबीआई की इस पर संशय बना हुआ था।

सूत्रों ने बताया कि उक्त छापामारी प्लांट में हो रही स्क्रैप के नाम पर अनिमियता की शिकायत पर की गयी है। बता दें कि प्लांट बंद होने के बाद बैंकों की देनदारी के लिए उक्त बंद पड़े प्लांट को नीलाम कर दिया गया। स्क्रैप का ऑक्शन कर इसे बेचा जाने लगा। हालांकि स्क्रैप का काम शुरू होते ही विवाद शुरू हो गया था। मैन पावर ने पूरी प्रक्रिया को अवैध बताते हुए कई बार हंगामा भी किया। मैन पावर के लोगों का कहना था कि गलत तरीके से स्क्रैप के नाम पर प्लांट की संपत्ति बेची जा रही है।

# 5122 लड़कियों व महिलाओं को शिक्षा व कौशल विकास में मदद करेगा फाउंडेशन : शालू जिंदल

## आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों-महिलाओं को बना रहा सशक्त, मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, समाज विज्ञान एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए कुल 5630 लड़कियों और महिलाओं को फाउंडेशन दे रहा सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सामाजिक सेवा शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने महत्वाकांक्षी 'यशस्वी योजना' का दायरा बढ़ाते हुए शिक्षा एवं कौशल विकास में सहयोग करने के लिए झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि की 5122 लड़कियों और महिलाओं का चयन किया है। इसके तहत मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, समाज विज्ञान और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के सपने देख रहीं कुल 5630 लड़कियों और महिलाओं को आर्थिक मदद दी जा रही है। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने इस योजना का शुभारंभ करते हुए बुधवार की देर शाम 5122 लड़कियों और महिलाओं को छात्रवृत्ति का पत्र प्रदान किया।



वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिये जानकारी देतीं शालू जिंदल।

मौके पर पर शालू जिन्दल ने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की अनेक महिलाओं और लड़कियों के लिए गुणवत्ता युक्त शिक्षा और कौशल विकास अभी भी एक बड़ी चुनौती है। यशस्वी योजना उच्च शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें खुशी है कि इस योजना के प्रथम चरण की लाभार्थी अनेक बेटियों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार मिल गया है। हमें उम्मीद है कि दूसरे चरण में आज जिन्हें छात्रवृत्ति दी गई है, उससे और अधिक महिलाओं और लड़कियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मौजूद जेएसपी फाउंडेशन की सलाहकार समिति की सदस्य यशस्विनी जिन्दल ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाली महिलाओं और लड़कियों को प्रोत्साहित भी किया। चयनित छात्राओं को उनकी पसंद के संस्थान/ कॉलेजों में व्यावसायिक/ सामान्य शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए पाठ्यक्रम शुल्क और अन्य संबद्ध शुल्क के मद में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। समूह के सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जेएसपी के सीईओ (स्टील) डीके सरावगी, रायगढ़ प्लांट के कार्यकारी निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय, तमनार के कार्यकारी निदेशक छबिनाथ सिंह समेत कई गण्यमान्य लोग मौजूद थें। धन्यवाद ज्ञापन जेएसपी अंगुल के कार्यकारी निदेशक हृदयेश्वर झा ने ज्ञापित किया। गवर्नमेंट मेडिकल कलेज-सुंदरगढ़ (ओडिशा) से एमबीबीएस कर रहीं प्रियंका बिसोयी समेत अनेक छात्राओं ने जेएसपी फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि वे अब अपने सपने साकार करेंगी।

### जेएसपी फाउंडेशन ने वित्त वर्ष 2022-23 में इस मद में 12 करोड़ रुपये किये हैं आवंटित

अगस्त 2022 में शुरू हुए पहले चरण में 508 लड़कियों को सहयोग मिला। जेएसपी फाउंडेशन ने वित्त वर्ष 2022-23 में इस मद में 12 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। यशस्वी योजना के दूसरे चरण के लिए 10 हजार से अधिक आवेदन आए, जिनमें से 10 राज्यों की 326 संस्थाओं में दाखिला लेने वाली 5122 छात्राओं का चयन किया गया। इनमें 2823 मेडिकल, डेंटल, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस, नर्सिंग, सामाजिक विज्ञान, कानून, सामाजिक कार्य, औषधि आदि की पढ़ाई कर रही हैं। जबकि 2299 सौंदर्य चिकित्सा, सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर हार्डवेयर, आईटी, रिटेल मैनेजमेंट, सेवा-सत्कार, डाटा एंट्री जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम जुड़ी हुई हैं।

# कम होते मजदूर

हम श्रमिकों की आपूर्ति और बचत को लेकर एशिया की वृद्ध होती आबादी के प्रभाव का आकलन करने की परियोजना पर काम कर रहे हैं। एशिया की दस बड़ी अर्थव्यवस्थाओं (ए-10ः चीन, भारत, इंडोनेशिया, जापान, फिलिपींस, वियतनाम, थाईलैंड, कोरिया, मलेशिया और ताइवान ) में जनसांख्यिकीय परिवर्तन की गति आर्थिक संक्रमण से कहीं तेज है। ए-10 देश, जो विनिर्मित वस्तुओं के वैश्विक व्यापार में वर्चस्व रखते हैं, उनकी संख्या 2010 तक वृद्धिशील वैश्विक कामगारों की आधी थी, लेकिन जल्द ही उनकी कामकाजी आबादी बूढ़ी होती दिखेगी। वहीं वैश्विक आबादी तो अभी भी निरंतर बढ़ने पर है, लेकिन जिन देशों में युवाओं की आबादी बढ़ रही है, उनमें राजनीतिक रूप से स्थिरता कम होने के साथ ही आर्थिक मोर्चे पर उनका जुड़ाव भी नहीं है। इन देशों के रुझान भी विविधता लिए हुए हैं। जहां भारत, इंडोनेशिया और फिलिपींस में कामगारों की संख्या में सालाना 0.9 से 1.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा सकती है, लेकिन चीन, जापान, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया में यह सालाना 0.2 से एक प्रतिशत के संकुचन का शिकार हो सकती है। इसके अतिरिक्त, एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में श्रम बल भागीदारी अनुपात तो ऊंचा रहा है, लेकिन वह भी अब अवसान की ओर है, जिसमें निकट भविष्य में और गिरावट के आसार हैं। इस गिरावट का एक बड़ा पहलू यही है कि लोग शिक्षा प्राप्त करने में अधिक वर्ष लगा रहे हैं, लेकिन यह कामगार उपलब्धता को घटा देता है। इसके अतिरिक्त, हमारे ट्रेडमार्क-मालिकाना सर्वे के निष्कर्ष भी इस परिकल्पना को पुष्ट करते हैं कि उत्तर एशियाई देशों में जैसे-जैसे आय बढ़ती है, वैसे-वैसे औद्योगिक नौकरियों में काम करने की युवाओं की इच्छा भी घटती जाती है। अर्थव्यवस्थाओं के अधिक समृद्ध होने के कारण सेवाओं की बढ़ती मांग भी।

# मोटे अनाज पर बल

देश के राष्ट्रीय चैनल पर मोटे अनाज के खाने में उपयोग को लेकर लगातार सूचना प्रकाशित हो रहा है जिससे लोगों में जागरुकता आये। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस विषय पर संवाद कर रहें हैं। कई कार्यक्रमों में इस बात की पैरवी करते नजर आ रहें हैं कि मोटे अनाज का सेवन किया जाए। विगत दिनों भाजपा संसदीय दल की बैठक में बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज और खेलों की अहमियत पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संसद परिसर में सांसदों के लिए आयोजित एक विशेष दोपहर भोज में भी हिस्सा लिया, जिसमें मोटे अनाजों के व्यंजन परोसे गए। संसदीय दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मोदी ने भाजपा सांसदों से कहा कि देश के ज्यादातर छोटे किसानों द्वारा उगाए जाने वाले मोटे अनाज को लोकप्रिय बनाना देश की सेवा करने के बराबर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने उनकी सरकार के अनुरोध पर 2023 को मोटे अनाज का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है क्योंकि उन्होंने मोटे अनाज को भोजन का एक लोकप्रिय विकल्प बनाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री ने सांसदों से कबड्डी जैसे भारतीय खेलों पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा। पिछले कुछ वर्षों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भाजपा की प्रमुख पहलों में से एक रहा है। सरकार ने मंगलवार को सभी सांसदों के लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी भी की। इस आयोजन के केंद्र में मोटे अनाज से बने व्यंजन रहे। भोज के बाद प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, संसद में शानदार दोपहर के भोज में मैं शामिल हुआ, जहां मोटे अनाज के व्यंजन परोसे गए। मडुआ, मकई,रागी,बाजरा सहित देश के मोटे अनाज के सेवन से मधुमेह, रक्तचाप, कैंसर,टीवी सहित दर्जनों रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है और दुनिया में इसका महत्व बढ़ रहा है।

# वर्तमान संदर्भ में संस्कृति और देश की अग्णि परीक्षा





-कुमार गौरव

> भारत के का निर्माण और भारत की आजादी कुर्बानियों से बंधा था और यह सत्य, प्रेम न्याय पर आधारित व्यवस्था थी इस कारण धीरे-धीरे भारत आगे बढ़ने लगा। अगर महाभारत काल को ज्ञात जगत का सबसे पुराना घटना मान ले तो वहां से जो संदेश मिलता है वह भी न्याय का है। कुल मिलाकर धर्म न्याय है और न्याय को ही अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है। भारत भला इसमें पीछे रहता ।

**अजीब** विडंबना है देश के साथ। देश हर उम्र, हर काल चक्र , हर समय चक्र सतयुग हो या द्‌ापर या कलयुग हो हर युग में अग्नि परीक्षा देकर अपनी अस्तित्व को जीवित रखा है। दुनिया का सबसे संपन्न देश जब पूरी दुनिया की 36 प्रतिशत जीडीपी भारत की हुई करती थी और तब दुसरे देश विकास की कल्पना से कोसो दूर थे। 1300 ईसवी तक हमारा देश विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश रहा। लेकिन विदेशी आंक्राताओं के कुटील चाल को धर्म पर आरुढ़ भारतीय जनमानस समझ न पाया और अपनी सरलता, विनम्रता और सदियों पुरानी क्षमा कर देने की नीति के कारण युद्ध ही नहीं हारा गुमाम भी हो गया। कहते हैं कि गुलामी के बाद व्यक्ति, समाज, राष्ट्र शक्तिविहीन हो जाती है। परंतु इंडिया के पूर्वज इतने शालीन ,स्वस्थ विचारधारा के थे कि उन्होंने प्रकृति को एक नई विचारधारा दी, जिसे कुबार्नी कही गयी। लेकिन आज भारत फिरसे उठ खड़ा होने के लिये तैयार है। विदेशी आक्रांताओं के साये से निकला तब देशी-विदेशी राष्ट्र विरोधी ताकतों ने ऐसा जाल बुना कि कभी कश्मीर तो कभी पंजाब तो कभी गुजरात जलता रहा। चूकी भारत के का निर्माण और भारत की आजादी कुर्बानियों से बंधा था और यह सत्य, प्रेम न्याय पर आधारित व्यवस्था थी इस कारण धीरे-धीरे भारत आगे बढ़ने लगा। अगर महाभारत काल को ज्ञात जगत का सबसे पुराना घटना मान ले तो वहां से जो संदेश मिलता है वह भी न्याय का है। कुल मिलाकर धर्म न्याय है और न्याय को ही अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है। भारत भला इसमें कैसे पीछे रहता ।

भारत को रामायण काल से देख लीजिए। दस हजार साल पूर्व की संस्कृति और विरासत में जो कुछ छिपा है वह आज भी देश की एकता की कड़ी है और समाज के सभी वर्गो को जोड़ता है।

राम ने हर घड़ी अग्नि परीक्षा दी। राम को मयार्दा पुरुषोत्तम राम बनाने हेतु राजमहल छोड़कर वनवास चुना। यह चुनकर पिता धर्म निभाया हा! राजा राम की पत्नी की ही अपरहण हो जाती है। वे वनवास परहैं। वे चाहते तो अपने अयोध्या के राज्य से सहयोग ले सकते थे लेकिन उन्होंने क्या किया? जहां थे वही अपनी समस्या के समाधान के लिये वन में बसे नरों यानी वानरों का साथ लिया और राजा रावण जैसे विद्वान और पराक्रमी राजा को परास्त किया। राम धर्य के सबसे बड़ें प्रतीक रहे हैं और यही कारण है कि उनकी पूजा की जाती है। आज के युवा, । जीवन हल्का होता जा रहा है उनकी सोच छोटी होती जा रही है। भारत सहित पूरी दुनिया में आत्महत्या और जीवन से खिलवाड़ करने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। जरा सोचे राम की भावनात्मक सोच कैसी रही होगी। मगर इस अग्नि परीक्षा में भी उन्होंने जीत हासिल की। अनेकों घटनाएं श्री राम की कड़ी परीक्षा पड़ी है ऐसी ऐसी अग्नि परीक्षाओं की मगर हर परीक्षा में राम ने सत्य को नहीं छोड़ा और जो किरदार उनसे अपना हक मांगा उन्होंने कुबार्नी देकर उन्हें संतुष्ट किया। हर साल हर पीढ़ी में जातिवाद धर्म ने अपना विकराल मुंह खोली है ऐसा नहीं कि यह सिर्फ कलयुग में हो रही है। यह तो उस पीढ़ी से अपना प्रभाव ले रखा है जब से मनुष्य जीने के लिए व्यवस्था सांसारिक व्यवस्था बनाई गई। नाव से पार करते समय केवट के साथ अपनी सादगी ,विनम्रता ,तथा संस्कार दिखाया सबरी के जूठे बेर खाकर शबरी के अंदर की ममता को जगा दिया। और जमाने को बता दिया कि इंसानों में आपसी प्रेम से ही इंसानियत जीवित रहती है।

महाभारत काल में भी युद्ध सत्य असत्य के बीच ही हुई। इस काल में भी श्री कृष्ण ने पग-पग अग्नि परीक्षा दी। कृष्ण का तो जन्म ही जेल में हुआ। जन्म से ही कृष्ण ने प्रकृति का सम्मान किया। उस काल की हर व्यवस्था जो तृष्टिकरण के कारण समाज में अपना स्थान बना चुकी थी उसे श्री कृष्ण ने चुनौती दी तथा हर अग्नि परीक्षा पास कर उसे बदला। श्री कृष्ण की समय काल में हस्तिनापुर पूरी तरह से तृष्टिकरण का खेल खेलकर तानाशाह बन चुका था। कई पौराणिक कथाओं में उल्लेख मिलता है कि अकेले हस्तिनापुर में 10 हजार गणिकायें रहा करती थी। इसका अर्थ हुआ कि सत्ता निरंकुश होने के साथ ही एय्यास हो चुकी थी। कृषि हाशिए पर चली गई थी। लेकिन हस्तिनापुर सल्तनत इससे मुंह मोड़कर तुष्टीकरण को जीत दिलाने में लगे थे। पांडवों का शोषण और यातना के साथ द्रोपदी का चिर हरण ही महाभारत का कारण बना। अगर धृतराष्ट्र तुष्टीकरण में न जाते तो निश्चित ही महाभारत का युद्ध नहीं होता। उन्होंने युवराज दुर्योधन के साथ एक राजा का रिश्ता न रखकर तुष्टीकरण का रिश्ता रखा। इसका परिणाम यह हुआ कि धृतराष्ट, को अपने सभी पुत्रों को खोना पड़ा, अपमानित होना पड़। ऐसा इसलिए संभव हुआ क्योंकि पांडव धर्म के साथ की गई तृष्टिकरण से बंधे थे। पांडवों ने यहां भी सत्य का साथ देते हुए इस कलंक को चूम लिया। पांडव ऐसे वीर योद्धा थे की पूरी की पूरी सेना पर भारी थे लेकिन अपनी पत्नी द्रौपदी के साथ हुई (वस्त्र हरण के रूप में) अधर्म भी सह गए कारण यह कि पांडव को मानव तथा मानवता का बोध था। जरा सोचिए इस कलंक को इस पीड़ा को पांडवों ने कैसे सहा होगा। यह घटना हुई प्रकृति को अपना हक लेने का मौका मिल गया।

वर्तमान समय में तुष्टीकरण राजनीति का सबसे बड़ा हथियार बनके उभरा है। हमारी संस्कृति में जब भी तुष्टीकरण हावी हुआ है तब हमारा नाश ही हुआ है। कभी अपने ही साम्राज्यवादियों ने रक्त बहाया फिर जातिवाद की तृष्टिकरण ने शोषण किया। जब तक यह सब थमता तब तक चरण पंथी कट्टरपंथी ताकतों ने धर्म का वास्ता देकर जन की तो हत्या की ही धन भी लूटा । धर्म- अधर्म के युद्ध में भारत ने कुर्बानियां देकर धर्म को विजयी बनाया। इस सत्य को कोई झुठला भी नहीं सकता। हमारा सामाजिक ताना-बाना आज भी दुनिया के लिये एक शोध का विषय है किस प्रकार देश दुनिया का सबसे तेज बढ़ने वाला देश बन गया है और इस देश में ईश्वर, अल्लाह , नानक साहब, ईसा मसीह ,सब मिल बैठ कर एक साथ देश केश विकास और शांति के लिये निरंतर काम करते है जिसका परिणाम सामने है। (लेखक दिशा साई फाउंडेशन हजारीबाग के संस्था

## खास बात

### राहुल गांधी की अंग्रेजी भक्ति

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**राजस्थान** में राहुल गांधी ने अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई की जमकर वकालत कर दी। राहुल ने कहा कि भाजपा अंग्रेजी की पढ़ाई का इसलिए विरोध करती है कि वह देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों के बच्चों का भला नहीं चाहती है। भाजपा के नेता अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में क्यों पढ़ाते हैं? लेकिन राहुल जरा खुद बताएं कि वह खुद और उसकी बहन क्या हिंदी माध्यम की पाठशाला में पढ़े हैं?

भाजपा ने अपनी नई शिक्षा नीति में प्राथमिक शिक्षा को स्वभाषा के माध्यम से चलाने का आग्रह किया है, जो कि बिल्कुल सही है। लेकिन भाजपा और कांग्रेस, दोनों की कई प्रांतीय सरकारें अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को प्रोत्साहित कर रही हैं। किसी विदेशी भाषा को पढ़ना एक बात है और उसको अपनी पढ़ाई का माध्यम बनाना बिल्कुल दूसरी बात है। यह तर्क सही है कि गरीब और ग्रामीण वर्ग के बच्चे अंग्रेजी स्कूलों में नहीं पढ़ते, इसलिए वे पिछड़ जाते हैं। वे भी अंग्रेजी पढ़ें और अमेरिका जाकर अमेरिकियों को भी मात दें। कुछ हजार छात्रों की वजह से करोड़ों छात्रों का दम क्यों घोटा जाए? जिन्हें विदेश जाना हो, वे साल-दो साल में उस देश की भाषा जरूर सीख लें लेकिन किसी विदेशी भाषा को 16 साल तक अपनी पढ़ाई का माध्यम बनाए रखना और उसे करोड़ों बच्चों पर थोप देना कौन सी अक्लमंदी है? यदि हमारे नेता लोग चाहते हैं कि गरीबों, ग्रामीणों, पिछड़ों, किसानों और मजदूरों के बच्चों को भी जीवन में समान अवसर मिलें तो देश में सभी बच्चों के लिए स्वभाषा-माध्यम की पढ़ाई अनिवार्य होनी चाहिए। अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई पर कठोर प्रतिबंध होना चाहिए। विदेशी संपर्कों के लिए हमें सिर्फ अंग्रेजी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। विदेश-व्यापार, विदेश नीति और उच्च शोध के लिए अंग्रेजी के साथ-साथ फ्रांसीसी, जर्मन, चीनी, रूसी, अरबी, हिस्पानी, जापानी आदि कई विदेशी भाषाओं की पढ़ाई भी भारत में सुलभ होनी चाहिए। दुनिया के शक्तिशाली राष्ट्र में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई का माध्यम विदेशी भाषा नहीं है।

# कामना का स्वरुप

## विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

**श्रीमदभागवत** पुराण 6/ 18/ 3-6 के अनुसारवरुण और मित्र को अदिति की क्रमशः नौवीं तथा दसवीं संतान बताया गया है। इन दोनों की संतानें भी अयोनि मैथुन यानि असामान्य मैथुन के परिणामस्वरूप हुई बतायी गयी हैं। उदाहरणार्थ वरुण के दीमक की बांबी (वल्मीक) पर वीर्यपात स्वरूप ऋषि वाल्मीकि की उत्पत्ति हुई। जब मित्र एवं वरुण के वीर्य अप्सरा उर्वशी की उपस्थिति में एक घड़े में गिये तब ऋषि अगस्त्य एवं वशिष्ठ की उत्पत्ति हुई। इसी प्रकार वरुण की एक उत्पत्ति थी - वारुणी, अर्थात मधु और मद्य की देवी। मित्र की संतान उत्सर्ग, अरिष्ट एवं पिप्पल हुए जिनका गोबर, बेर वृक्ष एवं बरगद वृक्ष पर शासन रहता है। महाभारत के अनुसा मित्र, याणि इंद्र के भ्राता अर्जुन के जन्म के समय आकाश में उपस्थित थे। क्योंकि मित्र एवं वरुण आकाश एवं पृथ्वी पर अपने सागर के जलस्वरूप छाये रहते हैं, इन दोनों देवताओं की पूजा अर्चना ज्येष्ठ माह में अच्छी वर्षा की कामना से की जाती है। मित्र - वरुण की संयुक्त रूप से प्रतिपदा एवं पूर्णिमा के दिन तथा मित्र की अकेले शुक्ल पक्ष सप्तमी एवं वरुण की कृष्ण पक्ष सप्तमी को पूजा -अर्चना किये जाने का विधान है। वेदों केशब्दकोश निरुक्त-निघंटु में मित्रावरुणौ में से मित्र-वरुण दोनों को वायु कहा गया है। निरुक्त 5-3 में मित्र को प्राणरक्षा के अर्थ में और वरुण को जलभंडार और वृष्टिकारक के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है । ऋग्वेद के ब्राह्मण-ग्रंथ ऐतरेय ब्राह्मण 4- 10 के अनुसार मित्र रात है और वरुण दिन।जल के निमार्ता के रूप में भी इन दोनों का वेदों में वर्णन है। ऋग्वेद 1-2- 7 में कहा गया।

**छात्रों** - युवाओं के इस गुस्से का सम्मान करे झारखण्ड की गठबंधन सरकार! जान बूझकर, साजिश के तहत लायी गयी दोषपूर्ण #नियोजननीति को रद्द किए जाने के फैसले को उपरी कोर्ट में चुनौती देने का इरादा त्यागे।सर्वस्वीकार्य और संविधानसम्मत नियोजन नीति बनाकर राज्य के बेरोजगारों का नियोजन करे।
**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**झारखण्ड** और झारखण्ड के लोगों में अनेक संभावनाएं हैं। मुझे विश्वास है आने वाले समय में नाबार्ड और बैंकों की सक्रिय सहभागिता के साथ हम राज्य में 7000 करोड़ से अधिक केसीसी को पार कर आगे बढ़ेंगे।
**-हेमंत सोरेन,सीएम झारखंड**






हमें देश के युवाओं को नए रास्ते दिखाने हैं, उनकी क्षमताओं को सही दिशा देनी है - उनके बेहतर भविष्य के लिए, देश की तरक्की के लिए।
**-राहुल गांधी, सांसद**

# संस्कृति और संस्कार से जुड़ें चौधरी चरण सिंह

**अमरदीप सिंह**

## संस्मरण



**सादगी**, ईमानदारी, प्रतिबद्धता, अनुशासन के पर्याय समझे जाने वाले चौधरी चरण सिंह की सोच, सांसों और धड़कन में हमेशा - हमेशा खेत-खलिहान और धरतीपुत्र ही रचे और बसे रहे। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री होते हुए भी अपनी संस्कृति और संस्कार से कतई नहीं डिगे। अपने बंगले में एक कालीन बिछाकर बैठते और छोटी-सी मेज पर रखकर सरकारी कामकाज को अंतिम रूप देते। किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी साहब का जन्म 23 दिसंबर,1902 को हापुड़ के नूरपुर गांव में हुआ क इनके पिता मीर सिंह एक गरीब काश्तकार थे क माली हालत पतली होने से प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च तालीम तक सारा खर्च इनके ताऊ लखपति सिंह ने उठाया इसीलिए वह नेहरू से लेकर इंदिरा गाँधी तक बार-बार टकराते रहे, क्योंकि वह ग्रामीण परिवेश की जमीनी हकीकत से पूरी तरह वाकि फ थे। 1959 में नेहरू के खेती के सहकारी प्रस्ताव के साथ-साथ खाद्यान्न के सरकारी व्यापार के प्रस्ताव को भी नामंजूर करते हुए उन्होंने यूपी के कांग्रेस मंत्रिमंडल से यह कहते हुए अंततः इस्तीफा दे दिया था कि ये दोनों योजनाएं हमारे प्रजातांत्रिक जीवन की विरोधी हैं। वह राजस्व एवं परिवहन मंत्री थे। चौधरी साहब ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नागपुर के सालाना अधिवेशन में पीएम नेहरू की एक न चलने दी और ये प्रस्ताव पारित नहीं हो सके। महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचारों का चौधरी साहब पर गहरा असर पड़ा। आर्य समाजी होने के नाते उन्होंने अपनी सोच में जाति या धर्म को कभी नहीं आने दिया। उन्होंने अपनी दो बेटियों का अंतरजातीय विवाह किया। यह ही क्यों, गाजियाबाद में वकालत करते समय उनका रसोइया भी हरिजन था क वह जातिवादी बेड़ियों को तोड़ना चाहते थे ताकि भारतीय समाज जाति प्रथा से मुक्त हो जाए। चौधरी साहब कहा करते थे, मुझे जाट बिरादरी में पैदा होने का गौरव है, लेकिन यह मेरी इच्छा से नहीं हुआ। उन्होंने सरकारी नौकरियों के साक्षात्कार में हिन्दू उम्मीदवारों से जाति न पूछे जाने का प्रस्ताव भी सरकार के सामने रखा था क हिन्दुओं में ऊंच-नीच के भेदभाव को कम करने के लिए उन्होंने नेहरू को एक पत्र भी लिखा था।

कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव पारित होने के बाद वह राजनीति में सक्रिय हो गए। 1930 में जब महात्मा गाँधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन का आह्वान किया तो वह भी उसमें कूद पड़े। उन्होंने गाज़ियाबाद में हिंडन नदी के किनारे नमक बनाया तो उन्हें आन्दोलन के लिए पहली बार 6 महीने की जेल हुई क जेल में ही उन्होंने अपनी दो प्रमुख किताबों- मंडी बिल और कर्जा कानून लिखीं क जेल जाने का सिलसिला यहीं तक ही नहीं थमा क कांग्रेस से जुड़ाव के चलते वह पंडित गोविन्द वल्लभ पंत के संपर्क में भी आए। स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें 1940 में डेढ़ वर्ष का कारावास हुआ। 1942 में अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय योगदान के चलते उन्हें दो वर्ष की फिर सजा हुई। 1942 में ही युवा चरण सिंह ने भूमिगत होकर गुप्त क्रांतिकारी संगठन भी तैयार किया। उसी समय मेरठ प्रशासन ने चरण सिंह को देखते ही गोली मारने का आदेश भी जारी किया था, पकड़े जाने पर जेल में ही चौधरी साहब की लिखी गई पुस्तक-शिष्टाचार भारतीय संस्कृति और समाज के शिष्टाचारी नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

## कार्टून वर्ल्ड



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### राजशाही की आकांक्षा

**लोकतंत्र** की स्थापना जिस उद्देश्य से की गई थी उसका पालन सही से नहीं किया जाना बताया जा रहा है। नेपाल के शहरी इलाकों में जगह-जगह ह्यवीर गोरखवाली अभियानह्व समूह के सदस्य पुराने राष्ट्रगान को गा रहे हैं और राजा ज्ञानेंद्र व महारानी कोमल की तस्वीर लगी टी-शर्ट लोगों के बीच बांट रहे हैं। इसका मूल उद्देश्य नेपाल में पुनः राजशाही की वापसी है। **– रविकांत सिंह, रांची**

### हरितक्रांति का परिणाम

**यह** सब हरित क्रांति की शुरूआत से हुआ। किसानों ने घटते रकबे और बढ़ती जनसंख्या के बावजूद मेहनत और यांत्रिक खेती के बल पर हरित क्रांति को अंजाम तक पहुंचाया। इन नए कृषि कानूनों को लागू करके सरकार अनाजों की खरीद से पीछा छूटाना चाहती है। सरकार तीनों बिलों को निरस्त कर किसानों की सभी मांगों को माने। आखिर अन्नदाता देश की जान हैं।
**-सुरेन्द्र सिंह, हजारीबाग**

# घर में बच्चे दो ही अच्छे की नीति का मूल्यांकन हो

**डॉ सत्यभान सौरभ**

## समाज

**दो** बच्चों के लिए एक कानूनी प्रतिबंध युगल को सेक्स-चयनात्मक गर्भपात के लिए जाने के लिए मजबूर कर सकता है क्योंकि उनके पास केवल दो 'प्रयास' होते हैं।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण -5 (एनएफएचएस -5) के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को घर में बच्चे दो ही अच्छे नीति की आवश्यकता नहीं है। रिपोर्ट का कहना है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधुनिक गर्भ निरोधकों का उपयोग से परिवार नियोजन मांगों में सुधार को पूरा किया जा रहा है। बच्चों की औसत संख्या में गिरावट ये साबित करते हैं कि देश की आबादी स्थिर है। कुल प्रजनन दर (प्रति महिला जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या) 17 में से 14 राज्यों में कम हो गई है और या तो प्रति महिला 2.1 बच्चे या उससे कम है।

आलोचकों का तर्क है कि भारत की जनसंख्या वृद्धि स्वाभाविक रूप से धीमी हो जाएगी क्योंकि देश समृद्ध और अधिक शिक्षित होता जा रहा है। चीन की एक-बाल नीति के साथ पहले से ही अच्छी तरह से प्रलेखित समस्याएं हैं, अर्थात लिंग असंतुलन जो पहले से ही उनके एक बच्चे के माता-पिता से पैदा हुए थे। जन्म दर के साथ हस्तक्षेप नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि के साथ भविष्य का सामना करता है, जो अधिकांश विकसित देशों को उलटने की कोशिश कर रही है। संबंधित कानून महिला विरोधी भी हो सकता है। मानवाधिकार कार्यकताओं का तर्क है कि कानून जन्म से ही महिलाओं के खिलाफ भेदभाव (गर्भपात या कन्या भ्रूण और शिशुओं के गर्भपात के माध्यम से) करता है। दो बच्चों के लिए एक कानूनी प्रतिबंध युगल को सेक्स-चयनात्मक गर्भपात के लिए जाने के लिए मजबूर कर सकता है क्योंकि उनके पास केवल दो 'प्रयास' होते हैं। परिवार नियोजन सेवाएं व्यक्तियों और दंपतियों को अपने बच्चों की वांछित संख्या और अंतर और उनके जन्म की समय-सीमा का अनुमान लगाने और प्राप्त करने की क्षमता है। भारत में परिवार नियोजन बड़े पैमाने पर भारत सरकार द्वारा प्रायोजित प्रयासों पर आधारित है। 1965 से 2009 तक, गर्भनिरोधक उपयोग तीन गुना से अधिक (1970 में 2009 में विवाहित महिलाओं की 13% से 2009 में) और प्रजनन दर आधी से अधिक है (1966 में 2.4 से 2012 में 2.4), लेकिन राष्ट्रीय प्रजनन दर निरपेक्ष संख्या में अधिक रहता है, जिससे दीर्घकालिक जनसंख्या वृद्धि की चिंता होती है। भारत हर 20 दिनों में अपनी जनसंख्या में 1,000,000 लोगों को जोड़ता है

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या अनुमान के अनुसार सदी के अंत तक दुनिया की आबादी 11 बिलियन तक पहुंच जाएगी। 2050 तक वैश्विक आबादी में अनुमानित वृद्धि का आधा हिस्सा सिर्फ 9 देशों में केंद्रित होगा। इसमें भारत और इसके बाद नाइजीरिया, पाकिस्तान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, इथियोपिया, तंजानिया, इंडोनेशिया, मिस्त्र और अमेरिका हैं।

2031 तक भारत जनसंख्या वृद्धि में चीन से आगे निकल जाएगा। 2012 से 2019 तक भारत परिवार नियोजन के लिए 2.8 बिलियन डॉलर का आवंटन कर चुका है। अनुमान के अनुसार, भारत में गर्भ निरोधकों की मांग 74.3% है। नई गर्भनिरोधक विकल्प इंजेक्शन और गर्भ निरोधक को जोड़ा गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### जूट के थैले का करें प्रयोग : बीके झा



**लोहरदगा।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा एक अनूठा प्रयोग करते हुए शहर के लोगों के बीच एवं खनन क्षेत्रों के ग्रामीण लोगों के बीच जूट के बने थैले का वितरण करने की तैयारी की है। साथ ही साथ इस मुहिम में जन जन तक यह संदेश भी फैलाना है कि प्लास्टिक के प्रयोग अपने दैनिक जीवन में ना करें, इसके विकल्प के रूप में जुट व कपड़े के बने थैले का प्रयोग कर हम आने वाले पीढ़ी को विभिन्न बीमारियों व प्रदूषण से बचा सकते हैं। प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली प्रदूषण एवं विभिन्न बीमारियों से भी जन जन को जागरुक कर बचाया जा सकता है। इसके लिए हिंडालको के पर्यावरण, मानव संसाधन, खान एवं सीएसआर विभाग की टीम बनाकर विभिन्न बाजार हाट क्षेत्रों में एवं खनन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जूट के बने थैले का वितरण किए जायेंगे। प्लास्टिक का प्रयोग न करने की मुहिम भी चलाई जा रही है।

### विज्ञान प्रतियोगिता में एमबी डीएवी के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



**लोहरदगा।** जिले के एमबी डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। भारत सरकार के अधीन विज्ञान एवं तकनीकी राष्ट्रीय संस्था 'विज्ञान प्रसार' द्वारा विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता का आयोजन 27 तथा 30 दिसंबर को कक्षा छठवीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन करवाया गया। जिसमें एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा के विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया। इसमें कक्षा छठवीं से साक्षी तिर्की व समर्थ कुमार साहू,कक्षा सातवीं से आदित्य कुमार वर्मा व किंजल सिंह, कक्षा आठवीं से दक्ष भालेकर व गौरवी साहू,कक्षा नवी से लकी साहू ,कक्षा दसवीं से भार्गवी मेहता ,ऋषिका सिंह व पीयूष सिंह तथा कक्षा ग्यारहवीं से अदिति आर्या ने जिला स्तर पर पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। डीएवी विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए उन्हें अथक प्रयास कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

### जय श्री राम समिति के अध्यक्ष बने अमर

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति की बैठक सेन्हा प्रखंड के बरही गांव में महावीर साहू की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार, सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, सेरंगहातु तोड़ार अध्यक्ष जितेंद्र साहू,महामंत्री आदित्य साहू उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर खास चर्चा हुई ' पूरे गांव की उपस्थिति में सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक महावीर प्रसाद साहू,संरक्षक राजकुमार महतो, परमानंद महतो,अजय शुक्ला, सीताराम महतो,गोविंदा वर्मा, उदित महतो,रजनीकांत महतो, अंजू ठाकुर,मुन्ना पांडे को बनाया गया ।वही अध्यक्ष अमर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश उरांव,महामंत्री नरेश महतो, उपाध्यक्ष राजकुमार साहू, खेदवा उरांव,इंद्रजीत कुमार,आशीष महतो,कोषाध्यक्ष अनूप बैठा ,संगठन मंत्री उत्तम महतो,अमन ठाकुर,कुश ठाकुर,सुनील उरांव, जितेंद्र ठाकुर,शंकर ठाकुर, अरविंद साहू,पंकज ठाकुर,सुनील ठाकुर,रामजीत महतो,विक्रम महतो,विष्णु कुमार कुशवाहा, संतोष महतो,विकास महतो।

### सुमन व सीता ने जीती कुकिंग प्रतियोगिता

**लोहरदगा।** जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा के नेतृत्व में उसुर्लाईन कॉन्वेंट मध्य विद्यालय, लोहरदगा में किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर और अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा अभिषेक झा विशेष रूप से उपस्थित हुए ।प्रतियोगिता में जिला के सभी सात प्रखण्डों के रसोइयों द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्यान भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में प्रथम राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा की सुमन उराँव और सीता उराँव रही वही द्वितीय राजकीकृत बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा की गायत्री देवी और काजल देवी बनी ।विजेता को रु 5000 रू और उपविजेता को रू 2500 रु की प्रोत्साहन राशि और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।


### सेन्हा में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में बालू खनन कर अवैध परिवहन की गुप्त सूचना पर एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया ।थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिले गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए सेन्हा बान्धटोली पथ पर परिवहन करते हुए पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को पकड़ा गया। बताया जाता है कि जप्त ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही है। जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कारवाई को लेकर अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा सहायक खनन पदाधिकारी एवं परिवहन पदाधिकारी को सूचनार्थ किया गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के जप्त ट्रैक्टर के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि अवैध बालू खनन कर परिवहन करने की सूचना प्राप्त हुआ था। जिसपर कारवाई करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया है। और इसकी सूचना अंचलाधिकारी के द्वारा संबंधित विभाग को कारवाई हेतु सूचनार्थ कर दिया गया है।

# नववर्ष पर गुमला जिले की हसीन वादियां सैलानियों के लिए तैयार

- नदियों की धाराएं, जंगलों व पहाड़ों की अनुपम छटा लोगों को करती है आकर्षित
- डुमरी का टांगीनाथ धाम व आंजन स्थित हनुमान की जन्मस्थली में भी नववर्ष पर लगती है भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



नागफेनी नदी का मनोरम दृश्य



पिकनिक स्पॉट।



अंजना व हनुमान की प्रतिमा।

**गुमला।** धार्मिक व रमणिक नगरी गुमला जिला नववर्ष पर सैलानियों के इंतजार में बाहें फैलाये हुए है। हनुमान की जन्मस्थली, सुग्रीव का गुफा, सबरी का आश्रम, टांगीनाथ धाम का विशालकाय त्रिशुल व बिखरे पड़े सैकडों शिवलिंग, देवगांव में पहाड़ के भीतर भगवान शिव व माता पार्वती की प्रतिमा, नवरत्न गढ़ किला आकस्मात ही सैलानियों को अपनी ओर खींचती है। वहीं दूसरी ओर गुमला जिला के नदियों की कल-कल करती धाराएं, जंगलों व पहाड़ों की अनुपम छटा नववर्ष पर लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। इन हसीन रमणिक वादियों व धर्मिक स्थलों के बीच नये वर्ष में जीवन की नई उम्मीदों की शुरूआत करने लोग परिवार के साथ पहुंचते हैं और नववर्ष का जश्न इन पिकनिक स्पॉटों में दिल खोलकर मनाते हैं। चारों ओर से प्राकृतिक सुंदरता व धार्मिक स्थलों से भरे गुमला जिला में नववर्ष का जश्न खासा उत्साह के माहौल में लोग मनाते हैं। नागफेनी नदी का विहंगम दृश्य व जलप्रपात हमेशा से जिले के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है और शहर के अधिकांश परिवार नागफेनी नदी के तट पर सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। नागफेनी नदी की कल-कल करती शीतल जल धारा को छुकर लोग उत्साहित हो जातें हैं और इठलाते हुए नदी के उपर जमकर गीतों के धुन पर नृत्य भी करते हैं। इसी तरह बसिया प्रखंड का बाघमुंडा जलप्रपात भी लोगों की अपनी ओर आकर्षित करता है। बाघमुंडा नदी में तीन दिशाओं से बहने वाला जलधारा को देखने लोगों की भीड़ उमड़ती है। रायडीह प्रखंड स्थित हीरदाह में भी जिले वासियों की भारी भीड़ उमड़ी है। वहीं पालकोट प्रखंड के सुंदर व मनोहारी दृश्य को देखने के लिए लोग भारी संख्या में पहुंचते हैं। नववर्ष पर डुमरी के मझगांव स्थित बाबा टांगीनाथ धाम, गुमला के आंजन स्थित राम भक्त हनुमान की जन्मस्थली पर भी नववर्ष पर लोगों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ी है। इन धार्मिक स्थलों पर पूजा-पाठ कर लोग नये वर्ष में अपने जीवन के नई उम्मीदों की शुरूआत करते हैं। जंगलों से अच्छादित गुमला जिला प्राचीन काल से ही रमणिक स्थल के रूप में विख्यात है इसलिए दूर-दूर से लोग यहां नववर्ष का जश्न मनाने आते हैं।

## 250 टाना भगत को मिला प्रधानमंत्री आवास : उपायुक्त



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरुवार को टाना भगत समुदाय के लिए प्राप्त सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन के संबंध में टाना भगत विकास प्राधिकार की कार्यकारी समिति की बैठक हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में हुए बैठक में टाना भगत समुदाय के विकास के लिए कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा टाना भगत समुदाय को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से उपायुक्त ने अवगत करवाते हुए उन्हें योजना से जुड़ने की सलाह दी। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक लगभग 250 टाना भगत समुदाय को जोड़ा जा चुका है। वहीं कौशल विकास के क्षेत्र में भी टाना भगत समुदाय के परिवार के बच्चों को कल्याण गुरुकुल से ट्रेनिंग देते हुए उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। टाना भगत के लगभग 220 से अधिक किसानों के बीच सिंचाई के लिए पंप सेट का वितरण किया गया है। व्यावस्यीक दृष्टिकोण से टाना भगत किसानों को अदरक, मशरूम ,मिर्च , ओल, सरसो आदि की खेती के लिए प्रशिक्षण एवं बीज वितरण किया गया है। वहीं समुदाय के लोगो के लिए सामुदायिक भवन का भी निर्माण किया जा रहा है। जिले के लगभग 360 से अधिक टाना भगतों के परिवार को पेंशन आदि योजना से जोड़ा गया है। 25 वर्ष से ऊपर के 1800 टाना भगातों के प्राप्त अकाउंट में 4000 रुपए की राशि कुछ दिनों में भेजी जाएगी। टाना भगतों के लगभग 450 से अधिक महिलाओं को 23 महिला समूह से जोड़ कर जेएसएलपीएस के मध्यम से रोजगार से जोड़ा गया है। उपायुक्त ने टाना भगत समुदाय से रबी की खेती में किए जाने वाले फसल उत्पादन के संबंध में विशेष रूप से चर्चा करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया।

### लव जिहाद को बढ़ने नहीं देंगे : राजेंद्र खत्री

**लोहरदगा।** जिला विश्व हिंदू परिषद द्वारा पठान फिल्म का बहिष्कार करते हुए शाहरुख खान का पुतला दहन किया गया। शहर के बरवा टोली चौक के पास पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद संरक्षक राजेंद्र खत्री ने कहा कि लव जिहाद जैसे मानसिकता को बढ़ने नही दिया जाएगा, विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार प्रमुख सतीश पांडे कहा कि आये दिन देश में जो घटना घट रही है , इसको देखते हुवे ऐसी प्रोपगंडा का विरोध अति आवश्यक है।कोई हमारी बहन बेटियों को लव जिहाद की ओर लेकर जाय ये हमे बर्दस्त नही करेंगे। , कोई भी हिन्दू हीरोइन मुस्लिम हीरो के साथ मूवी बनाएगी तो विहीप इसका विरोध निश्चित रूप से करेगा । अगर मूवी पठान है तो पहनावा या संस्कार भी तो पठान वाली ही होनी चाहिए। नगर अध्यक्ष चंदन गोयल जी ने कहा कि हमारा भगवा रंग पर मजाक कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। मौके पर बजरंग दल संयोजक सचिन सिंघानिया , प्रखंड अध्यक्ष सूरज दसोंधी, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहू और अन्य मौजूद थे।

## ढोल-नगाड़ा और अखाड़ा से ही आदिवासियों की पहचान : शिवराम

चेगरी गांव में पौष जतरा सह मेला



**घाघरा।** पौष जतरा के अवसर पर सरना संचालन समिति द्वारा चेगरी गांव में जतरा का आयोजन गुरुवार को किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विशुनपुर विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि श्री शिवराम कच्छप , देवेंद्र तिर्की, विशिष्ट अतिथि संजीव उरांव, कांग्रेस बिशुनपुर बिधानसभा उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी, समाज सेवी अशोक उराव,ने फीता काटकर जतरा का उद्घाटन किया। जिसमें शिवराम कच्छप ने कहा कि आदिवासी समाज के जतरा का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसे हमें बचा के रखना है । ढोल नगाड़ा अखाड़ा नृत्य संगीत से ही हमारी पहचान है। अगर हमारी यह पहचान मिट जाएगी तो आदिवासीयत समाप्त हो जाएगा और इन्हें बचाने के लिए आदिवासियों को जतरा के माध्यम से एकजुट होना होगा। विशेष अतिथि संजीव उरांव ने कहा कि जतरा पूर्वजों की धरोहर है यह हमें विरासत में मिली है ।इनकी अपनी परंपरा है और हमारे पूर्वजों की देन है अगर हमारी धर्म हमारी खाता और खतियान से ही पहचाना जाता है। इसलिए जतरा का आयोजन हमारे समाज के लिए एक संदेश देता है और आने वाले पीढ़ी को हमेशा इसे संगठित होकर बरकरार रखना है ।वही जिसमें दो दर्जन गांवो से खोड़हा दल अपने नृत्यमंडली के साथ भारी संख्या सम्मिलित हुए थे ।मौके पर एसआई राहुल कुमार

झिडवा पहान, धर्मदास उरांव , सतेद्द उरांव, कामख्या भगत , देवानंद कुजूर, बलि भगत , राजेश भगत पहन पुजार उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणित दिवस

गणित की जानकारी देना कार्यक्रम का उद्देश्य : रमाकांत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन से हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा रमाकान्त साहु ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय गणित दिवस की बधाई दी और कहा कि लोगो को गणित की महता बताना और उसके प्रति जागरूक करना ही इस दिवस का उद्देश्य है। श्री पीके मोहंती ने कहा कि रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है ।वैसे तो इस क्षेत्र में पुराने समय में आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, महावीर, भास्कर क्क जैसी महान हस्तियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन रामानुजन ने बहुत कम उम्र में, एक स्पष्ट प्रतिभा के संकेत दिखाए और फ्रैक्शन, इनफाइनाइट सीरिज, नंबर थ्योरी, मैथमेटिकल एनालिसिस आदि के बारे में उनके योगदान ने गणित में एक उदाहरण स्थापित किया। श्री शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा की गणित हम सभी के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. श्री आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि गणित हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है ।उन्होंने विद्यार्थियों से गणित के क्षेत्र में नवाचार की कामना की। श्री चंदन झा ने कहा कि गणित ही प्रकृति है।

## 25 को प्रत्येक बूथ में भाजपा मनाएगी सुशासन दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



हेमंत सोरेन सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है : मनीर

**लोहरदगा।** भाजपा जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा जिला अध्यक्ष की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराव की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में की गई। बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों झारखंड की हेमंत सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली का आयोजन प्रखंड स्तर पर एवं जिला स्तर पर की गई जो एक सफल आयोजन रहा। इसकी बधाई सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनता को दिया साथ में 25 दिसंबर को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक बूथ में सुशासन दिवस के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महीना के अंतिम रविवार को होने वाले कार्यक्रम मन की बात को ज्यादा से ज्यादा बूथ में मनाया एवं सुना जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है । कुर्सी एवं सत्ता बचाने की जल्दबाजी में झारखंड की जनता को गर्त में ढकेल रही है. किसानों के हितेषी कहने वाली हेमंत सोरेन की सरकार धान क्रय में झारखंड सरकार की हिस्सेदारी मात्र 10 पैसे प्रति किलो की की गई है जो एक घिनौना मजाक किसानों के लिए है जबकि धान क्रय हेतु जो भी राशि दी जाती है केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। उसमें राज्य सरकार की भी हिस्सेदारी होनी चाहिए जो पिछले भाजपा की रघुवर दास सरकार ने ?1. 38 की अपनी हिस्सेदारी प्रति किलो के हिसाब से दी थी। किसानों के लिए अलग बिजली की व्यवस्था की जानी थी किंतु बिजली की जो व्यवस्था है उससे किसान ही नहीं झारखंड की जनता भी त्राहिमाम है। बैठक में हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, समेला भगत ,नीरज नलिन, सूरज मोहन साहू, बाल कृष्णा सिंह, जगनंदन पौराणिक, सजल कुमार ,अनिल उरांव, मीना बाखला, कलावती देवी, प्रकाश नायक, सुदामा प्रसाद, अमरेश भारती, विवेक सोनी और अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### दिनदहाड़े महिला को मारी गोली, जख्मी



गुमला। गुमला शहर के बडाईक मुहल्ला निवासी 52 वर्षीय महिला विमला देवी पर गुरुवार को पिस्तौल से जानलेवा हमला किया गया । महिला के कथित प्रेमी ने उस पर गोली चला दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई ?। घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार महिला जब घर पर अकेली थी तब बसिया थाना क्षेत्र के तू कई गांव निवासी सतीश सिंह ने मौके वारदात से फरार हो गया। मृतक के पुत्र राहुल कुमार सिंह ने बताया कि जिस वक्त उसकी मां पर हमला हुआ वह घर पर नहा रहा था। गोली की आवाज सुनकर वह बाहर निकला तो एक आदमी घर से मोटर्स घर से भागते हुए एक मोटरसाइकिल में बैठकर निकल गया। अंदर सब घर में जाकर देखा तो उसकी मां लहूलुहान हालत पर फर्स्ट गिरी हुई थी। जिसे तत्काल उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया?। घायल महिला की बेटी ने बताएं उसकी मां और सतीश सिंह के बीच अनैतिक संबंध था । परिवार के लोग मां को कई बार समझाने का भी प्रयास किया। उनके रिश्ते चलते ही रहे। इधर गोली महिला के सीने में लगी है और शरीर पर ही अटका हुआ है। गुमला सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना पर गुमला थाना पुलिस मामले की छानबीन पर जुट गई है और महिला से घटना की जानकारी ली ।

### बड़े भाई ने छोटे की टांगी से काटकर की हत्या



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केडेंग भंडारटोली में सहोदर भाई ने कुल्हाड़ी से अपने ही छोटे भाई की निर्मम हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिकुल गोप 34 वर्ष वर्ष पिता कलुआ गोप ग्राम केडेंग भंडार टोली ने अपने छोटे भाई सतीश गुप्ता 19 वर्ष जो कि सोमवार की रात्रि लगभग 10 :00 बजे घर के बाहर आग ताप रहा था तभी अचानक पीछे से आकर सर पर कुल्हाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया आनन-फानन में ग्रामीणों के सहयोग से उसे गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां की प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया जहां इलाज के क्रम में ही बुधवार की रात लगभग 12 :00 बजे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी जब चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह को हुई तो वो अपने दल बल के साथ केडेंग पहुंच कर अभियुक्त को तलाश करते गलौज और मारपीट होते रहता था घटना के दिन छोटा भाई सतीश के द्वारा अपनी बहन से किसी बात को लेकर लड़ाई हुई थी इस बात का पता जब विकुल गोप को हुई तो तो ।उसने गुस्से में आकर अपने भाई को सर पर कुल्हाड़ी से वार कर उसकी इहलीला समाप्त कर दी।

### दो अपराधियों के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



घाघरा। घाघरा व बिशुनपुर थाना की पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में बिशनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी स्थित रामदेव उरांव और रोपाकोना गांव के अरविंद उरांव के घर में इसतिहार चिपकाया गया ।इस संबंध में थाना प्रभारीअमित चौधरी ने बताया कि एके-56 हथियार बरामदगी मामले के अभियुक्त रामदेव और अरविंद के घर में इस्तेहार चिपकाया गया है ।साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि अगर दोनो न्यायालय के पास आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो फिर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### डालसा ने गरीबों के बीच बांटा कंबल

गुमला। प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला संजय कुमार चांधरियावी के मार्गदर्शन पर विधिक सेवा प्राधिकार गुमला की टीम के द्वारा गुमला जिले के विभिन्न जगहों पर रात में ठंड से पीड़ित लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिसके तहत गुमला बस स्टैंड, थाना चौक, पटेल चौक, एवं अन्य स्थानों पर जरूरतमंद गरीबन लोगों को कंबल बांटा गया , ताकि उन्हें कड़कड़ाती ठंड से राहत मिल सके । उक्त कंबल वितरण टीम के सदस्य पैनल अधिवक्ता सह विजिटर लॉयर जितेंद्र सिंह, पीएलवी नीलम लकडा , डीएलएसए के कर्मचारी प्रकाश कुमार ,मनीष कुमार एवं अमर अमन कुमार उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने प्रशिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र




लोहरदगा ।उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा गुरुवार को खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जिला में पुलिस बहाली, आर्मी बहाली में भर्ती के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने और फुटबॉल, रेसलिंग एवं क्रिकेट खेल के प्रशिक्षण हेतु डीएमएफटी मद से कुल पांच प्रशिक्षकों की नियुक्ति संविदा के आधार पर की गई है। आज इनमें से उपस्थित तीन प्रशिक्षकों को उपायुक्त द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। आज पुलिस बहाली के लिए प्रशिक्षक के रूप में अजीत तिग्गा, रेसलिंग के लिए महादेव उरांव और क्रिकेट के लिए अमित कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इसी प्रकार आर्मी बहाली के लिए जयफुल भगत और फुटबॉल के लिए ओनिल बेक की नियुक्ति प्रशिक्षक के रूप में की गई है।

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**सेन्हा-लोहरदगा।** नेहरू युवा केन्द्र लोहरदगा के तत्वाधान में सेन्हा प्रखंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत चमडू के खेल मैदान में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में फुटबॉल मैच के अलावे बालक बालिकाओं के बीच दौड़,ऊँची कूद,लम्बी कूद का आयोजन किया गया। समापन समारोह का मुख्य अतिथि जीप सदस्य एवं नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। जीप सदस्य राधा तिर्की ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनुशासन के साथ खिलाड़ी खेल को खेल की भवना से खेले और लक्ष्य को प्राप्त करें खेल में हार जीत होता है। हार से निराश नही होना चाहिये। वही फुटबॉल मैच में आदिवासी टाइटल मेंतगड़ा की टीम फुटबॉल क्लब चुरकु महुवाटोली को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। दौड़ में बालक वर्ग में नेहाल अन्सारी,विकास उराँव और अमित उराँव क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वही बालिका वर्ग में निर्मला कुमारी,वर्षा कुमारी और रूमा कुमारी ने प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही प्रतियोगिता में सहयोग करने वालों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मनीष उरांव,देवकी उरांव,सुमति उराव,रानी कुमारी,नन्दलाल महतो के अलावे बिशु उराँव, मोहन उराँव, सीताराम पाहन, दिनु उराँव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## स्पीड न्यूज

### दो महिलाओं को मिला ह्वील चेयर



मझिआंव। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने गुरुवार को बकोइया गांव की दो दिव्यांग महिलाओं को ट्राइसाइकिल एवं ह्वील चेयर प्रदान किया। जिसमें बसंत पांडेय की पत्नी प्रेमलता देवी को ट्राइसाइकिल एवं प्रमोद बिहारी मिश्रा की पत्नी शांति देवी को ह्वील चेयर दिया गया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी ने कहा कि विकलांगता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लेकर जो भी दिव्यांग संबंधित कर्मियों से सत्यापन करा कर प्रखंड कार्यालय आ रहे हैं उनकी सत्यता जांच करवा कर दिव्यांगता उपकरण दिये जा रहे हैं। इधर ट्राई साइकिल एवं व्हीलचेयर पाकर दोनों दिव्यांग खुश दिखे। वितरण के दौरान पर्यवेक्षिका सुमित्रा देवी एवं दिव्यांग के परिजन उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी



रमना। प्रखंड संसाधन केंद्र रमना के तत्वावधान में मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के मध्य व उच्च विद्यालय के बच्चों ने विज्ञान से संबंधित मॉडल का प्रदर्शनी लगाया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, उच्च विद्यालय रमना, मध्य विद्यालय परसवान, चुंदी, रोहिला, भागोड़ीह, गम्हरिया, रमना, सिलीदाग एक एवं सिलीदाग दो आदि विद्यालय के बच्चों ने अपने अपने मॉडल को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित बीडीओ ललित प्रसाद सिंह ने बच्चों द्वारा बनाई गई विज्ञान से संबंधित मॉडल का निरीक्षण कर मॉडल से संबंधित जानकारी बच्चों से ली। साथ ही बीडीओ ने बच्चों द्वारा बनाई गई मॉडल की सराहना करते हुए उन्हें इसी तरह आगे बढ़ने का सलाह दिया गया। साथ ही उन्होंने ने बच्चों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में कई तरह की प्रतिभा छिपी हुई है। आवश्यकता है उसे बाहर लाने की। प्रदर्शनी में शामिल मॉडल में 6 से 8 वर्ग में मध्य विद्यालय रमना एवं 9 से 12 वर्ग में उच्च विद्यालय रमना को प्रथम पुरस्कार दिया गया। निर्णायक समिति में नंदकिशोर चौबे, धर्मेंद्र कुमार, मनु राम एवं सन्नाउल्लाह खां शामिल थे। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र गुप्ता, राकेश पांडेय, मनु राम, श्याम बिहारी द्विवेदी, मनोज देव, रामबचन विश्वकर्मा, गिरेंद्र सिंह, रंजन सिंह एवं कौशल सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### मझिआंव में संजीवनी क्लीनिक सील

मझिआंव। जिला उपायुक्त के निर्देश पर रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य पथ पर राधा कृष्ण बालिका विद्यालय के समीप अवैध रूप से चल रहे संजीवनी हड्डी क्लीनिक को छापामारी के बाद सील कर दिया गया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित हड्डी क्लीनिक से एक्स-रे मशीन, स्टैथोस्कोप बीपी अपेरटस, लेटर पैड, सर्जिकल औजार, ड्रम बॉक्स, क्रेप बैंडेज, इंजेक्शन, धागा, निडिल, प्लास्टर पाउडर एवं दवा सहित 22 सामग्री जप्त किया गया। सभी जप्त सामग्री को थाना को सुपुर्द कर दिया गया। विदित हो कि संजीवनी हड्डी क्लीनिक के संचालक सह तथाकथित डॉ बी शर्मा उर्फ बलवंत शर्मा के द्वारा 12 दिसंबर को रेफरल अस्पताल से रेफर कैंसर मरीज को खेत के बाहर कचरे के ढेर के समीप जमीन पर लिटा कर इलाज किया गया था। मरीज नगर पंचायत क्षेत्र के अखौरी तहले गांव निवासी स्वर्गीय सुदामा राम के पुत्र अरविंद कुमार चंद्रवंशी को अपने दलालों के माध्यम से अपने संजीवनी हड्डी क्लीनिक में लाया गया था। गुप्त सूचना पर अंचला अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा जांच कराई गई थी। जिसका खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी।

### दर्जनों का बना राशन कार्ड



कांडी। झारखंड सरकार व गढ़वा जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे गुड गवर्नेंस कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कांडी प्रखंड के लमारी कला पंचायत सचिवालय में दर्जनों मुसहर परिवार का राशन कार्ड बनाया गया। कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में लमारी कला पंचायत सचिवालय में घटहुआ कला पंचायत मुखिया कौशल्या देवी, लमारी कला पंचायत मुखिया शशि कुमारी, बीडीसी कमला देवी व उप मुखिया निर्मला देवी की उपस्थिति में लमारी कला गांव के हरिगांवा मोड़ पर रह रहे मुसहर परिवार एवं घाटहुआं कला पंचायत के सेतो में रह रहे मुसहर परिवार का राशन कार्ड, आधार कार्ड व पेंशन बनाया गया।

साथ ही सभी परिवार के सदस्यों के बीच राशन व साड़ी का वितरण किया गया। बीडीओ ने बताया कि मुसहर परिवार के जिन सदस्यों का आधार नहीं बना है उनका इनरोलमेंट कराया जा रहा है। जिनका बैंक में खाता नहीं खुला है उनका खाता खोला जा रहा है। जिनका आधार व बैंक खाता मौजूद है उनका राशन कार्ड, जॉब कार्ड व पेंशन बनाया जा रहा है।

### रामानुजन का जन्मदिन मना



गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट (10$2) स्कूल में गुरूवार को विश्व के महान गणितज्ञ निवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं प्राचार्य बसंत कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित व रामानुजन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर निदेशक श्री केषरी ने कहा कि देश में कई महान गणितज्ञ पैदा हुए लेकिन रामानुजन को आर्यभट के बाद सबसे महान गणितज्ञ माना जाता है। उन्होंने खुद से गणित का अध्ययन किया और अंततः गणित के जादूगर बन गए और यहीं कारण है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने उनकी 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में गणित दिवस मनाने की घोषणा की। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। निदेषक ने कहा कि छात्र-छात्राओं से अपेक्षा है कि इनके जीवन से प्रेरणा लेकर गणित के क्षेत्र में कैरियर बनाकर देश के विकास में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# चतरा में दो शीर्ष इनामी नक्सलियों का घर कुर्क

**▸▸ 10 लाख के इनामी नक्सली अमरजीत और 5 लाख के इनामी संतोष भुइयां के खिलाफ कार्रवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** झारखंड में चतरा जिला पुलिस ने झारखंड-बिहार के विभिन्न जिलों में आतंक का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सलियों के विरुद्ध एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शीर्ष ईनामी नक्सलियों का घर कुर्क कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि न्यायालय के निर्देश पर विभिन्न नक्सल मामलों में लंबे समय से फरार माओवादी के दस लाख के इनामी दुर्दांत नक्सली जोनल कमांडर अमरजीत उर्फ लखन यादव एवं पांच लाख के इनामी सब जोनल कमांडर संतोष भुईयां के घर को कुर्क किया है।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित चतरा पुलिस की स्पेशल टीम ने नक्सलियों के विरुद्ध यह विध्वंसक कार्रवाई की है। दोनों शीर्ष भाकपा माओवादी नक्सली हंटरगंज थाना में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में फरार हैं। श्री कुमार ने बताया कि 10 लाख रुपए के इनामी जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ लखन यादव के बिहार के गया जिला अंतर्गत बाराचट्टी थाना क्षेत्र में स्थित नकटिया गांव के गढ़ाईतरी टोला में स्थित घर को बाराचट्टी पुलिस के सहयोग से कुर्क किया गया है।

वहीं, पांच लाख रुपए के इनामी संतोष भुईया के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के केवालिया गांव में स्थित घर में कुर्की जब्ती की कार्रवाई हुई है। उन्होंने बताया कि अमरजीत यादव हंटरगंज थाना कांड संख्या 16/2016 और संतोष भुईयां 156/2016 के दर्ज नक्सल मामले में फरार है। इसे लेकर न्यायालय के द्वारा दोनों नक्सलियों के चल संपत्ति को कुर्क करने का निर्देश पुलिस को प्राप्त हुआ था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि दोनों नक्सलियों के घरों पर हंटरगंज पुलिस के द्वारा पूर्व में इस्तिहार चिपकाकर न्यायालय में सरेंडर करने की अपील भी की गई थी। साथ ही इन इनामी नक्सलियों के परिजनों के माध्यम से भी पुलिस और सरकार के आत्मसमर्पण नीति के तहत हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने को लेकर दोनों फरार नक्सलियों को प्रेरित करने का भी प्रयास किया गया था। बावजूद दोनों फरार दुर्दांत नक्सली सरेंडर करने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद उनके घरों में कुर्की जब्ती करते हुए चल संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। नक्सलियों के घरों में लगे चौखट व दरवाजा समेत अन्य सामान को पुलिस ने जप्त कर लिया है। गौरतलब है कि भाकपा माओवादी का इनामी जोनल कमांडर अमरजीत उर्फ लखन यादव एवं सब जोनल कमांडर संतोष भुईयां झारखंड और बिहार के चतरा, पलामू, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद व लातेहार समेत करीब एक दर्जन जिलों में सक्रिय है। और लगातार छोटी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती भी पेश कर रहा है।

# रामानुजम की जीवनी से सीख लेकर आगे बढ़ें छात्रः उपायुक्त

**कोडरमा राजकीय पॉलिटेक्निक में मनाया गया गणित दिवस**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त आदित्य रंजन ने किया। कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि रामानुजम की जीवनी से हमें सीख लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में गणित का महत्व असिमित है, छात्रों को गणितीय मॉडल अपनाना चाहिए, इससे आगे चल कर उन्हें बेहतर कैरियर के निर्माण में इसका लाभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य राजेश कुमार ने रामानुजम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए, एक कुशल गणितज्ञ बनने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया, वहीं वरीय व्याख्याता डॉ. एसपी यादव ने जीवन में गणितीय मॉडल अपनाने को अनिवार्य बताते हुए कहा कि आज हमारे बीच हाई स्पीड कम्प्यूटर उपलब्ध है, डाटा के व्याख्या से घटनाओं की भविष्यवाणी सम्भव है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. इला अग्निहोत्री, डॉ. राजेश सोलोमन पाल, डॉ. बीके मिश्र, डॉ. अनिल कुमार के द्वारा 15 शोध पत्र प्रस्तुत किया गया, ये सभी शोध पत्र ग्रामीण विकास के बेहतर प्रबंधन के तकनीक से सम्बंधित थे। इसके पूर्व संस्थान के प्राचार्य श्री कुमार ने मुख्य अतिथि व आगंतुक अतिथियों के अलावे शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया, वहीं उपायुक्त के द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत होने वाले शोधपत्रों की सार पुस्तिका का विमोचन किया, वहीं क्विज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान संस्थान के छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो को प्रस्तुत किया। मौके पर डॉ. भाष्कर कर्ण, डॉ. पिंटू दास, डॉ. प्रियंका कुमारी, लाल कृष्ण, डॉ. एसपी यादव, विक्रम मांझी, एसबी मिश्र, राहुलदेव साहा, संजय कुमार, सन्तोष कुमार, कुमार प्रिंस, अखिलेश कुमार, रामानुज प्रसाद, हीरालाल कुम्हार, मनोज यादव, भूपेंद्र कुमार, नीरज कुमार पांडेय, अनु कुमारी, आकृति राज, शाहीन आथर, वीरेश्वर सिंह, राम सहाय यादव, श्री सिंह, महेंद्र शर्मा, अरुण शर्मा आदि मौजूद थे।

### सहोदया की वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज

**कोडरमा।** सहोदया कंपलेक्स इंटर स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 दिसंबर को सेक्रेड हार्ट स्कूल के मैदान में होगी। इसमें जिले के 13 एफिलिएटिड स्कूलों खिलाड़ी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद, इकरा पब्लिक स्कूल, ग्रिजली विद्यालय, आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, आदर्श प्लस टू हाई स्कूल मधवाटांड़, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, मेरिडियन एकेडमी, सैनिक स्कूल तिलैया, डीएवी पब्लिक स्कूल और मॉडर्न पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में एसपी कुमार गौरव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, सेवानिवृत्त आईपीएस राजीव रंजन और पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा के प्राचार्य शामिल होंगे। इसके अलावा सभी स्कूलों के निदेशक, प्राचार्य और सहोदया के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## सैक्रेड हार्ट स्कूल में वार्षिक खेलकूद संपन्न

कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन गुरूवार को हो गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे, जबकि जिप अध्यक्ष रामधन यादव, सिविल कोर्ट के जज इंचार्ज प्रशांत वर्मा, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. इमरान फारुकी, अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, नप के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। वहीं विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से लैंप जलाकर और गुब्बारा उड़ा कर कार्यक्रम को गति प्रदान किया। वहीं मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और कहा कि कोरोना काल के बाद यह पहला मौका है, जब मैं किसी कार्यक्रम में शामिल हुआ हूं। उन्होंने विद्यालय को शुभकामनाएं दी और एक्सकर्षन के तौर पर विद्यालय के बच्चों को कोर्ट परिसर का भ्रमण कराने के लिए आमंत्रण भी दिया। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास पड़ता है, जो उनके विकास में साधक बनता है। वहीं विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान और स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार अतिथियों का स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने स्वागत भाषण और विद्यालय के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मौके पर चारों हाउस के बच्चों ने मार्च पास्ट किया।

### प्रतापपुर के पूर्व बीडीओ गिरफ्तार



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड में वर्ष 2012 में कुंआ और आवास योजना गड़बड़ी मामले में पूर्व बीडीओ देवराम भगत को पुलिस नें गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। बीडीओ देवराम भगत की गिरफ्तारी लोहरदगा के घाघरा से किया गया है। पुलिस ने बताया की थाना कांड संख्या 75/12 में बीडीओ पर कुऑ एवं आवास में गडबड़ी का मामला दर्ज है तथा इसी मामले में पुर्व विधायक जनार्दन पासवान ने विधानसभा में सवाल उठाया था। जिसके बाद बीडीओ पर प्राथमिक दर्ज किया गया था। इस मामले में कुल 39 लोगो पर प्रथामिकी दर्ज किया गया है। इस गिरफ्तारी दल में एसआई जितेन्द्र दास, अखलेश यादव समेत जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# गढ़वा की सभी सड़कें बनेगीं बेहतरः मंत्री

**140 करोड़ की लागत से बनेगा डबल लेन मेराल-बाना-डंडई-अंबाखोरेया पथ**

**छत्तीसगढ़ और पर्यटन स्थल सुखलदरी की दूरी होगी कम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले का अति महत्वपूर्ण मेराल-बाना-अंबाखोरेया पथ का निर्माण करीब 140 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इस पथ के निर्माण से छत्तीसगढ़ एवं जिले के धुरकी प्रखंड स्थित सुखलदरी पर्यटन स्थल की दूरी काफी कम हो जाएगी। इसके निविदा निष्पादन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि एनएच 75 मेराल से भागोडीह, बाना, हसनदाग, डंडई, कदवा होते हुए अंबाखोरेया तक करीब 37 किलोमीटर इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल सिंगल लेन होने, अत्यधिक ट्रैफिक एवं काफी जर्जर होने की वजह से इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है। जिससे जानमाल का अधिक नुकसान होता है। करीब 140 करोड़ रुपए की लागत से पथ निर्माण विभाग की ओर से सात मीटर चैड़ी इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे सुगमता पूर्वक आवागमन होगा एवं जान माल के नुकसान का भी खतरा कम होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह सड़क गढ़वा अनुमंडल से श्री बंशीधर नगर अनुमंडल को जोड़ेगा। इस सड़क से कई सुदूरवर्ती गांव एवं प्रखंड जुड़ेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ जाने के लिए प्रस्तावित बालचैरा पुल होते हुए छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला को यह सड़क जोड़ेगा। जो भविष्य में एक कॉरिडोर के रूप में छत्तीसगढ़ की दूरी कम करने के रूप में उपयोगी होगा। यह सड़क आदिवासी बहुल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से होकर गुजरता है। इससे नक्सल समस्या से निजात दिलाने में भी सहायता मिलेगी। इस सड़क के निर्माण से बहुत बड़ी आबादी लाभान्वित होगी। साथ ही पर्यटकों को भी आवागमन की बेहतर सुविधा प्रदान होगी। निविदा के सभी अवरोधों को दूर करते हुए निष्पादन कर दिया गया है। लोगों को जल्द ही जर्जर सड़क से मुक्ति मिलेगी। मेराल एवं डंडई प्रखंड के लोगों के लिए यह नया साल का बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क की उपयोगिता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2024 तक गढ़वा की सभी ग्रामीण एवं अन्य पीडब्ल्यूडी सड़कों का बेहतर निर्माण कराया जा सके इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हैं। सड़कों की उपयोगिता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के सभी ग्रामीण एवं अन्य सड़कों की को सूचीबद्ध कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है।

## एक नजर में

### टंडवा थर्मल पावर में फरवरी से शुरू होगा उत्पादन



चतरा। टंडवा स्थित एनटीपीसी थर्मल पावर में फरवरी से शुरू होगा बिजली उत्पादन। पिछले दिनों पावर स्टेशन का ट्रायल भी कर लिया गया है। जिससे झारखंड को लगभग पांच सौ मेगावाट बिजली मिलेगी। इससे बिजली खरीद के लिये जेबीवीएनएल की अन्य कंपनियों पर निर्भरता खत्म हो जायेगी। तीन यूनिट से 1950 मेगावाट बिजली उत्पादन पावर प्लांट में तीन यूनिट बनायी गयी है। प्रत्येक यूनिट से 800 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि कंपनी की ओर से अभी प्रति यूनिट 650 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में प्लांट से लगभग 1950 मेगावाट बिजली उत्पादन हो पायेगा। पांच सौ मेगावाट राज्य को बिजली मिलेगी। इसके लिये ट्रांसमिशन लाइन बनाया गया है। जिसे चतरा गढ़वा से जोड़ते हुए लाइन को सेंट्रल पुल से जोड़ा गया है। बता दें इस प्लांट का शिलान्यास साल 1999 में तत्कालिन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। वहीं, 1450 मेगावाट केंद्रीय पूल में दे दी जायेगी, जिससे अन्य राज्यों को बिजली मिलेगी। ऐसे में राज्य में बिजली की अधिकतम आपूर्ति इस पावर प्लांट से पूरी हो पायेगी। उर्जा विभाग का आंकलन है कि आने वाले समय में राज्य में बिजली की खपत लगभग 2500 मेगावाट होगी। ऐसे में सौर उर्जा के साथ अपने स्रोतों से बिजली आपूर्ति पर बल दिया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में औसतन मांग लगभग 1900 मेगावाट है।

### 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान



**चतरा।** सिमरिया डिग्री महाविद्यालय सिमरिया में गुरुवार को रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काटकर किया। इस शिविर में 50 से अधिक युनिट संग्रह किया गया इस शिविर में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने रक्तदान करने में बढ़-चढ़कर भाग लिए। वहीं श्री तिवारी कहा की रक्तदान सभी दानों से बड़ा दान होता है आपके रक्त से अनेकों लोगों की जान को बचाया जा सकता है आप सभी युवा एवं छात्र -छात्राएं से आग्रह है कि अधिक से अधिक इस रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान करें इस मौके पर जिला परिषद सदस्य देवनन्दन साहू ,महाविद्यालय प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार बक्सी , पूर्व इंजीनियर देवकीनंदन मेहता, महाविद्यालय सचिव अखलेश सिंह,पंचायत समिति सदस्य भोला सिंह,पंचायत समिति सदस्य सुमन कुमार, शिक्षक अमिताभ कुमार सिन्हा,योगेन्द्र प्रसाद वर्मा, चन्दन कुमार सिंह,सुचित सिंह,बीडी राम, मुकेश कुमार विश्वकर्मा,मिथलेश कुमार राणा, संतोष कुमार,नुरुला,अभिजित आनंद समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अलाव को ले आजसू ने बीडीओ को सौंपा पत्र



टंडवा। प्रखण्ड में बढ़ते ठंड को देखते हुए आजसू के प्रखण्ड कमिटी ने विभिन्न पंचायतों, सार्वजानिक स्थलों, चौक चौराहे पर अलाव व्यवस्था कराने की मांग को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रँथु महतो को पत्र प्रेषित किया गया। बताया गया।कि ठंड का प्रकोप पिछले कुछ दिनों से काफी बढ़ गया है। प्रखण्ड क्षेत्र के लोग शीतलहर की चपेट में हैं। खास कर मजदूर व गरीब तबके के लोगों को इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड की वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी। ऐसे में प्रखण्ड के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से गरीब तबके के लोगों को परेशानी होगी। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में अधिकांश लोग कमजोर वर्ग के हैं जो मजदूरी एवं खेती पर आश्रित हे। कपड़े व अन्य आवश्यक संसाधनों के अभाव में उन्हें जाड़े का यह मौसम गुजारना काफी कठिन साबित होता है। ठंड के मौसम में गरीबों को मात्र अलाव का सहारा ही होता है। उक्त समस्या समाधान को लेकर बीडीओ से अविलम्ब अलाव व्यवस्था की मांग किया गया।मौके पर आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष विकाश पांडेय जितेंद्र कुमार सिंह दासो देवी समेत अन्य मौजूद थें।

### शहीद राजेश का 20वां शहादत दिवस मना



सिमरिया। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड चतरा इकाई के द्वारा पुंडरा के शहीद राजेश साहा की 20 वा शहादत दिवस डाड़ी चौक में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम का संचालक पूर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट चतरा जिला अध्यक्ष मोहन शाहा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा दो मिनट का मौन रखा कर किया गया साथ ही शहीद राजेश कुमार शाहा के फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप के प्रदेश अध्यक्ष अरबिंद ओझा द्वारा शहीद के माता पिता को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया,मीडिया प्रभारी रमन साहु द्वारा देश में सेना का योगदान व शहीद राजेश साहा के जीवनी का वृतांत किया गया। मालूम हो की ग्रामीणों के द्वारा सर्वसम्मति से डाड़ी चौक का नामकरण शहीद राजेश चौक रखा गया। बताते चलें राजेश साहा सिमरिया के पुंडरा गांव के निवासी थे। सेना में भर्ती होकर काश्मीर के रजौरी सेक्टर में सेवा दे रहे थे कि आतंकवादी अभियान में 20 दिसंबर 2002 को हंसते हंसते देश के लिए शाहिद हो गए थे। 22 दिसंबर 2002 को इनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ पुंडरा में किया गया था। कार्यक्रम में सिमरिया पूर्वी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रोहिणी देवी, देवनंदन साहु, पंचायत समिति सदस्य परमेश्वर यादव, पूर्व मुखिया सतीश कुमार,सलीम अख्तर, एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष उपकार सिंह,चतरा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, सलाहकार नरेश प्रसाद,प्रखंड अध्यक्ष किसून राम,उपाध्यक्ष अमृत साव,पत्थलगड्डा प्रखंड अध्यक्ष के के वर्मा,फारूक जी,आदिल हुसैन,छोटेलाल यादव,मृत्युंजय कुमार,मोहन पासवान और सैकड़ों ग्रामीण मौजुद थे।

### डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



चतरा। उपायुक्त अबु इमरान ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारियों के साथ जूम वीडियो मीटिंग कर विकास योजनाओं का जायजा लिए। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कृषि सुखाड़ राहत योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि अन्य योजनाओं के प्रगति का प्रखंडवार उन्होंने समीक्षा की।

**लाभुकों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण :** उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा प्रखंड के डारहा पंचायत के सेहदा गांव में मुख्यमंत्री साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना,प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवरीति योजना आदि के तहत लाभ देने के लिए लगाए गए कैम्प का निरीक्षण कर ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त कर उनको जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों को कई योजनाओं की परिसम्पत्तियो का वितरण किया साथ ही सर्वजन पेंशन योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया।

**लातेहार पुलिस की बड़ी कामयाबी** कुख्यात नक्सली रविंद्र गंझु का करीबी था मुनेश्वर गंझु : एसपी अंजनी अंजन

# 10 लाख का इनामी माओवादी जोनल कमांडर मुनेश्वर चढ़ा पुलिस के हत्थे

## चंदवा के लुकुईया में माओवादियों द्वारा चार सुरक्षों बलो को शहीद करने व माल्हन व डगडगी पुल स्थित रेलवे साइट पर हमले में थी संलिप्तता : एसपी

➲ जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझु के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज हैं 78 आपराधिक मामले

**खबर मन्त्र संवाददाता**


गिरफ्तार माओवादी व जानकारी देते एसपी।

**लातेहार।** वर्ष 2022 का अंतिम महिना लातेहार पुलिस के लिए सफलताओं से भरा रहा है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कार्यकुशलता से लातेहार पुलिस की टीम ने जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुख्यात माओवादी रविन्द्र गंझु के गांव हेसला बांझीटोला से 10 लाख रूपये का इनामी माओवादी जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझू उर्फ मुनेश्वर उर्फ मुंशी जी पिता स्व. सुरेश गुझू उर्फ सुकेश गंझु मड़मा चंदवा को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गुरूवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुये एसपी श्री अंजन ने बताया कि गुप्त सुचना मिली थी कि सक्रिय माओवादी रविन्द्र गंझु अपने दस्ते के साथ छुपा हुआ है। सुचना के आलोक में चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में विशेष टीम गठित कर अभियान चलाया गया। इस दौरान हेसला बांझीटोला से जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझु पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके पास से 53 हजार रूपये नकद बरामद हुआ है।

### मुनेश्वर ने कई माओवादी वारदातों को रविंद्र के साथ मिलकर दिया है अंजाम

एसपी श्री अंजन ने बताया कि गिरफ्तार जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझु कुख्यात माओवादी रविन्द्र गंझु के दस्ते का सक्रिय सदस्य है व रविन्द्र गंझु के काफी करीबी माना जाता है। कई माओवादी वारदातों को मुनेश्वर रविन्द्र के साथ अंजाम दिया है। मुनेश्वर की गिरफ्तारी से कुख्यात रविन्द्र गंझु व माओवादियों को करारा झटका लगा है।

### माल्हन स्थित केईसी कंपनी के साइट पर अंधाधुंध फायरिंग कर एक इंजीनियर व कर्मियों को गोली मारकर घायल करने में भी था शामिल

बड़े माओवादी वारदातो में संलिप्तता की बात करें तो बीते 22 नवंबर 2019 को चंदवा के लुकुईया मोड पर माओवादियों द्वारा घात लगाकर चार सुरक्षा कर्मियों को शहीद करने की घटना में मुनेश्वर की संलिप्तता थी। इसके अलावे बीते 22 नवंबर 2022 को पतरातू से सोननगर तक बन रही तीसरी लाईन निर्माण कार्य स्थल पर टीटीपीआईएल कंपनी के साइट पर हमला कर 13 वाहनो व मशीनो को आग के हवाले करने की घटना में भी संल्पित था, साथ हीं 21 अक्टूबर 2022 को चंदवा के माल्हन स्थित केईसी कंपनी के साइट पर अंधाधुंध फायरिंग कर एक इंजीनियर व कर्मियों को गोली मारकर घायल करने की घटना में भी मुनेश्वर शामिल था। दो बड़ी घटनाओं को माओवादियों द्वारा अंजाम दिये जाने के बाद लातेहार पुलिस की यह कामयाबी कई मायनो में काफी बड़ी कही जा रही है। क्यों कि गिरफ्तार मुनेश्वर गंझु के द्वारा पुलिस के समक्ष कई राज भी उगला गया है, जो काफी महत्पवूर्ण बताया जा रहा है।

### मुनेश्वर रांची समेत कई जिलों में आतंक का प्रयाय था

एसपी अंजनी अंजन ने आगे बताया कि जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझु लातेहार, लोहरदगा, रांची, गुमला समेत कई जिले में आतंक का प्रयाय था। मुनेश्वर के खिलाफ इन जिलो के विभिन्न थानो में सीएलए एक्ट, आर्म्स एक्ट, यूएपी एक्ट, प्रिभेंसन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत 78 अपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमें चंदवा थाना में आठ मामले दर्ज है।

### विगत एक वर्ष से लगातार चल रहा है माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन

एसपी श्री अंजन ने कहा कि लातेहार जिले में नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए विगत एक वर्ष से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में माओवादियों को काफी नुक्सान पहुंचा है, जिससे माओवादी अपने गढ़ से निकलने को विवश हो गये हैं। कई माओवादी की गिरफ्तार भी हुयी है, कईयों ने समर्पण किया है वहीं कई मारे भी गये हैं। माओवादियों के गढ़ कहे जाने वाले बुढ़ा पहाड में सुरक्षा बलो के द्वारा कई बंकरों को ध्वस्त किया गया है, काफी मात्रा में गोली बारूद की बरामगदी हुयी है।

### छापामारी अभियान में ये थे शामिल

पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, सुनिल टूटी व सैट 202 के जवान शामिल थे। वही प्रेस वार्ता में एसपी अंजनी अंजन, एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र व अन्य अधिकारी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी आधा दर्जन लोग घायल

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैक्लुस्कीगंज पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दोड़का पुल के समीप बीते रात्रि एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। उक्त मार्ग से गुजर रहे रमेश साव, स्थानीय होटल संचालक के द्वारा इसकी सूचना प्रशासन व चंदवा सीएचसी को दिया गया। जिसके बाद चंदवा सीएचसी की टीम घटनास्थल पहुंची व सभी घायलों को चंदवा सीएचसी लाया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की पहचान मुस्कान कुमारी पिता मनोज अग्रवाल, रोशन सिंह पिता श्रीराम सिंह, धर्मेंद्र पासवान पिता सिताराम पासवान, पूनम देवी पति धर्मेंद्र पासवान, अमित सिंह पिता साधुचरण सिंह व गुंजन कुमारी पिता श्रीराम सिंह (सभी जपला) जपला के रूप में हुई। ये सभी एक कार में सवार होकर जपला से मैक्लुस्कीगंज जा रहे थे। इसी दौरान चालक कार से नियंत्रण खो बैठा व कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।

### कलाकारों ने की स्थानीय कला जत्था को प्राथमिकता देने की मांग

**चंदवा।** स्थानीय कलाकारों ने जिला प्रशासन से स्थानीय कला जत्था को प्राथमिकता देने की गुहार लगाई है। कलाकारों ने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की पहल पर पिछले दिनों लातेहार जिले में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु कला जत्था के चयन हेतु ऑडिशन किया गया था। 20 दिसंबर को आयोजित इस ऑडिशन में लातेहार के अलावे अन्य जिलों के कला दलों के लोगों ने भी ऑडिशन दिया था। ऑडिशन के बाद लातेहार में संचालित स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, सेवा कठपुतली नाट्य ग्रुप, आस्था यादव कला जत्था, कठपुतली ग्रुप, सरना कला जत्था, नीलकमल संस्थान समेत अन्य कला जत्था के लोगों ने जिले में संचालित कला दलों के चयन की मांग की है। उन्होंने लातेहार के अलावा अन्य दूसरे जिलों के कला दलों का चयन नहीं करने की मांग भी उपायुक्त से की है। उनका कहना है कि लातेहार जिले में स्थानीय कला दलों को ही प्रमुखता दी जाए, ताकि कला दलों से जुड़े लोगों का जीवन यापन बेहतर ढंग से चल सके। बताते चलें कि इस ऑडिशन में 43 कला दलों की टीम ने हिस्सा लिया था।

### कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 25 को

**चंदवा।** कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम भारत जोड़ो यात्रा को मजबूती प्रदान करने, प्रखंड चंदवा कांग्रेस कमिटि आगामी दिनांक 25 दिसंबर रविवार को भारत जोड़ो यात्रा निकालेगी। इस आशय की जानकारी प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि नफरत को मुहब्बत में बदलने, भेदभाव को मिटाकर लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से देश भर में यह कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसमें देश की जनता का आपार समर्थन मिल रहा है और लोग इस यात्रा से जुड़ भी रहे हैं। इस यात्रा की शुरूआत नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### वन विभाग ने बांटा टॉर्च व चूल्हा


टॉर्च व चूल्हा वितरण करते रेंजर व अन्य।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों के बढ़ते उत्पाद के मद्देनजर बचाव को लेकर पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों के बीच टॉर्च व चूल्हा का वितरण किया गया। इस दौरान रेंजर राकेश कुमार ने ग्रामीणों से जंगली हाथियों के झुंड से बचकर रहने की सलाह देते हुए कहा कि जंगली हाथी गांव की ओर विचरण करें तो उस से दूरी बनाकर रखें। वन विभाग के द्वारा बताए गए दिशा निदेर्शों का पालन करें व जंगली हाथियों को छेड़ने बचे। जंगली हाथियों के कारण आप लोगों जो भी नुकसान हो रहा है, उसका मुआवजा दिया जाएगा। मौके पर विभाग के आलोक तिग्गा, वीरेंद्र कुमार, मुखिया जतरु मुंडा, पंसस पति रामकिशुन गंझू, सुरेश गंझू, विजय लोहरा, सतीश भगत, किशुन यादव समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## सेनेटरी पैड को अपनायेंगे, महामारी दूर भगायेंगे: अनिल कुमार

➲ 100 गर्ल्स क्लब ने लगवाया मैन्यूअल सेनेटरी नैपकिन पैड वेंडिंग मशीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सेनेटरी नैपकिन पैड वेंडिंग मशीन भेंट करते अतिथि।

**चंदवा।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय चंदवा में दिल्ली की स्वयंसेवी संस्था 100 गर्ल्स क्लब की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह समाजसेवी ने सामुहिक रूप से मैन्यूअल सैनेटरी नैपकिन पैड वेंडिंग मशीन का शुभारंभ किया। अनिल कुमार ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर कहा कि सेनेटरी नैपकिन पैड के इस्तेमाल से सिर्फ बेटियों की सुरक्षा नहीं होगी, बल्कि बेटियां स्वस्थ और स्वच्छ समाज के निर्माण में सराहनीय भूमिका नाभाएंगी। कार्यक्रम के दौरान अनिल ने नारा देते हुए कहा कि सैनेटरी पैड्स को अपनाएंगे, महामारी दूर भगाएंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी नंदकुमार पांडेय ने मुख्य रूप से सैनेटरी पैड्स के इस्तेमाल और उपयोग के बाद उसे डिस्पोज करने की जानकारी दी। चंदवा पश्चिमी की मुखिया संगीता लकड़ा ने 100 गर्ल्स क्लब के प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास से छात्राओं सहित ग्रामीण महिलाओं की धारणा बदलेगी। स्कूल की प्रिंसिपल राधिका कुमारी ने कहा कि स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों को सैनेटरी पैड्स के लिए दुकान नहीं जाना होगा। उन्हें स्कूल में ही सैनेटरी पैड्स मुहैया हो जाएगा। इसके अलावा समाज की महिलाओं को भी आसानी से पैड्स मुहैया कराया जा सकेगा। कार्यक्रम प्रभारी कुमारी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का लाभ मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं और बेटियों को मिलेगा। जिन्हें सेनेटरी पैड्स के लिए शहर जाना पड़ता था। अब महज पांच रुपए अदा कर उन्हें गांव में सेनेटरी पैड्स उपलब्ध हो जाएंगे। समय की बचत कर महिलाएं और छात्राएं दूसरा काम कर पाएंगी। मैन्युअल सैनेटरी नैपकिन पैड वैंडिंग मशीन का प्रयोग काफी आसान है। मशीन में पांच रुपए का सिक्का डालना है, चाभी को दो बार घुमाना है और सैनेटरी पैड को घर ले जाना है। कार्यक्रम में राज कुमार साहू, प्रभाकर मिश्रा, विकास कुमार, नितीन कुमार, धर्म प्रकाश अग्रवाल, गोपाल जायसवाल, मनोज कुमार, कौशल किशोर गुप्ता, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका सहित काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

### युवा समाजसेवी ने सोलर जल मीनार की करवायी मरम्मत


जल मीनार की मरम्मत का काम करवाते हुए समाजसेवी व अन्य

**मनिका।** मनिका प्रखंड के दुंदु पंचायत अंतर्गत स्थित चौकिया गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप लगा सोलर जल मीनार कई महीनों पूर्व से खराब पड़ा हुआ था। जिस वजह से विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं आसपास रहने वाले ग्रामीणों को पानी के लिए काफी समस्या हो रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर जल मीनार का मोटर व पाइप खराब हो गया है जिस वजह से लोगों को पानी के लिए परेशानी हो रही है। वहीं लोगों को पानी के लिए हो रही समस्याओं को देखते हुए चौकिया गांव निवासी व युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी के द्वारा अपने निजी खर्च से विद्यालय के पास लगा सोलर जल मीनार का मोटर एवं पाइप का मरम्मत का काम करवाया गया। सोलर जल मीनार बन जाने से लोगों ने राहत की सांस लिया। बताते चलें कि इस सोलर जल मीनार के माध्यम से विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों व आसपास रहने वाले दर्जनों घरों को पानी मिलती है। जलमीनार खराब होने से पानी के लिए सबसे ज्यादा दिक्कत विद्यार्थियों को हो रही थी। जल मीनार का मरम्मत का काम करवाने पर ग्रामीणों ने अख्तर अंसारी को धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर अख्तर अंसारी ने बताया कि काफी दिनों पूर्व से यह सोलर जल मीनार खराब पड़ा था और इसे बनवाने के लिए ग्रामीणों के द्वारा कई बार गांव के मुखिया समेत अन्य कई जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई थी लेकिन इसे बनवाने के लिए किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे ही छोटी-छोटी कारणों की वजह से पूरे प्रखंड क्षेत्र में कई जल मीनार खराब पड़े हैं लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं हैं। जबकि कम खर्चों में जल मीनार का मरम्मत करवा कर उसे उपयोग लायक बनाया जा सकता है इस पर पहल करने की जरूरत है ताकि लोगों को इस तरह की समस्याओं से ना गुजरना पड़े। मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### वीर अहीर शहीद सैनिकों के सम्मान में 25 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**लातेहार।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा प्रायोजित पूरे जिला में प्रांतीय यादव महासभा की ओर से 25 दिसंबर को रेजांगला के वीर शहीद अहीर सैनिकों के समान में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। पूरे जिले में कलश यात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष कमेटी सदस्यों के साथ तन्मयता से जुटे हैं। इस संबंध में प्रांतीय यादव महासभा के लातेहार जिलाध्यक्ष बृन्द बिहारी प्रसाद यादव ने बताया कि यह कलश यात्रा सन 1962 में चीन-भारत युद्ध के दौरान रेजांगला (लद्दाख) में शहीद वीर अहीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु महासभा की राष्ट्रीय समिति द्वारा प्रायोजित है। कलश यात्रा को प्रांतीय यादव महासभा द्वारा झारखण्ड राज्य के प्रत्येक जिला में भ्रमण प्रारम्भ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा रेजांगला धाम से ही शहीदों के पवित्र मिट्टी को भरकर कलश में लाया गया है। यह यात्रा लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड में 25 दिसंबर, 2022 को सुबह 11:30 बजे प्रवेश करेगी। चंदवा, बालूमाथ एवं बारियातू प्रखंड के लोगों द्वारा चंदवा के लुकुईया मोड़ में कलश यात्रा का स्वागत किया जाएगा। उसके बाद यह यात्रा दोपहर 1:30 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां महुआडांड़, बरवाडीह एवं लातेहार प्रखंडवासी यात्रा का स्वागत लातेहार ब्लॉक गेट के पास करेंगे तथा सभी लोग पैदल मार्च करते हुए लातेहार बाजारटांड़ तक जाएंगे, जहां सभी उपस्थित लोग पवित्र कलश को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद यात्रा मनिका प्रखंड के लिए प्रस्थान करेगी। मनिका प्रखण्ड के शिव मंदिर प्रांगण में यात्रा 2:30 बजे पहुंचेगी, जहां मनिका वासी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। 3:00 बजे यह यात्रा पलामू जिला के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा में अहीर रेजिमेन्ट की मांग की जाएगी।

## राज्य गठन से पूर्व देखे गये सपने आज भी बस सपने ही हैं

➲ संघर्षों के लिए आज भी लड़ाई लड़ रहे हैं झारखंड आंदोलनकारी

➲ आंदोलनकारियों के साथ आज तक न्याय नहीं कर पायी सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


झारखंड आंदोलनकारी।

**बरवाडीह।** कहानियों किताबो और कहने को तो झारखंड बेहद अमीर राज्य है। क्योंकि यहां खनिज संपदाओं की भरमार है। यहां के खनिज पदार्थों से दूसरे राज्य रौशन हो रहें है। लेकिन यहां के लोग आज भी गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी झेलने को मजबूर है। आजादी के बाद यहां कई सरकारें आई और चली भी गई पर झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने की बजाय सिर्फ चुनावी भाषणबाजी तक ही सिमट कर रह गई। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में शामिल लोगों और शहीदों ने राज्य के लिए जो सपने देखे थे वह आज भी सपने ही रह गए है। यही नहीं आंदोलनकारियों के साथ आज तक सरकारें न्याय नहीं कर पाई। यही कारण है कि आज भी हजारों आंदोलनकारी पहचान के मोहताज है, और सरकारी सुविधाओं से मरहूम है। साल दर साल बीतते गए पर आंदोलनकारियों और उनके परिजनों का दर्द उनकी आखों में साफ छलकता है। आंदोलनकारियों का अलग राज्य का सपना तो पूरा हुआ, लेकिन राज्य गठन से पूर्व देखे गए सपने आज भी बस सपने ही हैं। आंदोलनकारियों की माने तो आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों का दर्द सरकार नहीं समझती। तभी तो इतने वर्षों बाद भी आंदोलनकारी अपनी मांगों के लिए सड़कों पर उतरते अक्सर नजर आते है। आंदोलनकारियों ने कहा कि झारखण्ड राज्य थाली में रखकर नहीं मिला है, लेकिन सत्ता में बैठकर इस राज्य की दुर्दशा के जिम्मेदार लोग इस बात को नहीं समझ सकते। यहां तक कि आंदोलन में अपना घर परिवार छोड़कर सब कुछ न्यौछावर करने वालों को अब तक पहचान नहीं मिली है। सरकार को आंदोलनकारियों को चिन्हित कर उन्हें स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा देते हुए पेंशन योजना और स्वतंत्रता सेनानियों की तरह जमीन भी मिलनी चाहिए। उनके परिवार के सदस्यों को मान सम्मान के साथ सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए थी। लेकिन इस सरकार में भी वैसा कुछ होता नजर नहीं आ रहा है। शहीदों के सम्मान में राज्य के विकास के लिए कई घोषणाएं भी होती हैं, लेकिन आज भी झारखंड के आंदोलनकारी अपने संघर्षों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

## एक नजर में

### मो. इमरान बने झामुमो के जिला संयुक्त सचिव



**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव के द्वारा बालूमाथ के समाजसेवी मो. इमरान को झामुमो जिला संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया है। मौके पर बोलते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार के काम से प्रभावित होकर झामुमो का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। राज्य सरकार अपने सभी किए गए वादों को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। गरीबों को पेंशन, रोजगार से जोड़ा जा रहा है। वही मोहम्मद इमरान ने कहा की अपने नेताओं के मार्गदर्शन पर एवं कार्यकताओं के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे एवं हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ गरीबों को दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता दीपू सिन्हा, बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, बालूमाथ बिस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, राजेश यादव, औरंगजेब खान, टेकलाल तुरी, सुरेश गंझु, परमेश्वर गंझु, संजय उराँव, राजेश उराँव, जावेद अख्तर, मो. गुफरान, सितमोहन मुंडा, मानिक गंझु सहित कई लोगो ने मो. इमरान को जिला संयुक्त सचिव बनाये जाने पर बधाई दी है।

### निशा शाहदेव ने ग्रामीण विकास मंत्री से की मुलाकात

➲ फुलसू पंचायत की डूब कुलूवा नदी में पूल निर्माण को लेकर दिया आवेदन


मुलाकात करतीं उप प्रमुख।

**बारियातू।** प्रखंड उप प्रमुख निशा शाहदेव ने राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गिर आलम से रांची आवास में मुलाकात कर फुलसू पंचायत के डूब कुलूवा नदी में पूल निर्माण का आग्रह किया। उप प्रमुख शाहदेव ने ग्रामीण विकास मंत्री को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया है कि फुलसू पंचायत के अंतिम छोर में मतकोमा मंजुआखाड़ से नवादा जाने वाली मार्ग में पड़ने वाली उपरोक्त नदी में सालों भर पानी रहता है। लातेहार जिला मुख्यालय जाने के लिए बारियातू होते हुए तीस किमी की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। आसपास के गांव में दुर्घटना होने पर भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है हालांकि इसके पश्चात विधायक बैद्यनाथ राम के पहल पर विशेष प्रमंडल के अभियंता द्वारा पूल निर्माण के लिए मापी की गई। आपसे आग्रह है कि उपरोक्त नदी में नए वर्ष में पूल निर्माण की आधार शिला रखी जाए। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कोई परेशानी नही हो। इस अवसर पर मो. मुमताज, नंदू उरांव भी उपस्थित थे।

### दोस्त बने मिसाल : सड़क हादसे में घायल सहपाठी के इलाज के लिए आगे आये दोस्त, किया आर्थिक सहयोग


घायल ऋषि की पत्नी को आर्थिक सहयोग करते 93 बैच के विद्यार्थी।

**बरवाडीह।** मंगलवार को भगत सिंह चौक के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बरवाडीह निवासी भाजपा नेता सह पंचायत समिति सदस्य के पति ऋषि प्रजापति का इलाज जहां राजधानी रांची के प्लस हॉस्पिटल में चल रहा है। सर में गहरी चोट आने के कारण उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरी और आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण इलाज में परिजनों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस विकट स्थिति में जहां परिजन सोशल मीडिया और अन्य स्रोत के माध्यम से लोगों से सहयोग की अपील कर रहें है। वहीं इस घड़ी में घायल ऋषि प्रजापति के सहपाठी मदद के लिए आगे आए है और गुरुवार को रांची के प्लस हॉस्पिटल पहुंच उनकी पत्नी को 26500 रुपया नगद आर्थिक सहयोग करने का काम किया है। बता दें कि ऋषि प्रजापति 1993 बैच के विद्यार्थी रहें है। इधर अपने सहपाठी के इलाज में आर्थिक मदद कर 93 बैच के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह साबित कर दिखाया की आज के परिवेश में भी इंसानियत जिंदा है। वहीं उन्होंने आमजनों से भी आर्थिक मदद करने की अपील की है। उधर चिकित्सकों की मानें तो घायल ऋषि प्रजापति की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। वहीं उनके परिजनों के साथ-साथ 93 बैच के विद्यार्थी और बरवाडीह के लोग ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहें है।

# पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा अवार्ड से सम्मानित हुए कलाकार

➲ कुड़ुख गायकी, संगीत निर्देशन, अच्छा अभिनय, अच्छी कोरियोग्राफी को लेकर किया गया सम्मानित

**जगतारण सिंह**



सम्मानित कलाकार।

**लातेहार।** झारखंड की पहचान यहां के जंगल, नदियां व झरने हैं। यहां के जलप्रपात और कलकल बहती नदियों की धारा में प्रकृति का मधुर संगीत गूंजता रहता है। यह संगीत यहां के निवासियों के जनजीवन में पूरी तरह रचा-बसा है। मैं बात कर रहा हूं कि झारखंड के उभरते मशहूर कुँड़ुख गायक रविकांत भगत, जितेंद्र भगत, सुकुल उरांव एवं रिंकू उरांव की जो लातेहार जिले के छोटे से कस्बे में जन्मे पूरे झारखंड मे कुँड़ुख गीतों के माध्यम से लोगों को रोमांचित कर रहे हैं। जिन्हें रांची में आयोजित जे नाची से बांची सम्मान समारोह 2022 में झारखंड आदिवासी विकास समिति रांची द्वारा लातेहार जिले के चार कलाकारों को पद्मश्री मुकुंद नायक के हाथों पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा अवार्ड से सम्मानित किया गया है। चार सम्मानित कलाकारों में रवि कांत भगत कुँड़ुख गायकी और संगीत निर्देशन हेतु सम्मान एवं सुकुल उराँव को कुँड़ुख गायकी और संगीत निर्देशन के लिए सम्मान, एवं रिंकु उराँव को कुँड़ुख संस्कृतिक गीतों में अच्छी अभिनय के लिए सम्मान तथा जितेंद्र भगत को कुँड़ुख गीतों एवं विडिओ में अच्छी कोरियोग्राफि एवं निर्देशन के लिए सम्मान मिला। बताते चलें को रवि कांत भगत को कुँड़ुख गायकी में बीस सालों से लगातार कुँड़ुख संस्कृति के गीतों को गाते चले आ रहे हैं जिसमें लगभग एक सौ से अधिक एल्बम बना चुके हैं और उन्हें इस कार्य हेतु कई सारे सम्मान मिलते रहे हैं। वहीं सुकुल उराँव दस सालों से कुँड़ुख संस्कृति में लगातार गायकी एवम संगीत निर्देशक का काम कर रहे हैं। वही बता दे कि पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा अवार्ड संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में दिया जाता है। आगे रिंकु उराँव और जितेंद्र भगत ने बताया कि वे भविष्य में भी कुँड़ुख संस्कृति संरक्षण को लेकर काम करते रहेंगे। इस सम्मान कार्यक्रम में झारखंड आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग, सचिव रवि लकड़ा, पद्मश्री मुकुंद नायक समेत झोलिवुड इंडस्ट्री के कई सारे नामचीन कलाकार उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## कसमार उप प्रमुख ने बीज वितरण में लगाया गड़बड़ी का आरोप



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड की उप प्रमुख संजू देवी ने प्रखंड में बीज विनिमय योजना के तहत किसानों के बीच 90 : अनुदान पर वितरित किए गए बीज वितरण पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है ।उपप्रमुख का कहना है कि पैक्स या नोडल पैक्स द्वारा चालू खरीफ फसल गेहूं एवं चना बीज वितरण में काफी मनमानी किया गया है ।लाभुक किसानों को निर्धारित मात्रा में बीज न देकर सामान्य लोगों को दे दिया गया। वही निर्धारित दर से दो गुना दर भी वसूला गया है। उप प्रमुख ने कहा कि मधुकरपुर पंचायत में कई ऐसे किसान हैं जो गेहूं एवं चना का खेती करते हैं पर उन्हें बीज नहीं मिला। सरकारी अधिकारी एवं पैक्स कर्मियों की मिलीभगत से गेहूं एवं चना बीज का बंदरबांट किया गया है। उन्होंने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करने को कहा।

## बोकारो प्रेस क्लब के लिए चिन्हित भूमि की मापी

**बोकारो।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देश पर प्रेस क्लब के लिए चिन्हित भूमि का डीपीआरओ राहुल भारती ने मापी करवाया। मौके पर एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत विभागीय कर्मी राकेश रंजन सिन्हाए आशुतोष कुमार आदि उपस्थित थे। प्रशासन चिन्हित भूमि पर प्रेस क्लब निर्माण को लेकर जल्द ही तकनीकी स्वीकृति के साथ प्राक्कलन तैयार कर विभाग से आवंटन की मांग की जाएगी। डीपीआरओ ने कहा कि वरीय पदाधिकारी भी चिन्हित भूमि का जल्द ही निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कनीय अभियंता को चिन्हित भूमि में उग आएं झाड़ियां की साफ . सफाई का निर्देश दिया ।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया के एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से मिलकर इस बाबत ज्ञापन सौंपा था।

## निजी एवं गैर सरकारी विद्यालय सुबह 9.00 बजे से खुलेंगे

**धनबाद।** बढ़ती ठंड के कारण विद्यार्थियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह ने सभी निजी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को सुबह 9 :00 बजे से खोलने व कक्षा का संचालन करने का आदेश दिया है। छात्रों की उपस्थिति का समय सुबह 8.55 बजे से पहले नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा 28 फरवरी 2023 तक प्रभाव में रहेगा इस संबंध में उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में 16 दिसंबर 2022 से सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा का संचालन सुबह 9 :00 बजे से किया जा रहा है। वहीं ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि कुछ निजी व गैर सरकारी विद्यालय सुबह 9 :00 बजे से पहले ही खुल जाते हैं और कक्षा का संचालन करते हैं।

## वैक्टिरिया जनित रोग नियंत्रण को लेकर मिला प्रशिक्षण

**बोकारो/कसमार।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण हेतु कसमार प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय एएनएमए जीएनएम एवं सहिया प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक डॉ हरिपद सोरेनए डॉ संतोष कुमार ने बताया कि वेक्टर जनित रोग के अंतर्गत मलेरियाए फैलेरियाए डेंगूए चिकनगुनिया जापानी इंसेफेलाइटिस आदि अलग .अलग तरह के मच्छर के काटने से फैलता है। जापानी इंसेफेलाइटिस एक वायरल बीमारी है जो कि विलेक्स मच्छर द्वारा फैलता है। यह बीमारी केंद्रीय स्नायु तंत्र को प्रभावित करता है । जो सामान्य रूप से मस्तिष्क ज्वर के नाम से भी जाना जाता है। इन सब का बचाव एवं रोकथाम घर आसपास के  साफ .सफाई एवं स्वच्छ भोजन तथा स्वच्छ पेयजल है। मौके पर एमटीएस शैलेश कुमार ठाकुर, बीपीएम बंकीम चंद्र महतोए एएनएम रेणू कुमारीए आलोचना कुमारीए सहिया साथी बसंती देवी मौजूद थीं।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

## पीड़िता ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** सिन्दरी के राँगामाटी के रेनबो क्लब फुटबॉल ग्राउंड के समीप रहनेवाली नाबालिग लड़की के साथ उसके भाई के रिश्तेदार सुजीत रवानी द्वारा शादी का झाँसा देकर दो बार यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि दूसरे पक्ष द्वारा इससे इनकार किया जा रहा है। उक्त नाबालिग लड़की ने बताया है कि उसके भाई संतोष की शादी धनसार थाना क्षेत्र के दहुआटाँड़ निवासी अजीत रवानी के बेटी के साथ जुलाई 2021 में संपन्न हुई। संतोष का साला सुजीत लगातार फोन पर प्रेम भरी बातें करता रहा। उसने बताया कि आरएमएलटू स्थित लड़की के मौसी के घर पर विगत 30 अक्टूबर और 2 दिसंबर 2022 को शादी का झाँसा देकर यौन शोषण किया। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुजीत, संतोष सहित उसके परिवार के लोगों ने उसके राँगामाटी स्थित आवास पर पहुँचकर शादी से साफ इनकार किया है और नहीं पहचानने की बात कर रहा है। नाबालिग लड़की की माँ ने बताया कि घरों में दाई का काम कर पाल रही चार बेटियों में सबसे छोटी बेटी के साथ सुजीत ने दुष्कर्म किया है। उन्होंने बताया कि दो बेटियों की शादी हो गई है और बेटा संतोष बहन के साथ देने के बजाए अपने साले का साथ दे रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन से न्याय की गुहार के लिए बलियापुर थाना में आवेदन कर दिए हैं। हालांकि सुजीत ने दूरभाष पर बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है और पारिवारिक उलझन है, इसे सुधार लिया जाएगा। बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि उक्त संदर्भ में कोई लिखित शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। लिखित शिकायत आने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## पीडीएस अनाज की कालाबाजारी करने वाले गिरोह के संचालक और चालक गिरफ्तार



**तिसरा।** झरिया के आस पास क्षेत्रों से गरिबों का निवाला का कारोबार करने वाले सातीर गिरोह को घनुडीह पुलिस ने किया गिरफतार। बताते चलें कि घनुडीह ओपी अंतर्गत स्टेशन रोड़  न्यू पुलिया स्थिति बुधवार को लगभग 9 बजे रात्रि में पीडीएस के अनाज लोड कर जे एच 10 बी एक्स 5947 नंबर की टेंपू को पुलिस ने धर दबोचा। वही टेंपू के साथ चालक मोहन कुमार साव के आलावे सरकारी अनाज के कारोबारी ललन कुमार बर्नवाल को रंगे हाथ दबोच कर घनुडीह ओपी लाया गया। जंहा ओपी प्रभारी चंदरशेखर सिंह ने मार्केटिंग ऑफिसर राजू रंजन कुमार को जानकारी दिया गया। सूचना पाकर गुरुवार के सुबह राजू रंजन ओ पी में पहुंच जांच पड़ताल किया, तत्पश्चात चावल को जप्त करते हुए 7 सी के तहत टेंपू चालक मोहन कुमार साव के अलावे टेंपू मालिक बृजेन्द्र प्रसाद साव अबैध घंधा संचालक लालन कुमार बर्नवाल, छोटू मंडल,बंटी झा, कांग्रेस नेता रत्नेश याद आदि पर मामला दर्ज की गई है। मौके पर श्री कुमार ने बताया कि कुछ माह पूर्व मै पद भार ग्रहण किया हूं। जंहा लगातार सरकारी अनाज की अवैध कारोबार की खबर मिल रही थी, जिसको लेकर अधिकारियों ने जाल बिछाकर चावल तस्कर को पकड़ा।

## जांच शिविर: 26 लोगों की आंखों का होगा ऑपरेशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** साईं बाबा मंदिर सिन्दरी प्रांगण में गुरुवार को मंदिर समिति व नारायण फाउंडेशन हाइटेक अस्पताल के द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 54 लोगों की जाँच कर 26 मरीजों को आँख के ऑपरेशन के लिए गोविंदपुर हाइटेक अस्पताल भेजा गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि हर्ल सिन्दरी सिनीयर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय व विशिष्ट अतिथि सिन्दरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने भी आटोरैफ कम्प्यूटराइज्ड टेस्टिंग मशीन द्वारा नेत्रजाँच का लाभ लिया। साईं बाबा मंदिर संरक्षक रविन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस प्रकार की निःशुल्क जाँच शिविर लगातार आयोजित किया जा रहा है और इसे जनवरी के प्रथम सप्ताह में पुनः आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता, डॉ एम डी गुप्ता की नेत्र विशेषज्ञ टीम ने 54 लोगों का जाँच किया। इसमें चयनित 26 मरीजों को आँख के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए गोविंदपुर हाइटेक अस्पताल भेज दिया गया है। मौके पर सेवानिवृत्त डीएसपी जय कृष्ण कुमार, हर्ल के डॉ अजय नारायण सिंह, रेणु सिंह सहित संस्थान के अंन्य सदस्य मौजूद थे।

## धनबाद भाजपा मंडल के अध्यक्षों की बैठक में चर्चा

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला कार्यालय में धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनबाद जिला महानगर के जिला पदाधिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी तथा मंडल अध्यक्षों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद जिला महानगर के प्रभारी अभय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर किसी भी कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता को लेकर जाना जाता है। हम सबों के सामने आगामी तीन कार्यक्रम है। 25 दिसंबर को हम सबके प्रेरणा पुरुष देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती है। इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में भी जाना जाता है। सुशासन दिवस को प्रत्येक बूथ स्तर पर मनाना है और वहां पर उपस्थित सबसे वरिष्ठ कार्यकताओं से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जीवनी के बारे में जानना है। अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम को लेकर हम सबों को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध जदयू के कार्यकर्ता आंदोलन को तैयार रहें: दीप नारायण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** गुरुवार को बाघमारा प्रखंड जदयू की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप की अध्यक्षता में माटीगढा में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 12 जनवरी 2023 को आयोजित केन्द्र सरकार की गांव - गरीब, मजदूर - किसान, छात्र - नौजवान विरोधी नितियों एवं प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध विशाल प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनिती तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पुरे प्रखंड में दीवार लेखन एवं जनसंपर्क करने का निर्माण लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार की गरीब विरोधी नितियों के कारण गांव के मजदूर - किसान परेशान हैं। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। बेतहाशा मंहगाई के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार का आलम है। गरीबों का कोई काम नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में जदयू बाघमारा प्रखंड ने आंदोलन का शंखनाद किया है। जदयू कार्यकर्ता आंदोलन के लिए तैयार रहें और 12 जनवरी को हजारों की संख्या में शामिल होकर प्रखंड मुख्यालय में अपनी ताकत का एहसास कराएं। मौके पर इंदल सिंह, मुकेश सोनार, संतोष कुमार सिंह, शिवम कुमार, नागेश्वर तुरी, दिनेश चौहान, राम अवतार मौजूद थे।

## महिलाएं घर-समाज के लिए साबित हो रहीं वरदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/गोमिया।** स्वांग दक्षिणी पंचायत अंतर्गत न्यू माइनर्स कॉलोनी में संत थॉमस स्कूल के समीप नई दिशा जागृति महिला संगठन की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आम सभा आयोजित की गई। इस आम सभा में आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं जुटी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य समन्वय समिति सदस्य सह राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद पहुंचे। नई दिशा जागृति संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर व गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। संचालन चंदा देवी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि महिलाओं का यह संगठन महिला सशक्तिकरण को बल देनेए समाज को सही दिशा में ले जाने और समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं की सामाजिक रुप से स्थिति काफी बदली है। पहले समाज में ऐसा प्रचलन थाए कि अगर किसी की बहू बेटी घुंघट नहीं लगाती थी तो उसे अपराध माना जाता था। किंतु वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता के परचम लहरा रही हैं। महिलाएं अपने समाज व घर के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि गोमिया नगर परिषद का विघटन नहीं होता तो आज कई चीजों की हम लोगों को अतिरिक्त टैक्स का बोझ उठाना पड़ता। गोमिया में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं थाए मेरे प्रयास से डिग्री कॉलेज का निर्माण हुआ है। इसके साथ स्टेडियम का भी निर्माण हुआ।

## छपरगढ़ा में फुटबॉल टूर्नामेंट: पिरया बगान और सीसीएल कथारा के बीच फाइनल मैच

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड के घरवाटांड पंचायत में स्व पूर्व मुखिया दीपचंद यादव व स्व शंकर सोरेन ग्रामीण फुटबॉल मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल महाकुम्भ का फाईनल मैच गुरुवार को पीरया बागान पिठोरिया वसर्स सीसीएल कथारा के बीच खेला गया ।बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतोएविशिष्ट अतिथि जिला परिषद माला कुमारी व चांपी मुखिया प्रतिनिधि सीताराम मुर्मू ए उप मुखिया रविंद्र नायक एराजन नायकए पनसस अख्तर अंसारी मौजूद थे ।सोरेन फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया ।जिसमें संतोष सोरेनए कृष्ण सोरेनए सूरज कुमारए बेजू रविदासए मंटू रविदासए मजधर सोरेन ए सागेन सोरेनएराहुल कुमार आदि लोगो का मुख्य भूमिका रहा। निर्धारित समय में खिलाड़ियों ने गोल देने में जीत हासिल नहीं कर सके । पेनल्टी में प्रिया बगान ने एक गोल दागते हुए जीत हासिल किये। फाईनल मैच में दोनों टीमो का खिलाड़ी बहुत ही अच्छे प्रदर्शन किये ।खेल शुरू करने से पहले सबसे पहले राष्ट्रगान हुई साथ ही स्व पूर्व मुखिया दीपचंद यादव व स्व शंकर सोरेन को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर पूर्व विधायक योगेंद्र यादव ने कहा कि फुटबॉल खेल भारत मे धीरे धीरे रौनक घटते जा रहा है। इसकप बढ़ावा देना होगा।

## खेल में दुनिया को बदलने की ताकत है: प्रशिक्षक जयदीप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में डीपीएस बोकारो की मेजबानी में आयोजित दो.दिवसीय अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक जयदीप सरकार ने खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल में दुनिया को बदलने की ताकत है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी प्रोग्राम के तहत खेल.संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में बोकारो में एक नई क्रांति आई है। डीपीएस के प्राचार्य सह सहोदया के अध्यक्ष डॉ ए एस गंगवार ने प्रतिभागी टीमों को खेल.भावना से खेलने तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं ।मौके पर सहोदया के उपाध्यक्ष सह जीजीपीएस के प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती तथा महासचिव सह एआरएस के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधिए रेफरी और निर्णायक गण उपस्थित रहे। समूहगान के बाद प्रतिभागियों ने टीम.भावना से खेलने की शपथ ली और मुख्य अतिथि ने टूर्नामेंट की शुरूआत की ।सहोदया से जुड़े 10 विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 प्रतिभागियों की इस प्रतियोगिता में अंडर. 14 और अंडर.19 आयु वर्ग के बालक व बालिका शामिल हो रहे हैं।

# संपूर्ण मानव जीवन एक गणित है: सुनील सिंह

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में गणित दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के शुभ अवसर पर गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बंदना के पश्चात भाषण प्रतियोगिता , गणितीय गीत प्रतियोगिता एवं गणितीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को 4 वर्गों में बांटा गया-शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग। इस प्रतियोगिता के बाद विद्यालय में गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें 257 प्रदर्श प्रदर्शित प्रदर्शित किए गए। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह ने कहा कि यदि व्यक्ति आकलन करें तो संपूर्ण मानव जीवन एक गणित है। अपने जीवन में हर व्यक्ति कार्य को समयानुसार विभाजित कर उसे पूरा करता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने संपूर्ण जीवन को बिताने के लिए समय सारणी के द्वारा पूरा करने का प्रयास करता है। उन्होंने यह भी बताया कि गणित एक रोचक विषय है, अतः प्रत्येक छात्र -छात्राओं को रूचि पूर्वक इस विषय में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का प्रयास करना चाहिए ।विद्यालय के गणित प्रमुख श्री मानिक सेन ने श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारत का ही नहीं बल्कि संसार के महान गणितज्ञों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि शताब्दियों में ही ऐसे विलक्षण प्रतिभाशाली व्यक्ति का जन्म होता है। उन्होंने बताया कि आज भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व उनके कृतित्व का ऋणी हैं।

### 22 दिसंबर को मनाया जाता है गणित दिवस

उन्होंने बताया की 22 दिसंबर 2012 से विद्या भारती योजना में गणित दिवस को स्थान मिला और तब से हर विद्या भारती के विद्यालयों में 22 दिसंबर को गणित दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। निरीक्षण में विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य श्री दुर्गेश नंदन सिन्हा, गणित विषय के आचार्य श्री श्रवण कुमार दुबे, श्री संतोष कुमार पाठक, श्री गौतम मुखर्जी, श्री मानिक सेन ने विधिवत प्रदर्श का मूल्यांकन किया एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र –छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक नजर में

## जीएनएम मैदान कतरास युवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**कतरास।** गुरुवार से जीएनएम मैदान कतरास में कतरास युवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत की गई।। फीता काटकर लीग का उद्घाटन क्षेत्र के जाने माने चिकित्सक डॉ स्वतंत्र कुमार, भाजपा नेता पंकज सिन्हा, प्रो० कृष्ण मोहन सिन्हा, प्रो० प्रताप नारायण पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अमित सिन्हा, अनुराग बजरंगी, पंकज तिवारी, मुकेष भट्ट, बिट्ठू कुमार, मनोज राय, आनंद खंडेलवाल, अरबिन्द सिन्हा उपस्थित थे। लीग का पहला मुकाबला फुलवार इलेवन और राजेन्द्र स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया जिसमें फुलवार इलेवन ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। आयोजनकर्ता विष्णु गुप्ता, अमन जयसवाल, संदीप जयसवाल, अजय महतो एवं अरशद खान ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल 31 दिसम्बर को खेला जायेगा।

## सड़क सुरक्षा कर्मियों ने आवेदकों के घर जाकर लिया आवेदन



**बोकारो।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निदेर्शानुसार डीटीओ के आदेश पर जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के कर्मियों द्वारा जिला अंतर्गत हिट एंड रन से सम्बंधित लंबित मामलों के निष्पादन हेतु आवेदकों के पते पर जाकर संबंधित मूलभूत दस्तावेजो की जांचकर आवेदकों से आवेदन फार्म लिया गया। सड़क दुर्घटना में मृतक को 2 लाख रुपये एवं गंभीर रूप से घायल को 50 हजार रुपये का भुगतान का प्रावधान है ।आम जनों को इस योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया।

## लिंग भेद के खिलाफ कैंडल मार्च और रैली

**बोकारो।** चास नगर निगम के महिला समूह द्वारा आयोजित ष्नई चेतना बदलाव पहल कीष के तहत लिंग समानता यानि लड़का. लड़की एक समान शिक्षा एवं एक समान अधिकार के लिए कैंडल मार्च एवं जागरूकता रैली को अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह एवं कार्यपालक पदाधिकारी छबिबाला बारला ने संयुक्त रुप से रवाना किया ।जागरूकता रैली धर्मशाला मोड़ से आरंभ होते हुए महावीर चौक से होते हुए चंद्रा टॉकीज के पास समाप्त किया गया। रैली में लोगों को लिंग आधारित हिंसा के साथ.साथ घरेलू हिंसाए दहेज की समस्याए पोक्सो व बाल विवाह आदि विषयों के बारे में जागरूक किया गयाए जिससे सामाजिक बुराइयों को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाई जा सके।

## पेज एक का शेष

### चीन से सीधी ...

मांडविया ने यह भी बताया कि एक विशेषज्ञ समिति ने कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए नाक से दिये जाने वाले टीके को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद सुई से लगाये जाने वाले टीके की जरूरत खत्म हो गयी है।

**स्वास्थ्य मंत्री ने बताया पूरा प्लान :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि कई देशों में कोरोना मामलों में वृद्धि को देखते हुए अपने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विदेश से आने वाले यात्रियों का रैंडम टेस्ट शुरू हो गया है। इसे सभी के लिए अनिवार्य करने पर विचार किया जा सकता है। मेट्रो, ऑफिस और फ्लाइट में मास्क अनिवार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई देशों और विश्व स्वास्थ्य संगठन से इस बारे में बात हुई है, क्या सभी सावधानियां बरतने की जरूरत है और महामारी किस दिशा में बढ़ रही है। मांडविया ने यह भी कहा कि सरकार का ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि वायरस का कोई अज्ञात स्वरूप भारत में प्रवेश न कर पाये। साथ ही यात्रा करने में बाधा भी न हो।

**कई राज्यों में आपात बैठक :** बैठक में आठ राज्यों के प्रतिनिधि भी थे। उधर, बंगाल, केरल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारों ने भी कोरोना को लेकर इमरजेंसी मीटिंग की। बंगाल में निगरानी के लिए कमेटी बनाई गई है, जो स्थिति की मॉनिटरिंग करेगी। इसके अलावा केरल में लोगों को अलर्ट जारी किया गया है।

**चीन से लौटा व्यक्ति पॉजिटिव :** इधर,चीन से लौटे गुजरात में भावनगर शहर के एक कारोबारी की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आयी है। सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए गांधीनगर भेजा गया है। युवक के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर उनका भी टेस्ट करवाया जा रहा है।

**मास्क पहनें, बेवजह ट्रैवल न करें और समारोह टालें :** कोरोना को लेकर आशंकाओं के बीच आइएमए ने कहा कि चीन, अमेरिका जैसे देशों के हालात देखते हुए कोई भी लापरवाही बरतना ठीक नहीं है। हमें मास्क लगाना शुरू कर देना चाहिए। बेवजह यात्राएं और समारोह अभी टालने में ही भलाई है।

### 10 साल से...

सुप्रीम कोर्ट ने विभाग को केस रिमांड बैक कर दिया और गाइडलाइन फ्रेम कर ट्रांसपोर्ट विभाग में 10 साल से ज्यादा काम कर रहे हैं कर्मियों को नियमित करने पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार की ओर से फिर से उनके आग्रह को खारिज कर दिया गया और इन्हें वर्ष 2018 में नौकरी से हटा दिया गया। इसे लेकर सभी प्रार्थी ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी। गुरुवार को हाईकोर्ट ने आदेश सुनाया है। कोर्ट ने सभी प्रार्थी की याचिका स्वीकार हुए उनकी सेवा को नियमित करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है।

### हाईकोर्ट ने माना ...

पंकज ने टेलिफोनिक धमकी दी थी, लेकिन पुलिस ने उसके वॉइस रिकॉर्ड की फॉरेंसिक जांच नहीं कराई थी। साथ ही आधे घंटे में 14 गवाहों का बयान लेकर पुलिस ने मामले में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को क्लीन चिट दी थी। प्रार्थी की ओर से आरोप लगाया गया था कि मामले में जांच को प्रभावित करने के लिए इन दोनों को क्लीन चिट दी गई है, प्रार्थी ने इसकी सीबीआई जांच कराने का आग्रह किया है। मामले को लेकर बरहरवा साहिबगंज थाना कांड संख्या 85/2020 दर्ज कराई गई थी। निचली अदालत ने भी मामले में ट्रायल पर रोक लगाई है।

### तीन साल में 14...

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इनमें सबसे बड़ी योजना साहिबगंज में है, जिस पर 40 प्रतिशत का काम पूर्ण हो चुका है। यह योजना 1977 करोड़ की लागत से स्टैंड एलोन पुल परियोजना के नाम से चल रही है। रांची के रातू रोड में बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने संसद को बताया कि 3.5 किलोमीटर की इस परियोजना को जनवरी 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य लिया गया है। वर्तमान समय में यह कार्य प्रगति पर है। केंद्रीय मंत्री ने सदन में जानकारी दी कि जितनी योजनाओं की स्वीकृति झारखंड में प्रदान की गई है, उसमें कई योजनाओं की निविदाएं प्रक्रियाधीन है जबकि कई योजनाएं तकनीकी मूल्यांकन के अधीन है। यह दोनों काम होने के साथ ही बहुत तेज गति से इनका काम शुरू हो जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### आदित्य ठाकरे का नार्को टेस्ट हो : नितेश राणे



**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और दिशा सालियान की मौत का मामला एक बार फिर खुला है। अब इसे लेकर भाजपा नेता नितेश राणे ने मांग की है कि आदित्य ठाकरे का नार्को टेस्ट करवाया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिशा सालियान की मौत का मामला अभी भी मुंबई पुलिस के अधीन है, सीबीआई इस मामले की जांच नहीं कर रही है।

### तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी गोयल निलंबित

**नयी दिल्ली।** आइपीएस अधिकारी और तिहाड़ जेल के पूर्व डीजीपी संदीप गोयल को निलंबित कर दिया गया है। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। संदीप पर ठगी के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि उन्होंने उसे सुरक्षा देने के लिए 12.5 करोड़ रुपये लिए थे।

### महाराष्ट्र : जयंत पाटिल सत्र से निलंबित

**मुंबई।** राकांपा के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल को अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा से शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया।

### नामीबिया से भारत आयेंगे 14 और चीते

**नयी दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री अश्विनी चौबे ने राज्यसभा में कहा कि अगर पांच सालों में बारह से चौदह चीतों को अफ्रीका से स्थानांतरित किया जाएगा। इसके के लिए सरकार ने सरकार ने नामीबिया सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### सेंसेक्स 241 अंक टूटा

**मुंबई।** गुरुवार को सेंसेक्स 241.02 अंकों की गिरावट के साथ 60,826.22 अंकों पर जबकि निफ्टी 71.75 अंक फिसलकर 18,127.35 अंकों पर बंद हुआ।

### जम्मू : गोला-बारूद समेत पांच आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उसने सेना के साथ मिलकर 5 आतंकवादियों को पकड़ा है और उनसे 1 एके राइफल, 2 एके मैगजीन, 119 एके गोला-बारूद, 1 पिस्टल, पिस्टल मैग, 4 पिस्टल राउंड, 6 हैंड ग्रेनेड, 1 आईईडी, 2 डेटोनेटर सहित हथियार और गोला-बारूद जब्त किया है।


## स्वास्थ्य मंत्री ने संसद में कहा, लड़ाई जारी रखने की है जरूरत

# कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन में जारी हंगामे के बीच गुरुवार को देश में कोरोना के हालात पर बयान दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले 3 साल में कोराना के बदलते स्वभाव ने सेहत के लिए खतरा पैदा किया। इसने हर देश को प्रभावित किया। कोरोना से कई देशों पर असर पड़ा है। चीन, जापान में कोरोना से मौतें बढ़ी हैं। केंद्र और राज्य सरकार ने साथ मिलकर 220 करोड़ वैक्सीन लगाकर कीर्तिमान हासिल किया है। जापान, साउथ कोरिया, अमेरिका, फ्रांस जैसे देशों में कोरोना से मौतों की संख्या बढ़ी है। देश में कम हुए कोविड के मामले मांडविया ने कहा कि, पिछले कुछ दिनों से दुनिया में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं लेकिन भारत में मामले कम हो रहे हैं। हम चीन में बढ़ते कोविड मामलों और इससे होने वाली मौतों को देख रहे हैं। 'हम वैश्विक कोविड स्थिति पर नजर रख रहे हैं और उसी के अनुसार कदम उठा रहे हैं। राज्यों को सलाह दी जा रही है कि वो कोविड के नए वेरिएंट की समय पर पहचान करने के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग बढ़ाएं।'

### हम कोविड महामारी से निपटने के लिए प्रतिबद्ध



स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हमने देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर आने वाले यात्रियों की रैंडम आरटी-पीसीआर सैंपलिंग भी शुरू कर दी है। हम महामारी से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उचित कदम उठा रहे हैं। मनसुख मांडविया कहा कि, 'महामारी अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। प्रिकॉशन डोज लगाने के बाद कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। दुश्मन समय-समय पर बदल रहा है। उसके खिलाफ लगातार लड़ाई जारी रखने की जरूरत है।'

**राज्यों को वित्तीय सहायता**

स्वास्थ्य मंत्री ने लोकसभा में कहा कि कोरोना महामारी के प्रबंधन में स्वास्थ्य विभाग काफी सक्रिय रहा है। केंद्र सरकार ने महामारी के खिलाफ लड़ाई में राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। अब तक 220 करोड़ कोविड वैक्सीन की डोज दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि, 'नए साल और त्योहार के मद्देनजर राज्यों को सलाह दी जाती है कि वो एहतियाती खुराक के लिए जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को मास्क पहनने, सेनिटाइजर का इस्तेमाल करने और सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक करें।'

**चीन : सरकारी आंकड़ों में भी नियंत्रण में नहीं मामले**


जीरो कोविड पॉलिसी से बाहर आने के बाद से ही चीन में हालात बिगड़ गए हैं।

कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के ही एक स्वरूप बीएफ.7 ने बीजिंग से लेकर शंघाई तक कहर मचा रखा है। आलम यह है कि कई अस्पतालों में मरीजों की लंबी लाइनें हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन में कोरोना से असल में कितने संक्रमित और कितनी मौतें हो रही हैं, यह पता लगा पाना काफी मुश्किल है, लेकिन अगर सरकारी आंकड़ों पर ही गौर किया जाए तो देश में हालात काफी गंभीर हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जहां सोमवार तक चीन ने कोरोना के केस बढ़ने के साथ मौतों में इजाफे की बात भी कही थी, वहीं अब पिछले दो दिनों (मंगलवार-बुधवार) से पूरे देश में एक भी मौत न होने का रिकॉर्ड दिखाया गया है।

### कोवोवैक्स को बाजार में उतारने के लिए तैयार

नयी दिल्ली। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बूस्टर डोज के तौर पर अपनी कोविड वैक्सीन को बाजार में उतारने के लिए ड्रग रेगुलेटर डीसीजीआई की की मंजूरी मांगी है। सीरम इंस्टीट्यूट ने 18 साल और उससे अधिक उम्र के उन लोगों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में अपने कोविड-19 टीके कोवोवैक्स को बाजार में उतारने के लिए दवा नियामक की मंजूरी मांगी है, जिन्हें कोविशील्ड या कोवैक्सिन की दो खुराक दी गई है। आधिकारिक सूत्रों ने इसके बारे में गुरुवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीरम के सरकारी मामलों के निदेशक ने 17 अक्टूबर को ड्रग्स डीसीजीआइ को कोवोवैक्स की विषम बूस्टर खुराक के लिए एक बाजार प्राधिकरण आवेदन दाखिल किया था। उनके आवेदन पर डीसीजीआइ कार्यालय ने कुछ सवाल खड़े किए थे। जिस पर निदेशक ने जवाब दिया है।

## 'भारत जोड़ो यात्रा' को रोकने के बहाने ढूंढ़ रही सरकार : राहुल



- राहुल ने कहा, 'यह यात्रा कश्मीर जायेगी, अब वे एक नया तरीका लेकर आये हैं। उन्होंने मुझे पत्र लिखा कि कोविड फैल रहा है, यात्रा रोक दो।'

एजेंसी

**नूंह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि सरकार भारत जोड़ो यात्रा को रोकने के लिए बहाने ढूंढ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने कोरोना वायरस के मामलों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे अपील की थी कि यदि कोविड नियमों का पालन नहीं किया जा सकता, तो वह भारत जोड़ो यात्रा को निलंबित करने पर विचार करें। राहुल ने हरियाणा के नूंह जिले के घासेड़ा गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'यह यात्रा कश्मीर जाएगी। अब वे एक नया तरीका लेकर आए हैं। उन्होंने मुझे पत्र लिखा कि कोविड फैल रहा है, यात्रा रोक दो।'

**राहुल ने भाजपा पर साधा निशाना**

राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा ने बुधवार को नूंह से हरियाणा में प्रवेश किया था। उन्होंने कहा कि अब वे यात्रा रोकने का बहाना बना रहे हैं। मास्क लगाओ, यात्रा रोको, कोविड फैल रहा है, ये सब बहाने हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि वह सच्चाई से डरती है। उन्होंने कहा, 'हिंदुस्तान की शक्ति से, हिंदुस्तान की सच्चाई से, ये लोग डर गए हैं, ये सच्चाई है।'

**लाखों लोगों ने हिस्सा लिया**

राहुल गांधी ने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' 100 से अधिक दिनों से जारी है और इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सहित सभी धर्मों के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि इसमें लाखों लोगों ने हिस्सा लिया, लेकिन किसी ने किसी से यह तक नहीं पूछा कि उनका धर्म क्या है, वे कौन सी भाषा बोलते हैं या कौन सी जगह से आए हैं। इस यात्रा में 24 घंटे लोगों ने एक दूसरे का सम्मान किया और एक दूसरे को गले लगाया और प्यार फैलाया।

## भारत व ब्रिटेन के बीच बातचीत का छठा दौर समाप्त

**नयी दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच 16 दिसंबर को यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौता वार्ता के छठे दौर का गुरुवार को समापन किया गया। मुक्त व्यापार समझौता के लिए दोनों देशों के बीच हुई छठे दौर की बातचीत के दौरान 28 अलग-अलग सत्रों में 11 नीतिगत क्षेत्रों पर चर्चा की गई। भारत और ब्रिटेन के बीच आधिकारिक स्तर की वार्ता का सातवां दौर 2023 की शुरूआत में होने वाला है। यह जानकारी ब्रिटेन सरकार के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग की ओर से दी गई है।

## सीमा विवाद के बीच भारत और चीन में 17वें दौर की हुई वार्ता



**नयी दिल्ली।** तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बढ़ गया है। इस बीच भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 17वीं दौर की बैठक 20 दिसंबर को हुई है। कोर कमांडर स्तर की 17वीं दौर की बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 17वीं दौर की बैठक 20 दिसंबर को चुशुल मोल्दो में चीनी पक्ष द्वारा आयोजित हुई थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया और शेष मुद्दों पर जल्द से जल्द काम करने के लिए खुलकर और गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान दोनों पक्ष पश्चिमी क्षेत्र में जमीन पर सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने और सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखने और पारस्परिक रूप से स्वीकृत संकल्प पर काम करने पर सहमत हुए।

## चीन सीमा पर तैनात हुए गरुड़ कमांडो

**लद्दाख।** भारतीय वायुसेना की गरुड़ स्पेशल फोर्स एलएसी पर एके-103 राइफल के साथ मुस्तैद है। गरुड़ स्पेशल फोर्स को मई 2020 से स्पेशल ऑपरेशन के लिए चीन बॉर्डर पर ऊंचाई वाले स्थानों पर तैनात किया गया। एके-103 राइफल एके-47 का अपग्रेड वर्जन है। वायु सेना ने अपनी स्पेशल फोर्स को अमेरिकी सिग सॉयर असॉल्ट राइफल जैसे हथियारों से भी लैस किया है। इनके पास गैलिल स्नाइपर राइफल्स, इजराइली टेवर राइफल और उनके कई वैरिएंट्स के साथ-साथ नेगेव लाइट मशीन गन भी हैं जो 800 से 1000 मीटर की रेंज से दुश्मन सैनिकों को मार गिरा सकती हैं। इसके अलावा एके-103 भी गरुड़ कमांडो को दी गई है।

## 85,000 करोड़ के सैन्य साजो-सामान खरीदेगी सेना



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना को मजबूती देने के मकसद से रक्षा मंत्रालय की रक्षा खरीद परिषद ने 84,328 करोड़ रुपये की सैन्य उपकरण की खरीद को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना के तीनों अंगों और कोस्ट गार्ड के 24 प्रपोजल को मंजूरी दी गई। 'मेक इन इंडिया' के मद्देनजर इन 24 प्रस्तावों में से 21 प्रस्ताव की खरीद स्वदेशी कंपनियों से होगी। इन प्रपोजल में से 6 थलसेना, 6 वायुसेना, 10 नौसेना और दो कोस्ट गार्ड के हैं। सेना के लिए फ्यूचुअरस्टिक इंफेंट्री कॉम्बेट व्हीकल, लाइट टैंक, माउंटेड गन सिस्टम, बैलेस्टिक हैलमेट, नौसेना के लिए एंटी शिप मिसाइल, मल्टी पर्पज वेसेल, वायुसेना के लिए नई रेंज के मिसाइल सिस्टम, लॉग रेंज गाइडेड बम, कोस्ट गार्ड के लिए नेक्स्ट जेनेरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसेल शामिल हैं। सैन्य साजो-सामान की खरीद के लिए मंजूरी ऐसे समय में दी गई है, जबकि चीन के साथ एलएसी पर हालात ठीक नहीं हैं और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार से पाकिस्तान नार्को-टेरर को अंजाम देने की कोशिश में लगा है। दरअसल, भारतीय और चीनी सैनिक के बीच नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में ताजा संघर्ष हुआ, जो जून 2020 में गलवान घाटी में घातक झड़प के बाद इस तरह की पहली बड़ी घटना थी जो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष रहे हैं।

## 'पूरे देश को बिहार बना दें' पीयूष गोयल ने वापस ली संसद में की गयी टिप्पणी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को बिहार पर की गई टिप्पणी को वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि उनका इरादा राज्य या इसके लोगों का अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। वाणिज्य और उद्योग मंत्री और सदन के नेता गोयल ने कहा कि अगर बयान से किसी को ठेस पहुंची है तो वह तुरंत बयान वापस लेते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि शुरूआत में मैं स्पष्ट कर दूं कि बिहार या बिहार के लोगों का अपमान करने का बिल्कुल कोई इरादा नहीं है और अगर इससे किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं तुरंत उस बयान को वापस ले लेता हूं। यह किसी के साथ किसी दुर्भावना से नहीं किया गया था।

## चीन से तनाव के बीच अमेरिका और भारत के सैन्य प्रमुखों के बीच अहम बातचीत

>> दोनों सैन्य नेताओं ने एक दूसरे से क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा माहौल के आकलन साझा किये और द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की

एजेंसी

**वाशिंगटन।** सीमा पर भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मार्क ए माइली और उनके भारतीय समकक्ष भारतीय रक्षा बल के प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने एक दूसरे से कॉल पर बातचीत की। इस दौरान दोनों सैन्य नेताओं ने एक दूसरे से क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा माहौल के आकलन साझा किए और द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। ज्वाइंट स्टाफ के उप प्रवक्ता जोसेफ आर. होलस्टेड ने बुधवार को कॉल के रीडआउट में यह बात कही।

**अमेरिका ने चीन को घेरा और भारत की तारीफ की :** होल्स्टेड ने कहा कि प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका और भारत ने मजबूत सैन्य से सैन्य संबंधों को साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत मुक्त हिंद-प्रशांत को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय नेता है और एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, भारत और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन संपन्न और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य पैंतरेबाजी की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, खुले और संपन्न हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में बात कर रही हैं।

## बेरोजगारी में आ रही है कमी : भूपेंद्र यादव

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि देश में बेरोजगारी में धीरे-धीरे कमी आने लगी है। यादव ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि रोजगार के लिए तीन स्तर पर सर्वेक्षण किया जा है और इन तीनों स्तर पर अब बेरोजगारी दर में धीरे -धीरे कमी आने लगी है। उन्होंने कहा कि संगठित क्षेत्र के लिए ईपीएफओ के आंकड़े लिये जाते हैं जिससे पता चलता है कि अब देश में रोजगार में बढ़ोतरी होने लगी है। इसके साथ ही विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र के कामगार का सर्वेक्षण होता है जिसमें आथित्य, परिवहन, विनिर्माण आदि क्षेत्रों में रोजगार बढ़ने के आंकड़ें सामने आ रहे हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कार्यबल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है और नये श्रम कानून में महिलाओं के वेतन आदि को पुरूषों के समान बनाने पर जोर दिया गया है।

## जैकलीन ने वापस ली याचिका बीमार मां से मिलने नहीं जा सकेंगी

जैकलीन फर्नांडिस ने कुछ दिनों पहले बहरीन जाने के लिए कोर्ट से ट्रैवल करने की इजाजत मांगी थी। अब गुरुवार को जैकलीन ने बहरीन की यात्रा करने की अपनी याचिका को वापस ले लिया है। दरअसल, एक्ट्रेस अपनी बीमार मां से मिलना चाहती हैं, लेकिन कोर्ट का कहना है कि मामला एक महत्वपूर्ण चरण में है इसलिए वह विदेश नहीं जा सकतीं। वहीं ईडी का कहना है कि एक बार एक्ट्रेस विदेश चली गईं तो वह वापस नहीं आएंगी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन दिल्ली के पटियाला कोर्ट में पहुंचीं। इससे पहले सुनवाई के दौरान जैकलीन के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उनकी मां को दिसंबर 2021 में स्ट्रोक आया था और वह बहुत बीमार हैं। कोर्ट ने फिर पूछा कि एक्ट्रेस को वीजा कैसे मिला तो इस पर जैकलीन के वकील ने कहा कि एक्ट्रेस के पैरेंट्स वहां रहते हैं और उनके पास वीजा पहले से था। वहीं कोर्ट ने एक्ट्रेस की याचिका पर आपत्ति जताई और तर्क दिया कि सुनवाई वर्तमान में महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने कहा, 'मुझे पता है कि यह एक इमोशनल मुद्दा है, लेकिन फिलहाल ये केस काफी महत्वपूर्ण चरण में हैं।'



# वर्षांत : चार बीमारियों ने किया खूब परेशान

## कुछ समस्याओं का खतरा अब भी बरकरार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** साल 2022 अपनी समाप्ति की तरफ अग्रसर है। यह साल कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के लिए याद किया जाता रहेगा। सेहत के नजरिए से बात करें तो एक तरफ जहां पिछले तीन साल से जारी कोरोना महामारी की रफ्तार में इस साल कमी देखी गई वहीं कुछ गंभीर और संक्रामक बीमारियों ने लोगों को खूब परेशान किया। महामारी झेल रहे पूरे विश्व में साल 2022 में लाइफस्टाइल से संबंधित कई सुधार जरूर देखे गए। साल की शुरूआत में देश में कोरोना की तीसरी लहर का असर देखने को मिला हालांकि वैक्सीनेशन की बढ़ी रफ्तार और सामाजिक जागरूकता के चलते यह जल्द ही खत्म भी हो गया। कोरोना की पाबंदियों से मिली छूट के बाद लोगों ने जिम-व्यायाम जाना शुरू किया, लेकिन मंकीपॉक्स और टोमैटू फ्लू जैसे संक्रमण हमेशा मन में डर बनाए हुए थे। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी को अपनी सेहत को लेकर सचेत रहने की आवश्यकता है। दिनचर्या और आहार को ठीक रखना सभी के लिए आवश्यक है, यह आपको गंभीर बीमारियों के जोखिम से बचाने में काफी मददगार हो सकती है। साल 2022 में कई स्तर पर चुनौतियां खड़ी करने वाली इन बीमारियों पर एक नजर डालते हैं।

## कोविड की तीसरी लहर की रफ्तार रही हल्की



दिसंबर 2019 में वैश्विक स्तर पर फैली कोरोना महामारी का असर इस साल भी जारी रहा, हालांकि इसकी गंभीरता कम देखी गई। साल की शुरूआत से ही ओमिक्रॉन वैरिएंट काफी प्रभावी रहा, जिसके कारण जनवरी-फरवरी में संक्रमण की तीसरी लहर देखने को मिली, हालांकि संक्रमण के लक्षण और गंभीरता काफी कम रही। तमाम अध्ययनों में कोरोना की गंभीरता को कम करने के लिए तीसरे डोज की आवश्यकताओं पर जोर दिया जा रहा था, इसी को ध्यान में रखते हुए 10 जनवरी 2022 से स्वास्थ्य कर्मियों, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं और 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए वैक्सीन की तीसरी खुराक की शुरूआत की गई। कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट में इस साल कई म्यूटेशन देखे गए। ज्यादातर म्यूटेशन्स को अधिक संक्रामता वाला बताया गया, जो वैक्सीनेशन से शरीर में बनी प्रतिरक्षा को आसानी से चकमा देकर लोगों में संक्रमण का कारण बन सकती है। फिलहाल, कोरोना का खतरा अब भी जारी है।

### कार्डियक अरेस्ट का जोखिम

साल 2022 में जिस समस्या ने सबसे अधिक लोगों को प्रभावित किया वह है- हार्ट अटैक-कार्डियक अरेस्ट का खतरा। इस साल लोगों में सडेन हार्ट अटैक के मामले आश्चर्यजनक रूप से काफी अधिक देखे गए। खतरा कम उम्र के लोगों में भी बरकरार है। शादी-उत्सवों के दौरान हार्ट अटैक, काम करते हुए दिल का दौरा पड़ने के कारण कई लोगों की मौत हुई। यह जोखिम अब भी बना हुआ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी उम्र के लोगों को हृदय स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की जरूरत है। साल 2023 में इस जोखिम को कम करने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है।

### बच्चों में दिखा टोमैटो फ्लू का खतरा

साल 2022 में सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बीमारियों में टोमैटो फ्लू भी शामिल है। जुलाई-अगस्त के महीनों में देश में अचानक से टोमैटो फ्लू संक्रमण के मामलों में तेजी रिपोर्ट की गई। छोटे बच्चों में इस संक्रमण का जोखिम अधिक होता है, जिसमें संक्रमित बच्चों में तेज बुखार, जोड़ों में दर्द के साथ त्वचा पर लाल रंग के फफोले देखे जाते हैं। संक्रामक रोग के कारण अस्पतालों में तेजी से भीड़ बढ़ने लगी हालांकि समय रहते इसके संक्रमण को कंट्रोल कर लिया गया।

**मंकीपॉक्स:** कोरोना के बीच मंकीपॉक्स संक्रमण का खतरा भी इस बार देखने को मिला। आमतौर पर अफ्रीका के जंगली इलाकों में फैलने वाले इस संक्रमण का असर इस साल दुनिया के कई देशों में देखने को मिला। भारत में भी इसके मामले रिपोर्ट किए गए। 14 जुलाई को पहली बार भारत में इस संक्रमण के मामले की पुष्टि केरल में की गई। डब्ल्यूएचओ ने 23 जुलाई को इसे स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। भारत में फिलहाल मंकीपॉक्स को कंट्रोल कर लिया गया है।

## स्पोर्ट्स

### मीरपुर टेस्ट : 227 रन पर सिमटा बांग्लादेश उमेश यादव-अश्विन ने लिये चार-चार विकेट



स्कोर कार्ड
बांग्लादेश - 227
भारत- 19-0

**ढाका।** बांग्लादेश के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 73.5 ओवर में 227 रन पर समेट दिया। मैच में तेज गेंदबाज उमेश यादव और आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चार-चार विकेट चटकाए। वहीं बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। वहीं भारत ने पहले दिन स्टंप्स तक बिना कोई विकेट खोये 19 रन बना लिए हैं और वह बांग्लादेश के स्कोर से 208 रन पीछे है। सलामी बल्लेबाज के एल राहुल तीन और शुभमन गिल 14 रन बनाकर क्रीज पर हैं। कप्तान केएल राहुल को विपक्षी कप्तान शाकिब अल हसन ने दिन के आखिरी ओवर में पगबाधा कर दिया था, लेकिन रिव्यू लेकर वह बच गए। बांग्लादेश की तरफ से नजमुल हुसैन शांतो और जाकिर हुसैन ने पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। तीसरे विकेट के लिए शाकिब और मोमिनुल ने 43 रन की साझेदारी की, लेकिन उमेश यादव ने 16 रन के निजी स्कोर पर शाकिब को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। मुशफिकुर ने 26 और लिटन ने 25 रन की पारी खेली।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran- I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar- I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran- I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran- I | ₹ 60 | | |
| English Grammar- I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran- I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !